राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 173
लखनऊ, सोमवार 23 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान 10

सीएम योगी आज सिंगापुर व जापान की यात्रा पर होंगे रवाना 03

## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में भर्ती

**पुणे।** एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार को रविवार को फिर से अस्पलात में भर्ती कराया गया है। सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। सुप्रिया सुले ने पोस्ट में लिखा कि हम बाबा को आगे की जांच और हाइड्रेशन के लिए पुणे के रूबी हॉल अस्पताल में भर्ती करा रहे हैं। सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का धन्यवाद। इससे पहले 9 फरवरी को शरद पवार को गंभीर खांसी और सांस लेने में तकलीफहोने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ किया समर्पण



**जगदलपुर।** नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को मारी गोली, दोनों की मौत

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्र में पंजाब के गुरदासपुर में बीती रात दो पुलिसकर्मियों के बीच हुई झड़प ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना की पुलिस विभाग में खूब चर्चा हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे थाना दोरांगला क्षेत्र के गांव आदियां में पुलिस के नाके पर अशोक कुमार व गुरनाम सिंह तैनात थे। इसी दौरान दोनों की किसी बात को लेकर बहस हो गई और दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी। अभी तक उनकी मौत के पीछे का सटीक कारण या झड़प की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस इस संबंध में ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है।

### सीएम नीतीश ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को दिया 50 लाख रुपये का पुरस्कार



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में आयोजित समारोह में अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप-2026 की विजेता भारतीय टीम के सदस्य वैभव सूर्यवंशी को 50 लाख रुपये का चेक और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने वैभव सूर्यवंशी को बधाई देते हुए कहा कि अंडर-19 वर्ल्ड कप-2026 में भारत की जीत में बिहार के इस युवा क्रिकेटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि वैभव अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर भारतीय क्रिकेट की नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भारतीय टीम के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करें और देश का नाम रोशन करें।

### बारातियों से भरी बस रोडवेज से भिड़ी, तीन की मौत, कई घायल

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बरेली-मथुरा हाईवे पर उझानी स्थित बांके बिहारी लॉ कॉलेज के सामने बारातियों से भरी एक बस और सामने से आ रही रोडवेज बस की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोडवेज बस चालक समेत करीब 10 लोग घायल हो गए।

# नमो भारत आरआरटीएस व दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित

### मेरठ से मोदी का विपक्ष पर प्रहार, विकास बनाम 'जहरीली राजनीति' का दिया संदेश

**मेरठ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत में आयोजित विश्व के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट को कांग्रेस और उसके इको सिस्टम ने अपनी गंदी और नंगी राजनीति का मंच बना दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए और करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। उन्होंने मेरठ की जनता से पूछा कि क्या उन्हें इस वैश्विक सम्मेलन पर गर्व हुआ। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस आयोजन से गौरवान्वित था लेकिन कांग्रेस ने विदेशी अतिथियों के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, देश जानता है कि आप (कांग्रेस) पहले से ही नंगे हैं, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या थी? यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई ग्लोबल समिट किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश के सम्मान का कार्यक्रम था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत को बदनाम करने में लगी है और देश की उपलब्धियों को पचा नहीं पा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल (आरआरटीएस) सेवा का शुभारंभ किया और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर तथा मेरठ मेट्रो (मेरठ साउथ-मोदीपुरम) को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का उद्घाटन हो रहा है, जो विकसित भारत की आधुनिक कनेक्टिविटी की झलक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही स्टेशन और एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल का संचालन देश में पहली बार हो रहा है। सरायकालेखां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ स्टेशनों पर भारतीय रेल, मेट्रो और बस अड्डों को आपस में जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को शहर के भीतर और दिल्ली तक सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति है कि जिस परियोजना का शिलान्यास किया जाए, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में मेट्रो केवल पांच शहरों तक सीमित थी, आज 25 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक है, जहां ट्रेन ऑपरेटर और स्टेशन कंट्रोल स्टाफ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरठ, हापुड़ और आसपास के क्षेत्र ने चौधरी चरण सिंहजी के विजन को शुरुआती दौर से देखा है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य रहा कि हमें चौधरी चरण सिंहजी को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला। भाजपा की डबल इंजन की सरकार उनके विजन पर चलते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। अब तक यूपी के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 95 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं। मेरठ में 800 करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं।



#### छात्रों व युवाओं से की बातचीत

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के बाकी हिस्से और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन किया। मेट्रो में सफर कर छात्रों, युवाओं से बातचीत की। रैपिड सेवा शुरू होने से मेरठ और दिल्ली के बीच यात्रा का समय काफी कम हो गई है। नमो भारत ट्रेन मोदीपुरम से सराय काले खां तक की 82 किलोमीटर की दूरी 55 मिनट में तय करेगी। इसका किराया 2.60 रुपये प्रतिकिलोमीटर तय किया गया है।

#### देशवासियों को हाई-स्पीड, जाम-मुक्त व प्रदूषण-मुक्त परिवहन सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार

भाजपा सरकार देशवासियों को हाई-स्पीड, जाम-मुक्त और प्रदूषण-मुक्त परिवहन सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व के विकसित देश भारत के साथ व्यापारिक समझौते करने को उत्सुक हैं क्योंकि उन्हें भारत की युवा शक्ति और विकास में अपना भविष्य नजर आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान घोटालों की वजह से दुनिया भारत से समझौते करने में हिचकिचाती थी, जबकि आज भारत 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान देने वाली ताकत के रूप में उभर रहा है।

#### रैपिड रेल व एक्सप्रेस-वे ने मेरठ-दिल्ली की दूरी घटाई, 50 मिनट में सफर संभव : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले तक मेरठ से दिल्ली की 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे तक लग जाते थे और जाम की आशंका से लोग दिल्ली जाने से कतराते थे, लेकिन आज एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और मेट्रो जैसी परियोजनाओं ने इस दूरी को महज 45-50 मिनट में समेट दिया है। सीएम योगी ने कहा कि लगभग 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहे आधुनिक भारत की नई पहचान बताया। मुख्यमंत्री यहां नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से एक शहर को दूसरे शहर से तेज, सुरक्षित और अत्याधुनिक ढंग से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर में नए औद्योगिक संयंत्र की आधारशिला रखी गई है, जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत की प्रगति का प्रतीक है।

# दिल्ली में आतंकी साजिश : बांग्लादेशी नागरिक समेत आठ संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश स्थित चरमपंथी संगठनों के इशारे पर दिल्ली में एक बड़ी आतंकी साजिश रचने के आरोप में आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जाएगा। गिरफ्तार किए गए कुछ व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक बताए जा रहे हैं। इससे पहले इसी मामले से संबंधित कार्रवाई के दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने यह सूचना दी थी कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की साजिश रची है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को यहां लाल किले के पास विस्फोट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया था।

सूत्रों ने बताया कि यह अभियान देश के विभिन्न हिस्सों में विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे एक संदिग्ध मॉड्यूल के बारे में मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद चलाया गया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने संदिग्धों के कब्जे से दर्जनों मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए, जिनकी नेटवर्क के विस्तार और संभावित विदेशी संबंधों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह समूह पाकिस्तान की आईएसआई और बांग्लादेश स्थित कुछ संगठनों से जुड़े लोगों के संपर्क में था। केंद्रीय एजेंसियां जांच में मदद कर रही हैं। खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि लश्कर-ए-तैयबा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकता है। यह कथित योजना आतंकी समूह द्वारा छह फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक मस्जिद में हुए विस्फोट का बदला लेने के प्रयासों से जुड़ी है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी अलर्ट 10 नवंबर, 2025 को ऐतिहासिक लाल किले के पास हुए घातक कार विस्फोट की पृष्ठभूमि में जारी किया गया, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे।





#### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी ढेर



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक दूरदराज के इलाके में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि चटरू बेल्ट में पासरकुट के सामान्य क्षेत्र में ट्रैशी-आई ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादी मारे गए और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें दो एके -47 राइफलें शामिल थीं। सेना ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा के जवानों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ करीबी समन्वय में रविवार सुबह लगभग 11 बजे चुनौतीपूर्ण इलाके में आतंकवादियों को घेर लिया। सेना ने कहा कि सामरिक सटीकता, सहज तालमेल और दृढ़ आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए सैनिक मुठभेड़ स्थल पर हावी हो गए, जिसमें दो आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया। प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक और प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को एक पहाड़ी की तलहटी में एक मिट्टी के घर के अंदर छिपे हुए पाया गया और उन्होंने तलाशी दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## भारत-ब्राजील के बीच डाक क्षेत्र में समझौता



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और ब्राजील ने डाक क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। संचार मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के बीच डाक सेवाओं, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी सेवा वितरण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडरिको डी सिकेरा फिल्हो ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। समझौता ज्ञापन में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, डिजिटल परिवर्तन, सार्वभौमिक सेवा, क्षमता निर्माण, संयुक्त परियोजनाएं, वैश्विक समन्वय और दक्षिण-दक्षिण सहयोग करने का प्रावधान शामिल है। यह समझौता प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा। इसमें स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान होगा और इसे दोनों देशों के कानूनों तथा विनियमों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा। यह रणनीतिक साझेदारी न केवल भारत और ब्राजील के डाक नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी, बल्कि वैश्विक दक्षिण के दो प्रमुख देशों के रूप में उनके बीच आर्थिक और सामाजिक संबंधों को भी प्रगाढ़ करेगी।

## 20 साल पुराना मामला निकालकर शंकराचार्य को अपमानित कर रही सरकार : अखिलेश

### जनता ने वर्तमान सरकार को मन से अस्वीकार कर दिया है और केवल मतदान का इंतजार है



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 20 साल पुराने मामले को निकालकर शंकराचार्य को अपमानित करने की कोशिश कर रही है।

सपा कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस स्तर तक जाकर आरोप लगवाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा अगर शिकायतकर्ता किसी अन्य संत के शिष्य हैं, तो मुझसे गलती हुई कि मैंने पूर्व में दर्ज एक मामला वापस लिया था। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था।

दरअसल, यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश के बाद की गई है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि यह पहली बार हुआ जब किसी शंकराचार्य को माघ मेले में गंगा स्नान से रोका गया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य ठंड के दौरान कई दिनों तक धरने पर बैठे रहे और सरकार ने उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया। यह पूरा घटनाक्रम राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित प्रतीत होता है और सरकार अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। सपा प्रमुख ने भाजपा पर चुनाव से पहले प्रदेश का माहौल खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में मंदिर में मांस फेंकने जैसी घटनाओं की जांच में भाजपा कार्यकर्ताओं की संलिप्तता सामने आई थी और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। अखिलेश यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी और एडिटेड वीडियो प्रसारित कर समाज में तनाव फैलाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार ने गोमती और हिंडन नदियों की सफाई के लिए योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन वर्तमान सरकार विकास कार्यों को आगे नहीं बढ़ा रही। उन्होंने अंडरग्राउंड पाइपलाइन परियोजनाओं को भ्रष्टाचार की पाइपलाइन करार देते हुए कहा कि बुंदेलखंड से लखनऊ तक अनियमितताएं हो रही हैं। इसकी लागत दोगुनी हो गई है। अखिलेश यादव ने महाभारत के पात्र कर्ण का उल्लेख करते हुए सामाजिक न्याय के मुद्दे पर भी टिप्पणी की और सरकार की नीतियों को लेकर आलोचना की। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने वर्तमान सरकार को मन से अस्वीकार कर दिया है और केवल मतदान का इंतजार है।

## टैरिफ का भय दिखाने से डरने की आवश्यकता नहीं : डॉ. भागवत

### स्वदेशी से हो रहा सशक्त भारत का निर्माण



**एजेंसी, देहरादून।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि किसी टैरिफ का भय दिखाने से डरने की आवश्यकता नहीं है बल्कि स्वदेशी को जीवन में अपनाकर ही सशक्त भारत का निर्माण होगा।

डॉ. भागवत रविवार को संघ शताब्दी वर्ष पर गढ़ी कैंट हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर अब तक की तमाम गतिविधियों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने संघ के उद्देश्य, कार्य और भविष्य की गतिविधियों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघ क्या है और क्या करता है, इसकी सही जानकारी समाज के बड़े वर्ग को नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ के बारे में जो धारणा बनाई जाती हैं, वह संघ नहीं है। संघ के वास्तविक कार्य को जानने के लिए संघ को उसके नजदीक जाने पर ही जाना जा सकता है।

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ कोई राजनीति दल भी नहीं है। इतना जरूर है कि संघ कार्यकर्ता राजनीतिक दलों में जाते हैं लेकिन जाने से पहले उन्हें संघ के सारे दायित्वों का त्याग करना पड़ता है। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ कोई अखाड़ा या संगीतशाला नहीं है, बल्कि सुदूर क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाला संगठन है। संघ किसी विशेष परिस्थिति में बना संगठन नहीं, बल्कि सतत चलने वाला कार्य है। यह किसी प्रतिक्रिया या प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं बना है और न ही उसे लोकप्रियता या सत्ता की इच्छा है। भागवत ने कहा कि सुरक्षित और प्रतिष्ठित वही होते हैं, जिनका देश प्रतिष्ठित और बलवान हो। युगांडा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि देश को बड़ा बनाना ही लक्ष्य होना चाहिए। व्यवस्था परिवर्तन के लिए समाज को देशहित में उत्तम कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी जैसे महापुरुषों की आवश्यकता है, लेकिन केवल नाम लेने से नहीं, उनके आदर्शों को जीवन में उतारने से परिवर्तन होगा।

### ट्रंप की टैरिफ नीति पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अमेरिकी प्रमुख बंदरगाहों ने स्थिरता की मांग की

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आयात शुल्क नीति के बड़े हिस्से को उच्चतम न्यायालय के अवैध करार दिए जाने के बाद दक्षिणी कैलिफोर्निया के प्रमुख बंदरगाहों और छोटे व्यवसायों ने व्यापार नीतियों में स्पष्टता और स्थिरता की मांग की है। अदालत ने 6-3 के बहुमत से दिए गए फैसले में अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लागू की गई आयात शुल्क व्यवस्था को गैरकानूनी ठहराया है। इस निर्णय का असर देश के दो सबसे व्यस्त व्यापारिक केंद्रों लॉन्ग बीच बंदरगाह और लॉस एंजिल्स बंदरगाह पर व्यापक रूप से पड़ने की संभावना है। ये दोनों मिलकर अमेरिका का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रवेश द्वार बनाते हैं।

**दावा** | टीकाकरण कार्यक्रमों के कारण जीवित रहने की दर में महत्वपूर्ण सुधार, लेकिन प्रगति असमान

# भारत में एन्सेफेलाइटिस पर दिख रही है प्रगति

**एजेंसी, चेन्नई।**

भारत ने क्लिनिकल देखभाल, विस्तारित टीकाकरण कवरेज और सुदृढ़ निगरानी व्यवस्था की बदौलत पिछले एक दशक में एन्सेफेलाइटिस (मस्तिष्क शोथ) की रोकथाम और प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एन्सेफेलाइटिस इंटरनेशनल (ईआई) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि यह प्रगति असमान रही है। बीमारी की देर से पहचान तथा निदान के कारण अब भी रोकी जा सकने वाली मौतें और दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी अक्षमताएं सामने आ रही हैं। विश्व एन्सेफेलाइटिस दिवस 2026 के अवसर पर ईआई ने एन्सेफेलाइटिस की शीघ्र पहचान पर नये सिरे से जोर देने का आह्वान किया है। यह मस्तिष्क की संभावित घातक सूजन की स्थिति है, जो किसी को भी प्रभावित कर सकती है। यह अक्सर आम बुखार जैसे लक्षणों से शुरू होती है, जिन्हें कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है।

ईआई की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि 2025 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एन्सेफेलाइटिस पर अपना पहला तकनीकी ब्रीफ जारी किया था, जिसमें इसे उभरता वैश्विक स्वास्थ्य खतरा मानते हुए देशों से निगरानी, टीकाकरण रणनीतियों, शीघ्र निदान, उपचार और जन-जागरूकता को मजबूत करने का आग्रह किया गया। इस ब्रीफ से एन्सेफेलाइटिस को वैश्विक और राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंडे में प्रमुखता मिली, जिसमें भारत भी शामिल है, जहां अनुभव प्रगति के साथ-साथ नई चुनौतियों को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय आंकड़ों के अनुसार, एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के रोगियों में मृत्यु दर 2015 में लगभग 12.3 प्रतिशत से घटकर 2022 में करीब 3.9 प्रतिशत रह गयी है, जो स्वास्थ्य प्रणाली की बेहतर प्रतिक्रिया और रोगी प्रबंधन में सुधार को दर्शाता है। ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल उत्तर प्रदेश में 2018 से 2022 के बीच पाए गए जापानी एन्सेफलाइटिस (जेई) मामलों में लगातार गिरावट आई है, जिसका श्रेय मजबूत निगरानी और सरकार समर्थित बाल टीकाकरण कार्यक्रमों को दिया गया है। दूसरी ओर, बच्चों से वयस्कों की ओर जेई मामलों का झुकाव यह दर्शाता है कि बचपन के बाद प्रतिरक्षा में अंतर बना हुआ है और टीकाकरण कवरेज में चुनौतियां बनी हुई हैं। हालिया भारतीय अध्ययनों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि एन्सेफेलाइटिस एक अकेली बीमारी नहीं है। उत्तरी भारत से 2025 में हुए एक संभावित अध्ययन में स्क्रब टायफस को एईएस का प्रमुख कारण पाया गया, जबकि चिकनगुनिया वायरस सबसे आम वायरल कारण के रूप में सामने आया। जैसे-जैसे निगरानी में सुधार हो रहा है और एईएस की परिभाषा व्यापक बन रही है, अन्य गंभीर संक्रामक कारणों का भी तेजी से पता चल रहा है, जिससे एन्सेफेलाइटिस का बोझ और जटिल हो गया है। ईआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एवा ईस्टन ने कहा, डब्ल्यूएचओ के तकनीकी ब्रीफ ने एन्सेफेलाइटिस को वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडे पर लाने में मदद की है। भारत जैसे देशों में बेहतर क्लिनिकल देखभाल और टीकाकरण कार्यक्रमों के कारण जीवित रहने की दर में महत्वपूर्ण सुधार दिख रहा है, लेकिन प्रगति असमान है। बहुत से लोगों को अब भी गंभीर परिणाम झेलने पड़ते हैं क्योंकि एन्सेफेलाइटिस की समय पर पहचान नहीं हो पाती। जागरूकता ही सबसे बड़ी कड़ी है। चेतावनी संकेतों को पहचानना जीवन बचा सकता है।

# तहसीलदार ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

▸ बीएलओ को विनम्रता और निष्पक्षता से कार्य करने के निर्देश दिए



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने रविवार को सआदत इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित नोटिसों की सुनवाई भी की। निरीक्षण के दौरान, तहसीलदार ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को सुनवाई प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बीएलओ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय विनम्रता, धैर्य और मतदाताओं के प्रति सम्मान का व्यवहार रखें। अवस्थी ने बीएलओ को बिना किसी अनुचित दबाव के, निर्भीक और निष्पक्ष रूप से अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि तहसील प्रशासन और निर्वाचन आयोग बीएलओ के साथ पूरी तरह खड़ा है और उन्हें हर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओं ने लखनऊ के आंचलिक विज्ञान केंद्र का किया दौरा

▸ मेट्रो, तारामंडल और 3D का अनुभव कर विज्ञान को समझा





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड कैसरगंज के ब्लॉक संसाधन केंद्र कुंडासर से छात्र-छात्राओं का एक शैक्षिक भ्रमण आंचलिक विज्ञान केंद्र, लखनऊ के लिए आयोजित किया गया। यह भ्रमण खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत किया गया। ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चों के लिए यह एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अनुभव रहा। दो बसों में सवार होकर छात्र-छात्राएं सुबह लखनऊ के लिए रवाना हुए। कई बच्चों ने पहली बार बस यात्रा की, बड़े शहर का अनुभव किया और पहली बार मेट्रो रेल देखी। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विज्ञान की दुनिया को करीब से देखा। उन्होंने 3ष्ठ मूवी का आनंद लिया और तारामंडल में ब्रह्मांड से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। विज्ञान के विविध प्रयोगों और मॉडलों को देखकर बच्चों में उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। भविष्य में भी ऐसे अवसर प्रदान किए जाएंगे। एआरपी डॉ. क्षमा सिंह ने कहा कि बच्चों ने पुस्तकों में पढ़ी गई जानकारियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी हुई। एआरपी रसल रघुवंशी ने बताया कि बच्चों में दिखा उत्साह और चमक इस यात्रा की सफलता का प्रमाण है। इस शैक्षिक यात्रा में मनोज सिंह, सुधीर पटेल, मुकेश शर्मा, आस्था श्रीवास्तव, पूनम गुप्ता, इंद्र मोहन यादव, सुनील सोनी, महेंद्र चौधरी और प्रिया जैन सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## अलाव तापते बुजुर्ग महिला झुलसी, दोनों पैर गंभीर रूप से जले

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के रूपईडीहा इलाके में रविवार की भोर में अलाव ताप रही एक बुजुर्ग महिला आग की चपेट में आने से झुलस गई। उसके पैर बुरी तरह झुलस गए हैं। परिजनों ने उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना रूपईडीहा थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव की है। 60 वर्षीय कैलाश नामक बुजुर्ग महिला अपने घर के आंगन में अलाव ताप रही थी। इसी दौरान अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। जब तक वह खुद को बचा पाती, उसके पैर गंभीर रूप से झुलस चुके थे। परिजनों ने तुरंत महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# आगामी त्योहारों पर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

## अधिकारियों ने शांतिपूर्ण आयोजन व समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें दोनों समुदायों के धर्मगुरु और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. दुर्गा शंकर तिवारी, उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, सीओ पहुंप सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, ईओ नगर पालिका रंग बहादुर सिंह और एडीओ पंचायत राजेश चौधरी सहित कई अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने रमजान और आने वाले होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वर्ष की तरह इस बार भी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने उपस्थित दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में नानपारा देहात के भज्जापुरवा में होलिका दहन स्थल तक सफाई करवाने की मांग बीडीसी अर्जुन ने ब्लॉक से की। वहीं, बबलू सिंह ने होलिका दहन स्थल पर नीचे लटके बिजली के तारों को ठीक करवाने का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अन्य स्थानों पर भी जो भी समस्याएं होंगी, उनका समय से पूर्व निस्तारण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर होली समिति के अध्यक्ष अतुल जायसवाल, मनोज गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा अजय गुप्ता, पंकज जायसवाल, अपना दल के पंकज चौधरी, मोहम्मद अरशद और मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष नदीम चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने की अपील



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील मिहीपुरवा के सुजौली थाने में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी त्योहारों जैसे होली, ईद और रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में थाना क्षेत्र के गांवों के गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान होलिका दहन स्थलों और किसी भी संभावित विवाद से संबंधित जानकारी ली गई। पुलिस ने इन मुद्दों के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, घूरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, केशवराम चौहान, प्रीतम निषाद, शिव कुमार और महिपाल यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक को चार्जर तार जोड़ते समय लगा करंट, बुरी तरह झुलसा

▸ मेडिकल कॉलेज में भर्ती, हालत गंभीर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बलरामपुर निवासी 25 वर्षीय युवक लाल जी को फोन चार्जर का कटा तार जोड़ते समय करंट लग गया। इस घटना में वह बुरी तरह झुलस गया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह घटना रविवार को हुई जब लाल जी अपना फोन चार्ज करने की कोशिश कर रहा था। फोन चार्ज न होने पर उसने देखा कि चार्जर का तार कटा हुआ है। तार को जोड़ने के प्रयास में उसे अचानक बिजली का झटका लगा। करंट लगने से युवक का ऊपरी शरीर बुरी तरह झुलस गया। परिवार के सदस्य उसे तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालांकि, चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में लाल जी का इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### जमीन के विवाद को लेकर हाई कोर्ट के अधिवक्ता की पीट-पीट कर हत्या

पुत्र भतीजा सहित तीन घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सुदाई पुरवा ग्राम में जमीन के विवाद को लेकर हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा उस के पुत्र 36 वर्षीय अनुराग मिश्र भतीजा 19 वर्षीय आकाश। मिश्रा, भतीजा 35 वर्षीय विश्वास मिश्रा के ऊपर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से लैस हो कर हमला कर दिया।जिस में हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान रविवार की दोपहर मृत्यु हो गई। इस घटना से गांव में तनाव व्याप्त हो गया। मौके पर पुलिस अधिकारियों के साथ ही तमाम फोर्स पहुंच गई। अधिवक्ता की हत्या से गांव में हड़कंप मच गया। अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के शव को मेडिकल कालेज के मर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने हमला वारों में से दो लोगो को हिरात में लेकर पूछ ताछ कर रही है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सुदाई पुरवा ग्राम के निवासी अनुराग मिश्र ने बताया कि उस के पिता सुभाष चंद्र मिश्रा और बड़े भाई अभिषेक मिश्र दोनों लोगों हाई कोर्ट में अधिवक्ता है। घर का सारा काम वह देखभाल खुद करता है। उस ने बताया कि उस की 9 बीघा जमीन का विवाद ग्राम के पूर्व प्रधान हरिशरण मिश्र से चल रहा था। जिस का मुकदमा ग्राम न्यायालय कर्नल गंज में चल रहा है। उस विवादित जमीन पर उस का कोर्ट ने आदेश कर दिया था। उस आदेश की कापी कर्नल गंज कोतवाली में उस के पिता सुभाष चंद्र मिश्रा ने दे दिया था और कब्जा लेने के लिए भी कहा था। कोर्ट के आदेश पर जिस जमीन का फैसला हुआ था। उस का कब्जा करने के लिए अधिवक्ता सुभाष चन्द्र मिश्रा पुत्र अनुराग मिश्र और भतीजा आकाश भतीजा विश्वास उस जमीन की जोताई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर गए हुए थे। खेत की जोताई के दौरान ही हरिशरण मिश्र करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को लेकर मौके पर पहुंच गए और जमीन की जोताई करने से मना करने लगे इस पर दोनों पक्षों के लोगों से कहा सुनी होने लगी और जो भयंकर मार पीट में बदल गई। अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की पिटाई करने लगे जिन को बचाने दौड़े पुत्र अनुराग मिश्रा और भतीजा आकाश विश्वास को भी मारा पीटा गया। जिस में चारो घायल लोगों को इलाज के लिए कर्नल गंज सी एस सी पर लाया।अधिवक्ता की हालत खराब होने पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया था। जिस की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। भतीजा विश्वास मिश्र की तहरीर पर हरिशरण मिश्र सहित अन्य लोगों के खिलाफ में तहरीर दी गई है। **काफी दिनों से चल रहा था जमीन का विवाद-** अधिवक्ता सुभाष चन्द्र मिश्रा का 9।बीघा जमीन का विवाद काफी दिनों से गांव के पूर्व प्रधान हरिशरण मिश्र से चल रहा था। जिस का मुकदमा पहले गोंडा न्यायालय में चल रहा था। कर्नल गंज में ग्राम न्यायालय स्थापित होने के बाद इस का मुकदमा वहां पर चल गया था। जिस की डिग्री जल्द ही सुभाष चंद्र मिश्रा के पक्ष में न्यायालय ने कर दिया था।उसी के आदेश के बाद जमीन पर कब्जा करने सुभाष चन्द्र मिश्रा पुत्र अनुराग और भतीजा आकाश विश्वास गाए हुए थे।तभी घटना हो गई।



### आस्था के नए अध्याय के साथ श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर)।** खाकी दास बाबा मंदिर प्रांगण में रविवार को श्री खाटू श्याम मंदिर की स्थापना हेतु विधिवत भूमि पूजन एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धाभाव के वातावरण में संपन्न इस कार्यक्रम में साधु-संतों, नगर के गणमान्य व्यक्तियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था व्यक्त की। भूमि पूजन से पूर्व हवन-यज्ञ किया गया, जिसमें वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच आहुतियां दी गई। श्रद्धालुओं ने ईंट का आचमन कर भावी मंदिर निर्माण में अपनी प्रतीकात्मक सहभागिता दर्ज कराई। तत्पश्चात साधु-संतों की उपस्थिति में ध्वज स्थापना के साथ भूमि पूजन की मुख्य विधि पूर्ण हुई। कार्यक्रम का संचालन एवं पूजा-विधि का विधान पुरोहित दयानंद शास्त्री द्वारा कराया गया। इस अवसर पर विजय श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी सीमा श्रीवास्तव यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अनय अग्रवाल एवं मनीष कसौधन सहयोगी यज्ञमान के रूप में शामिल हुए। आयोजन में आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, राधेश्याम वर्मा, रविन्द्र कुमार कमलापुरी, अशोक कुमार सोनी, श्रवण सोनी, राजन श्रीवास्तव सहित श्री श्याम मित्र मण्डल, श्री तीन बाण धारी मण्डल एवं श्री बाला जी सेवा समिति के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी की बौद्ध प्रांत कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बौद्ध प्रांत कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक आज सफलता पूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर क़ाज़ी इमरान लतीफ जी ने की। बैठक में प्रांत के समस्त पदाधिकारी, सभी जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने, नियमित बैठक प्रणाली लागू करने तथा आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने के विषय पर गंभीर एवं सकारात्मक चर्चा हुई। संगठनात्मक प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रभारियों के प्रभारित जिलों में संभावित परिवर्तन पर भी विचार-विमर्श किया गया। संगठन हित में आवश्यक निर्णय शीघ्र घोषित किए जाएंगे। प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर क़ाज़ी इमरान लतीफ जी ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत संगठन ही राजनीतिक सफलता की आधारशिला है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रियता, अनुशासन और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा तंत्र, पारदर्शी रिपोर्टिंग व्यवस्था और संरचनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बन सके। उपर्युक्त कार्यक्रम का आयोजन अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पण्डित (जिलाध्यक्ष, जनपद गोंडा) की अगुवाई में संपन्न हुआ।

# जनपद के समस्त बूथ लेबल अधिकारियों ने संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियों को प्राप्त किये जाने का कार्य किया



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावा एवं आपत्तियों की प्राप्ति। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 22.02.2026 को जनपद के समस्त 2978 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजित कराया गया, जिसमें बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों उपस्थित रहकर दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की गयी। यह अभियान मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित कराया गया। आयोग का उद्देश्य है कि समस्त अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो जायें एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को दूर कर दिया जाये तथा कोई भी अनर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में विद्यमान न रहें। विशेष अभियान दिवस के दिन जनपद में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों पर भ्रमण करके, बी0एल0ओ0 द्वारा प्राप्त किये गये दावे और आपत्तियों की जानकारी प्राप्त की गयी।

# सर्राफा दुकान से हुई चोरी का किया गया सफल अनावरण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 14.02.2026 को वादी विकास सोनी पुत्र रामकुमार सोनी निवासी कस्बा व थाना वजीरगंज जिला गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज पर लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 13/14.02.2026 की रात में कस्बा वजीरगंज स्थित उनकी दुकान के पीछे लगे लोहे के दरवाजे को गैस कटर से काटकर चोरों द्वारा उनकी दुकान में घुसकर अलमारी तोड़कर सोने, चांदी का सारा सामान चोरी कर लिया है । सुबह दुकान खोलने पर चोरी के संबंध में जानकारी हुई, प्रकरण के संबंध में वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त चोरी की घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा घटना के जल्द से जल्द अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सहित कुल 05 टीमों का गठन किया गया था । आज दिनांक 22.02.2026 को थाना वजीरगंज व एसओजी / सर्विलांस की संयुक्त टीम घटना के सफल अनावरण के क्रम में क्षेत्र में भ्रमणशील थी । इसी दौरान जानकारी मिली कि सर्राफा दुकान से चोरी की घटना कारित करने वाले शातिर चोरों का घटना में संलिप्त 03 शातिर अन्तर्जनपदीय चोरों 1. रामकृपाल चौहान पत्रु ननकऊ चौहान निवासी बबया मौजा रुकनापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच, 2. जगदम्बा चौहान पत्रु लल्ला चौहान निवासी बरजोतपुरवा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा व 3. विवेक कुमार उर्फ बच्चन पुत्र छांगुर चौरसिया निवासी बनघुसरा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये हुए कुल 03 कि0 572 ग्राम सफेद धातु के बने गिरोह एक कार से दुर्जनपुर घाट की तरफ फिर किसी उद्देश्य से घूम रहे हैं । पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर वाहन चेकिंग प्रारम्भ की गई, चेकिंग के दौरान एक सफेद कार से तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी किये हुए कुल 03 कि0 572 ग्राम सफेद धातु के बने हुए विभिन्न आभूषण, पेंच व पीली धातु की 06 अदद अंगूठी, 06 अदद नाक की कील, 02 अदद जोड़ी कान की बाली व रु0 21,450/- नगद, चोरी के उपकरण व चोरी में प्रयुक्त सफेद रंग की कार स्विफ्ट डिजायर बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वजीरगंज विकासखंड मनरेगा में मची लूट



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास वजीरगंज की ग्राम पंचा यत ढोडियापारा, सेहरिया, रसूलपुर,व कादीपुर में केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।ऐसे में इस योजना का ला भ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी को ज्यादा जिम्मे दार बता रहे हैं।जिले के वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट म ची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत सेहरिया,रसूल पुर और कादीपुर में तो प्रधान के रसूख और प द के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है।एक दिन में कहीं 98 तो कहीं 63,तो कही 78,श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंदरबांट की जा रही है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फेरा जा रहा है। सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और सांसद व ब्लॉक प्रमुख का करीबी बताता है,जिससे वह सत्ता की छत्रछाया में अपना दब दबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अ धिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है।यही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई,नाला सफाई व सड़क पर मिट्टी पटाई का कार्य दिखाकर धन की बंदरबांट की जा रही है। हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 98 तो कहीं 63 श्रमिकों की हाजिरी लगा ई जा रही है,जबकि सूत्र बताते हैं कि धरातल प र सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इस का रनामे को अंजाम में सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर, ब्लॉ क प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है,जो कमीशन के चक्क र में अपना ईमान तक बेच देते हैं। फर्जी मस्टर रोल भरकर सरकारी धन की जमकर लूट की जा रही है।प्रधान ने गांव में कागजों में विकास की गंगा बहा दी है। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सेहरिया,रसूलपुर व कादीपुर के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए।गांव वालों का आ रोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लू ट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जि म्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामिल बताए जाते हैं।

इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेराफेरी की जा रही है साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पारदर्शिता के लिए बनाया गया था, अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है। पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं, जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं, जो प्रश्नचिन्ह है।

### ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**उतरौला (बलरामपुर)।** रविवार को उतरौला-बलरामपुर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना ग्राम पुरैनियाजाट के निकट दोपहर लगभग 11 बजे उस समय हुई, जब बलरामपुर की ओर जा रहे एक ई-रिक्शा को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक मुनेजर मिश्रा (65) पुत्र सत्य प्रसाद मिश्रा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के बाघा जोत गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## राम बल यादव इण्टर कॉलेज नया नगर में सम्मान समारोह आयोजित

▸ खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल व ट्राफी देकर किया गया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, नया नगर/ बलरामपुर।** जनपद के रेहरा बाजार विकास खण्ड अन्तर्गत नया नगर बाजार स्थित राम बल यादव इण्टर कॉलेज नया नगर में विगत दिनों आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विभिन्न खेल विजेता टीम के खिलाड़ियों व छात्र-छात्राओं को भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी व प्रमाण पत्र दिया गया। राम बल यादव इण्टर कॉलेज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं काफी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए और विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना रेहरा बाजार के थाना अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम तभी शिक्षा प्राप्त कर सकते है जब हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए छात्र/छात्राओं के खेल का होना बहुत जरूरी है। खेल का आयोजन कर विद्यालय ने एक सराहनीय कार्य किया है। इसी क्रम में सराय खास क्षेत्र जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा ने भी कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति का हर जगह सम्मान होता है।

# सीएम योगी आज सिंगापुर व जापान की यात्रा पर होंगे रवाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सिंगापुर और जापान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह मुख्यमंत्री योगी का पहली विदेश यात्रा होगी। इसे प्रदेश में निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 23-24 फरवरी को सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री 33 ग्लोबल कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।



- छह सौ किमी रफ्तार वाली मैग्लेव में सफर करेंगे सीएम
- पटरी से ऊपर हवा में तैरकर चलने वाली ट्रेन की परीक्षण यात्रा में होंगे शामिल
- भारत-जापान सहयोग से स्मार्ट व सतत परिवहन को मिल सकती है नई दिशा

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे रुबरु होकर प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, इज डूइंग, कानून व्यवस्था और व्यापार की संभावनाओं पर विस्तार से बातचीत करेंगे ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश लाया जा सके। प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश वासियों को संबोधित करने के साथ वहां के स्कूली बच्चों से भी भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर वहां के भारतीयों में खासा उत्साह है।

### मुख्यमंत्री करेंगे हाईस्पीड ट्रेन में यात्रा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का हाईस्पीड ट्रेन विशेष आकर्षण बनने जा रही है। वे जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, के 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 50 किलोमीटर जाना और 50 किलोमीटर की वापसी होगी। जापान की मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यही कारण है कि यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री योगी की इस विदेश यात्रा को उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन ढांचे के विस्तार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जापान की मैग्लेव जैसी भविष्य की तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव, नीति निर्माण और दीर्घकालिक योजना के लिए उपयोगी माना जा रहा है। जापानी विशेषज्ञों की मानें तो इस ट्रेन में सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट और अत्याधुनिक गाइडवे सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो इसे उच्च गति के साथ स्थिरता और सुरक्षा प्रदान करता है। अभी ट्रायल चरण में ही संचालित यह ट्रेन जापान की उच्च तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित करती है।

# एसआईआर : प्रदेश के हर बूथ पर चला विशेष अभियान

एजेंसी, लखनऊ।



- अभियान का उद्देश्य, मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं अद्यतीकरण : रिणवा
- 1.66 करोड़ से अधिक नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों के नोटिसों की सुनवाई पूर्ण

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 एसआईआर के अंतर्गत आज प्रदेश के 1.77 लाख मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस विशेष अभियान दिवस का उद्देश्य दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करना रहा। इसके पूर्व 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को भी तीन अभियान दिवसों का सफल आयोजन किया जा चुका है। प्रदेशभर के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित समय अवधि में उपस्थित रहे और मतदाताओं से आवेदन प्राप्त किए। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रही, जहाँ मतदाताओं को प्रपत्र 6 एवं 8 भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई और नागरिकों द्वारा अपने नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने एवं संशोधन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का भी अभियान में सहयोग प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 3.26 करोड़ मतदाताओं को नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित नोटिस जारी किए जाने के क्रम में अब तक 1.66 करोड़ से अधिक नोटिसों की सुनवाई की जा चुकी है। नोटिस सुनवाई की कार्यवाही में प्रदेश की औसत प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। उन्होंने नोटिस सुनवाई में 70 प्रतिशत से अधिक प्रगति प्राप्त कर चुके 11 जनपदों यथा औरैया, एटा, अम्बेडकरनगर, शामली, फिरोजाबाद, बदायूं, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट, सहारनपुर और मथुरा की सराहना की। नोटिस सुनवाई में 40 प्रतिशत अथवा उससे कम प्रगति वाले 15 जनपदों यथा मऊ, बलरामपुर, ललितपुर, अमेठी, श्रावस्ती, सम्भल, गोण्डा, पीलीभीत, गाजियाबाद, कानपुर देहात, महराजगंज, देवरिया, बहराइच, रायबरेली एवं कौशाम्बी को योजनाबद्ध रूप से सुनवाई के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपील की है कि दावा एवं आपत्ति अवधि की अंतिम तिथि 6 मार्च तक सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए आवेदन ईसीआईएनईटी मोबाइल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### गोधन समागम आज, मंत्री धर्मपाल सिंह बांटेंगे गोकुल व नन्द बाबा पुरस्कार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा कल 23 फरवरी को पूर्वाह्न 10.30 बजे से मार्स सभागार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में गोधन समागम-2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह की गरिमाममई उपस्थिति में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2024 25 के 63 गोकुल एवं 49 नंद बाबा पुरस्कार से चयनित लाभार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निराश्रित गोवंश के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गौशालाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, दुग्ध एवं मत्स्य विकास मुकेश मेश्राम, तथा प्रबंध निदेशक, पीसीडी एफवैभव श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के ने बताया कि गोधन समागम-2026 में गोकुल एवं नन्द बाबा पुरस्कार के चयनित लाभार्थी तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी को गौपालन से सम्बन्धित विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी नस्ल के गौपालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौपालन से सम्बन्धित विषयों पर विचार-विमर्श एवं जानकारी दी जायेगी। एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम सत्र में गोधन प्रदर्शनी,नन्द बाबा व गोकुल पुरस्कार वितरण,दुग्ध उत्पादन की तकनीकों पर प्रस्तुतिकरण,उत्कृष्ट निराश्रित गौ-आश्रय स्थलों व गौशालाओं को सम्मान पत्र तथा डी0बी0टी0 द्वारा पुरस्कार धनराशि का वितरण किया जाएगा।

### रिश्वत नहीं तो दी थर्ड डिग्री, दो दरोगा सस्पेंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस का बर्बर चेहरा सामने आया है। पुलिस ने हाईस्कूल की परीक्षा दे रहे छात्र को पूछताछ के बहाने चौकी में बुलाया, छोड़ने के लिए रिश्वत की मांग की। न देने पर डंडे से मारकर छात्र का हाथ तोड़ दिया,जिसकी वजह से छात्र की परीक्षा छूट गई है।मामला गरमाने पर आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने दो दरोगाओं को सस्पेंड कर दिया है। आगरा में किरावली थाना क्षेत्र की मिढ़ाकुर पुलिस चौकी का मामला है। चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक छात्र की दूसरे छात्र के साथ लड़ाई हो गई थी। बाद में इनके बीच समझौता हो गया था। मिढ़ाकुर चौकी पुलिस को मिली तो चौकी प्रभारी ने छात्र को पूछताछ के लिए चौकी में बुला लिया। आरोप है कि छात्र को थर्ड डिग्री दी गई और छोड़ने के एवज में रुपयों की मांग की गई। छात्र ने रूपये नहीं दिए तो दरोगा ने डंडे मारकर छात्र का हाथ तोड़ दिया। परिजनों ने मेडिकल कराई जिसमे हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। पीड़ित छात्र के मुताबिक उसकी हाईस्कूल की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन हाथ टूटने की वजह से परीक्षा दे पाने में असमर्थ है। उसकी परीक्षा छूटने के साथ ही करियर को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।छात्र के परिजनों ने इस संबंध में आला अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आते ही महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में डीसीपी वेस्ट ने मामले की जांच एसीपी अछनेरा को सौंपी और रिपोर्ट तलब किया।एसीपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर डीसीपी ने दोनों आरोपी दरोगाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक छात्र के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों दरोगाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।

### आईसीएआई लखनऊ के चेयरमैन बने अश्वनी जायसवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंस्टीट्यूट ऑफचार्टर्ड एकाउंटेंट लखनऊ शाखा के चेयरमैन सीए अनुराग पाण्डेय चुने गए हैं। आईसीएआई की प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा कार्यसमिति की बैठक गोमतीनगर, लखनऊ स्थित शाखा में हुई।बैठक में वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। आईसीएआई की ओर से बताया गया कि वाइस चेयरपर्सन के पद पर सीए ऋषभ मिश्रा का चयन किया गया है। सचिव सीए आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीए चारू खन्ना व सिकासा की सभापति चुनी गई हैं। साथ ही पूर्व चेयरमैन सीए अनुराग पांडे सदस्य, सीए प्रियंका गर्ग सदस्य और सीए अंशुल अग्रवाल सदस्य चुने गए।

### नगर विकास मंत्री ने देखी काशी की सफाई व्यवस्था

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रातः काल काशी के शिवपुर, सुषमा नगर कॉलोनी, गिलट बाजार, लक्ष्मणपुर एवं रघुवंशी नगर में कई किलोमीटर तक पैदल चलकर प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था एवं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने गलियों और मुख्य मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में निर्धारित समय पर कचरा उठान किया जाए तथा कहीं भी कूड़े का ढेर दिखाई न दे।स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर सफाई व्यवस्था के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें और डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था का पूर्ण सहयोग करें। स्वच्छ शहर का निर्माण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। श्री शर्मा ने सफाई मित्रों से मुलाकात कर उनके कार्य की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सिगरा क्षेत्र में सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा करते हुए कुछ स्थानों पर शेष रह गए इंटरलॉकिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए निरंतर निरीक्षण एवं जवाबदेही आवश्यक है। श्री शर्मा ने नगर निगम कार्यालय के समीप वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बौद्ध सर्किट लिख रहा पर्यटन विकास का नया अध्याय : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए बौद्ध आस्था और विरासत के केंद्र के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

2025 में प्रदेश ने बौद्ध सर्किट के जरिए दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हुए 82 लाख आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। विशेष रूप से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन के प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आया, जहां विदेशी श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आमद दर्ज की गई। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक बौद्ध आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है।

दुनिया भर के बौद्ध धर्मावलंबी अपनी 'बोधि यात्रा' की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे राज्य में इनबाउंड टूरिज्म में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है।



- इनबाउंड टूरिज्म में बौद्ध सर्किट ने रचा नया कीर्तिमान, 4.40 लाख से अधिक आये विदेशी पर्यटक
- कुशीनगर बना विदेशी पर्यटकों का पसंदीदा स्थल

सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकिसा, कौशांबी और कुशीनगर जैसे भगवान बुद्ध के जीवन और संदेश से जुड़े पवित्र स्थलों के भ्रमण को श्रद्धालु जीवन की पवित्र यात्रा मानते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश के छह पवित्र बौद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वर्ष दर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

2025 में इन स्थलों पर लगभग 82 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वर्ष 2024 में कुल 61 लाख से अधिक पर्यटक राज्य के बौद्ध स्थलों पर पहुंचे, जिनमें 3.50 लाख से अधिक विदेशी आगंतुक थे। वहीं वर्ष 2023 में करीब 47 लाख पर्यटकों ने प्रदेश के बौद्ध सर्किट का भ्रमण किया, जिनमें 2.50 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। 2022 में 22.40 लाख से अधिक पर्यटक बौद्ध स्थलों पर आए, जिनमें 48 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक थे।

केंद्रीय बजट 2026-27 में भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ को देश के 15 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्थलों में शामिल कर एक एक्सपेरिमेंटल कल्चर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का ऐलान किया गया है। अगस्त माह में 200 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश आएगा। सारनाथ और कुशीनगर में जापानी बौद्ध संस्थानों का होना भारत जापान के बीच दशकों से चले आ रहे आध्यात्मिक संबंधों का प्रमाण है।

### बहुआयामी रणनीति दे रही ठोस परिणाम

पर्यटन विभाग द्वारा इनबाउंड पर्यटन को गति देने के लिए अपनाई गई बहुआयामी रणनीति अब ठोस परिणाम देने लगी है। इसी प्रयास का असर है कि प्रदेश के बौद्ध सर्किट, विशेषकर भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर, विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरी है। 2025 में 2.90 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आगमन ऐतिहासिक स्थल पर दर्ज किया गया, जो बीते वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। 2024 में 2.51 लाख, 2023 में 2.14 लाख तथा 2022 में 41 हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों ने कुशीनगर की पवित्र धरती पर पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

# गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊ लोगों से सावधान रहें कार्यकर्ता : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि वे गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। मायावती ने पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा, बहुजन समाज के उत्थान के बजाय, अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए कार्य करने वाले गुलाम मानसिकता व बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। ऐसे लोग बसपा के कारण ही आगे बढ़े। वे जब बसपा के नहीं हुये तो वे समाज के सच्चे हितैषी कैसे हो सकते हैं? ऐसे लोगों तथा उन्हें शरण देने वाली पार्टियों से भी अति सावधानी जरूरी है।

माना जा रहा है कि मायावती का यह परोक्ष निशाना कभी सबसे करीबी सहयोगी रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी पर था जो हाल में ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं। मायावती ने बैठक में विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों की सरकारों की गरीब, किसान और बहुजन विरोधी, संकीर्ण, शोषणकारी और द्वेष पूर्ण नीतियों और भ्रष्ट क्रियाकलापों तथा कथनी एवं करनी में अंतर के कारण वे अपनी विश्वसनीयता तेजी से खो रहे हैं, लिहाजा बसपा से जनता की



उम्मीदें बढ़ गई हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी जैसे-जैसे और जहां-जहां मजबूत होती जाएगी, विरोधियों के षडयंत्र भी लगातार बढ़ते जाएंगे, जिसका डट कर सामना करते हुये कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ते रहना है और अपने पैरों पर खड़ा होने के लिये सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करना है।

मायावती ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर देश में उभरी चिन्ताओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई देशों द्वारा अपने आपको फर्स्ट बनाने हेतु जो गला काट प्रतिस्पर्धा जारी है उसने शोषणकारी विश्व व्यवस्था को और गहरे संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा, ऐसे में भारत सरकार के सामने खासकर देश के किसानों सहित बहुजनों के हित व भविष्य को सुरक्षित रखने की बड़ी चुनौती है।

भारत ने अपनी शर्तों के आधार पर व्यापार समझौते किये हैं, यह केवल सरकारी दावा नहीं बल्कि हकीकत हो तो यह बेहतर।

# नगर निगम का 46 अरब 92 करोड़ 71 लाख 23 हजार बजट पेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम लखनऊ ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 46 अरब 92 करोड़ 71 लाख 23 हजार रुपये का मूल बजट पेश कर दिया। नगर निगम मुख्यालय में हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बजट प्रस्तुत किया। राहत की बात यह रही कि बजट में किसी नए कर या पुराने करों में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

महापौर ने कहा कि बजट शहर के समग्र विकास, बेहतर सफाई व्यवस्था और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दृष्टि से तैयार किया गया है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए करीब 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं। निगम का दावा है कि इससे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण में सुधार होगा। वहीं नालों की सफाई के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सड़क और पुराने भुगतान सड़क निर्माण व मरम्मत के लिए 271 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। पुराने कार्यों के भुगतान के लिए 405 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जिससे लंबित देनदारियों का निस्तारण किया जाएगा। पार्कों के अनुरक्षण के लिए 42 करोड़, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए 28.50 करोड़ और भवन निर्माण व मरम्मत के लिए 39 करोड़ रुपये का प्रावधान है। अहाना एनक्लेव योजना के लिए 40 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

शहर के सभी 110 वार्डों में मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। किराया 5,000 से घटाकर 3,000 रुपये किया गया है। महापौर ने एक सप्ताह में अवैध होर्डिंग हटाने और बकाया लाइसेंस शुल्क की वसूली के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के आठ विद्यालयों का कायाकल्प, 40 नए आंगनबाड़ी केंद्र और एक आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। अप्रैल से जून तक ऑनलाइन भुगतान पर अधिकतम 10 प्रतिशत और ऑफलाइन पर 8 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने पर भी 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।



- नए कर का बोझ नहीं, 110 वार्डों में मॉडल वेंडिंग जोन और गृहकर पर 10 प्रतिशत छूट का ऐलान

### आय-व्यय का खाका

वर्ष 2026-27 के लिए कुल अनुमानित आय 3,29,335 लाख रुपये और व्यय 3,29,293.25 लाख रुपये प्रस्तावित है। राजस्व मद में गृहकर, जलकर, विज्ञापन व लाइसेंस शुल्क से 2,27,835 लाख रुपये आय का अनुमान है। पूंजी मद में केंद्र व राज्य योजनाओं के तहत 98,100 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

# संजय दत्त ने पर्यावरण प्रेमियों को किया सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में रविवार को मुंबई से संजू बाबा (संजय दत्त) पहुंचे। उन्होंने लखनऊ के युवाओं से कहा ओए मामू, बात सुन। जितने भी मामू यहां खड़े हैं न? सब बात सुनने का। जिंदगी में दो काम करने का। एक- पौधा लगाने का, दूसरा-पानी बचाने का। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वाट लगाने का। एक्टर संजय दत्त ने सरोजनी नगर विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह के बुलावे पर लखनऊ पहुंचे हैं। यहां उन्होंने पर्यावरण प्रेमियों को सम्मानित किया।

आशियान के बंगला बाजार में



इसके लिए नेट जीरो कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के लिए संजय दत्त ने 1 किलोमीटर का रोड शो किया। रोड के शो के लिए संजय दत्त जैसे ही खुली जीप पर सवार हुए तो फैंस बेकाबू हो गए। उन्हें संभालने के लिए पुलिस का पसीना छूट गया।

सड़क किनारे घरों की छतों से भी फैंस ने गुलाब बरसाए। संजय दत्त ने हाथ हिलाकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। संजय दत्त ने 21 फरवरी को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह के साथ की तस्वीर शेयर की थी। उसके साथ लिखा था- सरोजनीनगर में राजेश्वर भैया के साथ एक विशेष पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के लिए अपने पसंदीदा शहर लखनऊ में आकर मुझे बहुत खुशी होगी। लखनऊ और यहां के अद्भुत लोगों ने हमेशा मुझे अपार प्रेम और स्नेह दिया है। यह रिश्ता मेरे दिल के बेहद करीब है। कल आप सभी से मिलने का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

### यूपी के युवाओं के लिए खुशखबरी, लेखपाल पदों पर निकली बंपर भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में लेखपाल की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। उत्तर प्रदेश चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल के पदों पर बंपर भर्ती निकाली हैं। जिसमें 7994 पदों पर आवेदन शुरू हो गए हैं, जो कि मार्च के पहले सप्ताह तक चलेंगे। लेखपाल के पद पर भर्ती होने के बाद लेवल -3 की सैलरी 21,700 से लेकर 69,100 तक हैं। लेखपाल पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी के पास उत्तर प्रदेश प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (यूपी पीईटी) का वैलिड स्कोरकार्ड हो। अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त बोर्डध् संस्थान से इंटरमीडिएट या इसके समकक्ष योग्यता हासिल की हो। न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 40 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में छूट दी गई है। इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने के साथ सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को फीस के रूप में मात्र 25 रुपये का भुगतान करना होगा। शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जा सकता है। लेखपाल पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार स्वयं ही फॉर्म भर सकते हैं।

**सराहनीय** — यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार व निर्यात को नई रफ्तार

# प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का प्रमुख निर्यातक राज्य बना यूपी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग इस क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत 3.50 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित एवं क्रियाशील हैं, जबकि संगठित क्षेत्र में 80,000 से अधिक इकाइयाँ कार्यरत हैं। 3000 से अधिक इकाइयों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। यह क्षेत्र 2.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जनपद में 1000 नई इकाइयाँ स्थापित कर 75,000 अतिरिक्त इकाइयों की स्थापना करना है, जिससे कुल संख्या को लगभग 1.40 लाख तक पहुंचाया जा सके।

राज्य में 15 एग्रो-फूड प्रोसेसिंग पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में निजी निवेश के माध्यम से बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं, जिनमें नेशले, हल्दीराम, पारले प्रोडक्ट और मदर



डेयरी प्रमुख हैं। हल्दी, आम, आँवला, मिर्च, नमकीन एवं दुग्ध प्रसंस्करण पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का प्रमुख निर्यातक राज्य बनकर उभर रहा है।

नीति के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु 35 प्रतिशत का प्रावधान है। मूल्य वर्धन एवं कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्लांट एवं मशीनरी पर 35 प्रतिशत तथा फ्रीजिंग सुविधा पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना पर महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत तथा पुरुष उद्यमियों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। निर्यात हेतु परिवहन लागत पर 25 प्रतिशत सब्सिडी, रेफर वैन मोबाइल यूनिट के लिए 5 वर्ष तक ब्याज सब्सिडी कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर पर 35 प्रतिशत तथा फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर पर 35 प्रतिशत की सहायता दी जा रही है। भूमि एवं शुल्क संबंधी प्रोत्साहनों में 12.5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि क्रय की अनुमति, भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, बाह्य विकास शुल्क में 75 प्रतिशत छूट तथा स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। एकल एकीकृत बाजार व्यवस्था के अंतर्गत मंडी शुल्क एवं उपकर में छूट प्रदान की जा रही है।उद्यमी सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पारदर्शी एवं समयबद्ध स्वीकृति प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा किसानों, उद्यमियों और युवाओं को सशक्त बनाना ही इस नीति का मूल उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 राज्य को आत्मनिर्भर, रोजगारयुक्त और निर्यातोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है।

# रक्तदान शिविर 26 फरवरी को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में गुरुवार 26 फरवरी 2026 को लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन होना है। जिसको मार्ग दर्शन देने एवं संचालित करने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से विशेषज्ञों की टीम आएगी। शिविर में रक्तदान करने के लिए लगभग 60 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया।

स्तोगी समाज के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव रस्तोगी एवं समाज के महामंत्री प्रदीप रस्तोगी ने बताया कि शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय हरिशचन्द्र वंशीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी करेंगे। संस्था ने लोगो से अपील की है कि 26 फरवरी को रक्तदान कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रमाण पत्र की सहायता से आवश्यकता पड़ने पर केजीएमयू से उसके बदले निशुल्क रक्त प्राप्त किया जा सकता है।


## कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय

**(सम्बद्धः माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)**

**उत्तम नगर, बड़नापुर (तजवापुर) - बहराइच (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान,जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-07 पद।

**स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में (भूगोल, चित्रकला)।**

**योग्यता एवं वेतनमानः** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय-प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी**

**मो.नं.-9415442258**

# लाट साहब जुलूस को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, ढकने लगे धार्मिक स्थल

▸ शासन से जुलूस की तैयारियों की जा रही मानीटरिंग, अधिकारी अलर्ट

प्रभाकर मिश्रा




**शाहजहांपुर।** जनपद में होली के अवसर पर निकलने वाले ऐतिहासिक लाट साहब के अनोखे जुलूस की तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही हैं। यह परंपरा लगभग 300 साल पुरानी है, जिसमें एक व्यक्ति को भैंसा गाड़ी पर बैठाकर,पूरे शहर में जूते-चप्पलों से मारते हुए घुमाया जाता है, बताया जाता है कि यह जुलूस 1857 के ब्रिटिश अत्याचारों के विरोध का प्रतीक है। जुलूस के लिए शहर में कड़ी सुरक्षा और प्रशासन की विशेष तैयारी की जा रही है। खुद इसकी मानीटरिंग प्रदेश स्तर से की जाती है। आईजी, डीआईजी द्वारा भी शहर में निकलने वाले जुलूस के लिए सड़कों पर भ्रमण कर तैयारियों का स्थलीय अवलोकन किया गया है। साथ ही पुलिस लाइन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर भी रणनीति तैयार की गई है। जुलूस आयोजकों के साथ भी संवाद स्थापित कर सुझावों को मांगा गया है।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर नगर निगम प्रशासन, बिजली विभाग, पुलिस विभाग द्वारा जुलूस की तैयारियों को युध्दस्तर पर कराया जा रहा है। जुलूस रूटों को दुरस्त करने के लिए मरम्मत कार्य, पैचवर्क निगम, पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है। वही रूटों पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों व ट्रांसफार्मर ढ़कने के लिए भी कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमें 50 फीसदी से ज्यादा कार्य किया जा रहा है। एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा भी निरंतर जुलूस की तैयारियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को पिकेट ड्यूटी, रूटचार्ट के हिसाब के पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। बाहर से आने वाली फोर्स के लिए भी पत्राचार किया गया है। जुलूस की लाइव मानीटरिंग के लिए भी जुलूस रूटों पर जगह जगह सीसीटीवी कैमरों को लगाया जा रहा है। जिला प्रशासन किसी तरह की कमी नहीं रखना चाहता है, इसके लिए खुद उच्चाधिकारियों द्वारा रोजाना बैठकों, भ्रमण का क्रम जारी है।

> छोटे व बड़े लाट साहब जुलूस रूटों पर दुरस्त कराया जा रहा है। सभी धार्मिक स्थलों व ट्रांसफार्मर ढ़कने के लिए भी निविदा निकालवाकर कार्य शुरू करा दिया गया है। किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए आईटीएमएस के कैमरों से भी जुलूस की निगरानी कराई जाएगी। निगम अधिकारियों को जोनवार ड्यूटी लगाई गई है। रूटों को लेकर खुद भ्रमणशील रहकर दिक्कतों को दूर किया जा रहा है।
>
> –डा. बिपिन कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त

**फैक्ट फाइल**

- बड़े लाट साहब जुलूस रूट में 98 स्थानों पर बेरीकेट्सलाट साहब छोटे।
- लाट जुलूस रूट में 34 स्थानों पर बेरीकेट्स।
- बड़े लाट साहब जुलूस रूट में 72 स्थानों पर धार्मिक स्थलों को ढ़का जाएगा
- छोटे लाट साहब जुलूस रूट में 20 स्थानों पर धार्मिक स्थलों को ढ़का जाएगा।
- बड़े लाट साहब जुलूस रूट में 13 स्थानों पर ट्रांसफार्मर ढ़के जाएगे।
- छोटे लाट साहब जुलूस रूट में 8 स्थानों पर ट्रांसफार्मर ढ़के जाएगे।
- लगभग दो लाख रुपए से बड़े लाट साहब जुलूस रूट पर पैचवर्क किया जा रहा है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में दो परिवारों की गृहस्थी जलकर राख

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुआंडांडा खंजन में देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। आग की इस घटना में सुंदरलाल और राजपाल के घर की झोपड़ी तथा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग अचानक भड़क उठी और देखते ही देखते झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। घटना से दोनों परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान द्वारा स्थानीय प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। तहसीलदार दीपेन्द्र कुमार से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि की जानकारी प्राप्त हुई है लेखपाल को रिपोर्ट देने के लिए कहा दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद उचित मुआवजा दिलवाने की कोशिश करुंगा।

# जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस

▸ जबरन खेत जोतने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र खुटार के गांव प्रीतमपुर में जमीनी विवाद को लेकर काफी तनातनी चल रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही दो पक्षों में जमीन को लेकर लगभग 9 सालों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। जिसका मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित सुरेंद्र कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल का आरोप है कि एक पक्ष के द्वारा माननीय न्यायालय से अस्थाई आदेश को लाकर जबरन खेत जोतने का प्रयास किया जा रहा था। इससे पूर्व में भी यह पक्ष जबरन खेत जोतने का प्रयास कर चुका है। पीड़ित ने बताया कि रविवार दोपहर के समय विपक्षी लोगों के द्वारा एकत्रित होकर जबरन खेत जोतने के लिए आए जिस पर पीड़ित के द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा पीड़ित पक्ष के ही बुजुर्ग रामेश्वर दयाल को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने में बिठा दिया आरोप है कि पीछे से पहुंची थाना खुटार पुलिस के द्वारा जमीन की जुताई को रुकवा कर स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए विपक्षी के व्यक्ति को पकड़ कर छोड़ दिया गया ब विपक्षियों से एकत्रित लाठी डंडों को भी पुलिस ने वहीं पर छोड़ दिया ब पीड़ित पक्ष दो व्यक्तियों को जबरन गाड़ी में बिठा कर थाने ले आए पीड़ित पक्ष के सुरेंद्र कुमार के द्वारा उच्च अधिकारियों को सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई गई। प्रवीण मलिक क्षेत्राधिकारी पुवायां ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है जानकारी की जा रही है।

# अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का वित्त मंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कटरा क्षेत्र के इंद्रपुर गांव के समीप जलालाबाद रोड पर नवनिर्मित 'अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज' का रविवार को वैदिक रीति-रिवाज के साथ उद्घाटन किया गया। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के बाद कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, किसान एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कोल्ड स्टोरेज शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण सागर की पहल पर स्थापित किया गया है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना से किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अक्सर भंडारण के अभाव में किसानों को कम दाम पर फसल बेचनी पड़ती है, लेकिन इस आधुनिक कोल्ड स्टोरेज के शुरू होने से उन्हें उचित समय पर बेहतर मूल्य मिल सकेगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे उद्योग न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती देंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। सांसद अरुण सागर ने अपने संबोधन में कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में कृषि एवं व्यापार को बढ़ावा देना है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज' क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से युक्त इस स्टोरेज में विभिन्न कृषि उत्पादों का सुरक्षित संरक्षण किया जा सकेगा।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक वीर विक्रम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान हवन-पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों ने कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खबरें एक नजर में

### खुदागंज क्रिकेट क्लब के बीच बहुत ही रोमांचक मैच



**शाहजहांपुर।** अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग–2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रविवार 22 फरवरी 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा शाहजहांपुर में तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मैच प्रातः 8 बजे जीआईसी क्रिकेट क्लब एवं खुदागंज क्रिकेट क्लब के बीच बहुत ही रोमांचक मैच खेला गया इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआईसी क्रिकेट क्लब ने 124 रन बनाए जिसके जवाब में खुदागंज क्रिकेट क्लब ने 8 गेंद शेष रहते 4 विकेट से जीत हासिल की, इस मैच के प्लेयर आफ द मैच डॉ इजहार अली रहे जिन्होंने 39 गेंदो पर 75 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरा मैच प्रातः 11 बजे से केवी वॉरियर्स एवं रॉयल चैलेंजर कलान के बीच खेला गया रॉयल चैलेंजर्स ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए के वी वॉरियर्स को 77 रनों पर ऑल आउट कर दिया तथा जवाब में 10वें ओवर में जीत के लिए आवश्यक रन मात्र 1 विकेट खोकर बना लिए और मैच 9 विकेट से जीत लिया इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच रॉयल चैलेंजर कलान के सौरव गुप्ता रहे जिन्होंने 18 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट लिए। तीसरा मैच दोपहर 2 बजे से कटरा किंग्स एवं माध्यमिक स्टार्स के मध्य खेला गया जिसमें माध्यमिक स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 108 रन 8 विकेट खोकर बनाएं इसके जवाब में उतरी कटरा सुपर किंग ने 13वें ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया और 6 विकेट से मैच को जीत लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच दिव्यांश सिंह रहे जिन्होंने 28 गेंदो में शानदार 44 रन बनाए। सभी विजेताओं को अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### चारा काटने के दौरान मधुमक्खियां के हमले से दो लोग हुए घायल, एक की हालत गंभीर



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम गुरुगांव के दो ग्रामीण व्यक्ति क्षेत्र के गांव रामापुर की घनी बगिया के पास चारा काट रहे थे। तभी अचानक विकास यादव पर मधुमक्खियां ने हमला कर दिया अचानक हुए हमले से विकास यादव चारे के खेत में गिर पड़ा और चीख पुकार मचाने लगा इस दौरान पास में ही चारा काट रहे जंगपाल ने बचाने का प्रयास किया तो उनके ऊपर भी मधुमक्खियां ने हमला कर दिया जिससे वह भी घायल हो गया और वहां से गांव की तरफ भाग कर अपनी जान बचाई ग्रामीण लोगों को बताया तभी गांव के कई व्यक्ति धुआ करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और आग जलाकर धुआं किया उसके बाद विकास यादव को कपड़ा डालकर बचाया उसके बाद आनन फनन में उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में नौ लोग नामजद, दोनों ओर से सात घायल

**मिर्जापुर –शाहजहापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गौंटिया (वानगांव) में साझे के खेत से आलू खोदने के लिए ट्रेक्टर और आलू खोदने की मशीन निकालने को लेकर अमरपाल पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीरों पर रिपोर्ट दर्ज घायलों को सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) भेजा है। एक पक्ष के अमरपाल पुत्र श्रीराम पुत्र रामलाल ने मिर्जापुर थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 21 फरवरी को समय सुबह लगभग आठ बजे वह साझे के खेत से आलू खोदने के लिए ट्रैक्टर व आलू खोदने की मशीन को निकाली। तभी बटेश्वर अपने पुत्रों राजकुमार,सुनील,अनिल और अमित के साथ आकर गाली गलौज करने लगे। गालियां देने से मना करने पर उक्त सभी लोग उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। हमलावरों ने बचाने आए मंजेश, आदेश, पिंकी,रजनेश को भी लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे सभी लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष के बटेश्वर पुत्र रामलाल ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 21फरवरी को सुबह लगभग आठ बजे उसके सरसों की खड़ी फसल के बीच से अमरपाल ने ट्रैक्टर व मशीन निकाली। जिससे सरसों की फसल बर्बाद हो गई। तभी मैंने कहा कि खेत में खड़ी सरसों की फसल में ट्रैक्टर क्यों निकाला। तभी अमरपाल ने अपने पुत्रों रजनेश, आदेश, मजेश उसे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। गालियों का विरोध करने पर उपरोक्त सभी लोग मुझे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। शोर सुनकर बचाने आए अजय, नक्षत्रपाल, अनिल को भी हमलावरों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे हम सभी लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल भी गायब हो गया। आरोपी जानसे मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के शाहजहांपुर आगमन पर युवा कांग्रेस ने किया स्वागत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आगमन पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने उनका पुष्प गुच्छ और भगवान परशुरामजी का प्रतीकात्मक फरसा देकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अजय राय ने युवा कांग्रेस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा भगवान परशुराम जी का फरसा देकर स्वागत करना न केवल सांस्कृतिक सम्मान है, बल्कि पार्टी को जिले में नई धार और ऊर्जा प्रदान करने का प्रतीकात्मक संदेश भी है। युवा शक्ति ही कांग्रेस की असली ताकत है, और यह स्वागत दिखाता है कि हम जनता के बीच मजबूती से खड़े हैं। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि युवा कांग्रेस देश में एकता और उन्नति में अटूट विश्वास रखती है।हम इसी दिशा में मजबूती से कार्य कर रहे हैं और पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के शाहजहाँपुर आगमन से युवाओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। यह जोश जल्द ही जनपद में मजबूती से नजर आएगा। युवा कांग्रेस भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष कर रही है और जनता के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी।इस अवसर पर उनके साथ सीतापुर के सांसद राकेश राठौर,जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना, अल्पसंख्यक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खान, पवन सिंह, गौरव त्रिपाठी, सोभित मिश्रा, शास्वत मिश्रा, प्रत्यूष मिश्रा,अनस अंसारी, नितिन तिवारी, शिवांश मिश्रा एड, जितेंद्र पाल, सुधांशु मिश्रा, फरमान खान, सौरभ आदि कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नगर आगमन पर हुआ स्वागत

भाजपा की नीतियों से ऊब चुकी है जनता – अजय



**तिलहर-शाहजहांपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री राय ने अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। रविवार को शाहजहांपुर से बदायूं जा रहे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय यहां बिरियागंज स्थित अंबेडकर चौक पर पहुंचे। जहां उनकी प्रतीक्षा में तत्पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से अब जनता उबने लगी है। ऐसी स्थिति में 2027 में उनका जान तय है । इस लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों का मनोयोग से जुटकर प्रचार प्रसार करें। तदोपरांत प्रदेश अध्यक्ष गंतव्य को समर्थकों के साथ रवाना हो गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, रामजी अवस्थी, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद दानिश शेख, डॉ जाने आलम, चांद अंसारी, वसीम मंसूरी, रहमान, जितेंद्र कुमार, अब्दुल करीम समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

# किशोरी से दुराचार कर बनाई गई बीडीओ वायरल मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं

▸ महीने भर से पीड़ित पिता लगा रहा कोतवाली पुलिस के चक्कर

**तिलहर – शाहजहांपुर।** विगत माह एक किशोरी के साथ सजातीय युवक द्वारा दुराचार कर उसकी वीडियो वायरल किए जाने के मामले में पीड़ित पिता लगातार कोतवाली पुलिस के चक्कर लगा रहा है। लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय आईजीआरएस के जवाब में संतुष्टि जाहिर करने का दबाव बनाए जाने का पीड़ित ने आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति के पड़ोस में जनपद कासगंज के कस्बा सोरों की एक लड़की ब्याही है। जिसका भाई अक्सर अपनी वहां के यहां आया जाया करता था। इसी दौरान युवक ने वहन के पड़ोस की एक किशोरी को बहला फुसला कर उससे नजदीकियां बढ़ा ली और उससे दुराचार कर उसकी वीडियो भी बना ली। जब युवक से शादी के लिए कहा गया तो उसने शादी करने के बजाय सोरों से किशोरी की अश्लील वीडियो वायरल कर दी। रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने उच्चाधिकारियों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। बाबजूद इसके रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। पीड़ित पिता ने इस बाबत आईजीआरएस डाल दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसकी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उस पर आइजीआरएस में जवाब भेजे जाने में उसकी संतुष्टि व्यक्त करने का पुलिस दबाव बना रही है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# स्वदेशी उत्पादों की धूम, सेवा भारती के वार्षिकोत्सव में आत्मनिर्भरता का संदेश

▸ दीप प्रज्ज्वलन संग हुआ शुभारंभ, स्वदेशी स्टॉल पर उमड़ी भीड़

▸ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को मिली नई दिशा

**शाहजहाँपुर।** समाजोत्थान और सेवा-संस्कार की प्रेरक मिसाल पेश करते हुए सेवा भारती ब्रज प्रान्त महानगर शाहजीपुर का वार्षिकोत्सव बिसरात रोड स्थित परशुराम धाम में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार सपत्नीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संरक्षक सोनिया राठौर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के सेवा कार्यों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण समूहों की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष सीमा वाजपेयी ने प्रभावी व संयत शैली में किया। उन्होंने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का संस्कार विकसित करना है। मुख्य अतिथि एडीएम अरविंद कुमार ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन समाजहित में कार्यरत संगठनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। समारोह में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र, मंत्री रजनीश, कोषाध्यक्ष उदयवीर, सह-कोषाध्यक्ष मुरारी लाल गुप्ता, हरिशरण बाजपेई (समाजसेवी), मछला सिंह (ब्लॉक प्रमुख), सोनल शर्मा, वंदना मिश्रा, रेखा, नमिता सिंह, रवि मिश्रा (अधिवक्ता), नवनीत त्रिपाठी, रामकुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण, फार्म-6 की प्रगति जानी

**शाहजहांपुर।** विशेष अभियान दिवस रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विधानसभा क्षेत्र 135–शाहजहांपुर के बूथ संख्या 274 से 276 (कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी) तथा देवी प्रसाद इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 267 से 270 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त फार्म–6 की स्थिति और प्रगति की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि जनसामान्य से दावे–आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए। विशेष अभियान दिवस के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ सुपरवाइजरों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया। आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के अंतर्गत दावा–आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने और सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से चार विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित हुआ। प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रही। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों से फार्म–6 भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराया गया। साथ ही ECINET मोबाइल एप्लीकेशन अथवा voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध रही। मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों में किसी भी त्रुटि के सुधार के लिए फार्म–8 भरने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताः डा.रानू

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस योग का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान रहा। छात्राओं में एवं आमजन में योग एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा ने सभी स्वयंसेविकाओं को सूर्य नमस्कार करवाते हुए योग कराया , एवं योग का महत्व भी बताया। योग को हमको अपनी रोज की दिनचर्या में शामिल करते हुए घर के सभी सदस्यों को भी योग से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में पर्यावरण जागरूकता रैली निकली गई । प्रथम इकाई की स्वयंसेविकाएं अहमद पुर रेती एवं द्वितीय इकाई की स्वयंसेविकाएं लोक विहार कॉलोनी में कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा एवं डा. रानू दुबे के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली लेकर गई।

इस रैली मे पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ÷पेड़ लगाओ, भविष्य बचाओ, प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने सभी को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, अधिक से अधिक पौधारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।रैली के दौरान यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। ग्रामीणों ने रैली में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. रानू दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकता है। यदि आज हमने प्रकृति के साथ संतुलन नहीं बनाया, तो भविष्य हमें कभी माफ़ नहीं करेगा। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-संरक्षण को आदत के रूप में अपनाएँ और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसी श्रृंखला में पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अंत मे स्वयंसेविकाओं को योग को रोज दिनचर्या में शामिल करने का, पर्यावरण संरक्षण का, स्वच्छता एवं प्रकृति की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में योग के प्रति, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। शिविर मे शालिनी श्रीवास्तव, संध्या भारती, सुधा, सुधीर का विशेष सहयोग रहा।

## मुफ्त रेवड़ियों पर चिंता

सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने 'मुफ्तखोरी', अर्थात् 'रेवड़ियों', पर सख्त टिप्पणी की है। चिंता भी जताई है कि इससे देश का आर्थिक विकास रुकेगा। सवाल भी उठाए गए हैं कि ऐन चुनावों से पहले राजनीतिक दल और सरकारें मुफ्त रेवड़ियों की घोषणाएं क्यों करती हैं? कई राज्य सरकारें भारी कर्ज और घाटे में हैं, इसके बावजूद मुफ्त योजनाएं क्यों बांट रही हैं? यदि सरकारें मुफ्त पैसे, मुफ्त बिजली, मुफ्त खाने जैसी सुविधाएं बांटती रहेंगी, तो आखिर उनका खर्च कौन उठाएगा? प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि आखिर रेवडियां बांटने का बोझ टैक्स देने वाले लोगों पर ही पड़ेगा। यदि 'रेवडियां' मिलती रहेंगी, तो काम कौन करेगा? आखिर हम यह कैसी संस्कृति बना रहे हैं? सरकारों को 'मुफ्तखोरी' के बजाय रोजगार-सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि कोई शिक्षा और बुनियादी जिंदगी का खर्च वहन नहीं कर सकता, तो ऐसे लोगों को सुविधा देना सरकार का दायित्व है, लेकिन 'मुफ्त रेवडियां' उनकी जेब में जा रही हैं, जो लोग मजे कर रहे हैं। क्या सरकारों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए? बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने मौखिक टिप्पणी कर दी और राजनीतिक दलों के प्रवक्ता कह रहे हैं कि वे शीर्ष अदालत की बात मानने को बाध्य नहीं हैं। ये 'रेवड़ियां' नहीं हैं, बल्कि कल्याणकारी योजनाएं हैं। हम कल्याणकारी लोकतंत्र हैं और जनता की मदद करना हमारा फर्ज है। लिहाजा क्षमा के साथ सर्वोच्च अदालत से भी हमारा सवाल है कि वह मौखिक टिप्पणियां क्यों करती है? सिर्फ चिंता व्यक्त करने से क्या होगा? सर्वोच्च अदालत को संविधान ने विशेषाधिकार भी दिए हैं और उनका इस्तेमाल कर अदालत ने फैसले भी सुनाए हैं, तो मुफ्तखोरी पर आदेश क्यों नहीं दिए जा सकते? अदालत सरकारों को स्पष्ट निर्देश दे कि चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा कब करें? 'रेवड़िया' को भी परिभाषित करें। यथार्थ यह है कि देश के राज्यों पर कुल 104 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। देश पर भी 200.50 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। कुछ विशेषज्ञ इसे 225 लाख करोड़ के करीब मानते हैं। इसके बावजूद रेवडियां बांटी जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई मौकों पर कह चुके हैं कि आम आदमी फ्रीबीज नहीं मांगता। रेवड़ियां देश के विकास के लिए खतरनाक हैं। ये अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकती हैं। इन कथनों के बावजूद प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले एनडीए ने बिहार में महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति की रेवडियां बांटी और खूब वोट हासिल किए। बिहार पर 3.61 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही यह रणनीति बनाई गई कि रेवड़ियां बांटो खटाखट, तो वोट मिलेंगे फटाफट। विडंबना और सवाल है कि इस मुफ्तखोरी को न तो चुनाव आयोग ने रोका और न ही अब सर्वोच्च अदालत ने इस पर टिप्पणी की। देश की बदसूरत और डरावनी तस्वीर यह है कि 15-49 वर्ष आयु-वर्ग की करीब 57 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। यदि इसी अवस्था में मां की कोख में भ्रूण आकार ग्रहण करता है, तो उस बच्चे का मस्तिष्क विकसित नहीं होगा। पांच साल की उम्र तक के करीब 35 फीसदी बच्चे बेहद कुपोषित हैं। देश का स्वास्थ्य पर बजट आज भी जीडीपी का 2 फीसदी है, जबकि कमोबेश 5.2 फीसदी होना चाहिए। एक भ्रष्ट और निकम्मेपन की तस्वीर भी देखिए कि जल-जीवन मिशन पर 67,000 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया था, लेकिन मार्च, 2026 तक 17,000 करोड़ रुपए ही खर्च होगा। प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में 120 करोड़ रुपए का घोटाला बेनकाब हुआ है। कुछ और राज्यों में भी ऐसी विसंगतियां सामने आई हैं। ऐसे देश में 'रेवडियां' तो आजीविका समान हैं। जिस तमिलनाडु से याचिका शीर्ष अदालत में दी गई थी, उस राज्य पर 10.42 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। बंगाल पर 7.90 लाख करोड़ और केरल पर 5.04 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। इन राज्यों में इसी साल अप्रैल के बाद चुनाव होने हैं। सवाल यह भी किया जाना चाहिए कि जिन 81 करोड़ से अधिक लोगों को सरकारें 'मुफ्त राशन' बांट रही हैं, क्या वे रेवड़ियां नहीं हैं? क्या वे लोग गरीबी रेखा के तले हैं?

# भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका


*संजीव चोपड़ा*

पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ-साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है।

शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है।

खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर-आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं।

एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी-आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल-सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके।



लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है। अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार-बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है।

खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों ('अन्न चक्र') का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार-बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई-आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं।

वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट-पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है। इससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस-वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है। अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम-आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी।

लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है।

अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार-बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है।

भारत की खाद्य सब्सिडी संरचना ने डिजिटलीकरण के जरिए पहले ही बर्बादी को कम कर दिया है। अगला बदलाव जवाबदेही में निहित है। खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और दावों के निपटान की प्रक्रिया में एआई को शामिल करके, यह प्रणाली जोखिमों का शीघ्र पता लगाने, त्रुटियों को तेजी से सुधारने और लाभार्थियों को उनका हक समय पर दिलाने में अधिक समर्थ हो जाती है। कुल 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में, अधिक जवाबदेही कोई मामूली सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा ढांचे की संरचनात्मक मजबूती का प्रतीक है।

*(लेखक खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं)*

विचार

# भारत के वस्त्र उद्योग के लिए सुनहरा अवसर

*अर्नब चक्रवर्ती*

भारत का वस्त्र उद्योग वैश्विक निर्यात बाजारों में लगातार पिछड़ता जा रहा है। इसके विपरीत, बंगलादेश ने निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटी.ए.) और बंगलादेश के अल्प विकसित देश (एल.डी.सी.) का दर्जा समाप्त होने की संभावना को देखते हुए, यह भारत के वस्त्र उद्योग के लिए एक सुनहरा अवसर है। वस्त्र मूल्य श्रृंखला के भीतर, यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात मुख्य रूप से तैयार कपड़ों जैसे टी-शर्ट, शर्ट और ट्राऊजर की बजाय मध्यवर्ती उत्पादों (विशेष रूप से धागे और कपड़े) पर केंद्रित है। बंगलादेश का निर्यात विशेष रूप से 2 श्रेणियों के तैयार कपड़ों में भारत से कहीं अधिक है, बुने या क्रोशिया से बने वस्त्र (जैसे टी-शर्ट, जर्सी, पुलओवर, स्वैटर और काघ्डगन) और बुने हुए वस्त्र (जैसे सूट, जैकेट, ट्राऊजर, ड्रैस और शर्ट)।

बुने हुए, क्रोशिया किए गए वस्त्रों के लिए यूरोपीय संघ के कुल आयात में भारत की हिस्सेदारी 2009 में लगभग 6.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में लगभग 4.4 प्रतिशत रह गई। वहीं, बंगलादेश की हिस्सेदारी 2000 में मात्र 6 प्रतिशत से बढ़कर 2009 में 13 प्रतिशत और 2023 तक 26 प्रतिशत हो गई। बुने हुए वस्त्रों के व्यापार में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिलता है। बुने हुए वस्त्रों के मामले में, यूरोपीय संघ को भारत के नाममात्र निर्यात मूल्य में निरपेक्ष रूप से गिरावट आई है, जो लगभग 3.5 अरब डॉलर के शिखर से गिरकर 2.9 अरब डॉलर हो गया है। सभी उत्पादों में भारत की प्रति इकाई कीमत लगातार बंगलादेश से अधिक है। इससे निम्नलिखित संकेत मिल सकते हैं रू पहला, भारत अधिक मूल्यवर्धित, बेहतर गुणवत्ता वाले वस्त्रों का निर्यात कर रहा होगा, जिससे वह अधिक कीमतें वसूलने में सक्षम है। हालांकि, इसकी कम बाजार हिस्सेदारी से पता चलता है कि आम बाजार में बिकने वाले परिधानों की तुलना में ऐसे उत्पादों की यूरोपीय संघ में मांग सीमित है, जिससे संकेत मिलता है कि केवल 'प्रीमियम पोजीशनिंग' (यदि संभव हो तो) से बिक्री में वृद्धि नहीं हो सकती।

दूसरा, और अधिक संभावित कारण यह है कि ऊंची कीमतें संरचनात्मक कमियों को दर्शाती हैं-उच्च उत्पादन लागत, कम एकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाएं और रसद संबंधी अक्षमताएं। इसके अलावा, भारतीय और बंगलादेशी उत्पादों पर लगने वाले शुल्क में भी काफी अंतर है। बंगलादेश, एक अल्पविकसित देश होने के नाते, यूरोपीय संघ में शुल्क-मुक्त और कोटा-मुक्त प्रवेश का लाभ उठाता रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शून्य-टैरिफ पहुंच तब भी लागू होती है, जब



वस्त्र यूरोपीय संघ की मानक 'दोहरे परिवर्तन' की आवश्यकता को पूरा नहीं करते। इसका मतलब यह है कि बंगलादेश दुनिया में कहीं से भी कपड़ा आयात कर सकता है, घरेलू स्तर पर कपड़े सिल सकता है और उन्हें शून्य शुल्क पर यूरोपीय संघ को निर्यात कर सकता है।

भारत को इस तरह की तरजीही सुविधा प्राप्त न होने के कारण यूरोपीय संघ के मोस्ट फेवर्ड नेशन (एम.एफएन.) टैरिफ के तहत लगभग 12 प्रतिशत का भुगतान करना पड़ता है। दो प्रमुख संरचनात्मक बदलाव निकट भविष्य में दिखाई देने वाले हैं। सबसे पहले, बंगलादेश 2029 में अपने ई.बी.ए. लाभ खोने वाला है। इसका अर्थ होगा यूरोपीय संघ में स्वतरू शुल्क-मुक्त प्रवेश का अंत और परिधान निर्यात पर संभावित रूप से लगभग 12 प्रतिशत का एम.एफएन. (फाइनल फॉरेन नेटिव) टैरिफ लग सकता है। इसके बाद बंगलादेश यूरोपीय संघ की जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रैफरैंसेस प्लस (जी.एस.पी.) में प्रवेश करने का प्रयास करेगा, जो वस्त्रों सहित लगभग दो-तिहाई टैरिफ मदों पर शून्य टैरिफ प्रदान करता है। हालांकि, जी.एस.पी. में मूल के सख्त नियम (आर.ओ.ओ.) और सुरक्षा प्रावधान लागू होते हैं। बंगलादेश कपड़ों के लिए अन्य देशों (भारत सहित) पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए इसका मतलब यह हो सकता है कि बंगलादेश के वस्त्र शुल्क मुक्त प्रवेश के लिए जी.एस.पी.-आर.ओ.ओ. की शर्तों को पूरा न करें। ऐतिहासिक रूप से, यूरोपीय संघ दोहरे परिवर्तन मानदंड पर अपने रुख पर कायम रहा है। यदि वह ऐसा करना जारी रखता है, तो बंगलादेश को गंभीर नुकसान होगा। यदि प्रतिस्पर्धा मूल्य-आधारित है, तो बंगलादेश अपना बाजार हिस्सा खो सकता है। दूसरी ओर, यदि बंगलादेश का प्राथमिक लाभ आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण से आता है, तो वह उच्च शुल्कों के बावजूद भी अपना प्रभुत्व बनाए रख सकता है। भारत-ई.यू. समझौते के तहत भारत को यूरोपीय संघ के कपड़ा बाजारों में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा, बशर्ते 2 चरणों वाली प्रसंस्करण प्रक्रिया अनिवार्य हो। चूंकि भारत का कपड़ा उद्योग पहले से ही अपेक्षाकृत एकीकृत है (परिधान उत्पादन में प्रयुक्त अधिकांश धागे और कपड़े का निर्माण देश में ही होता है), इसलिए 2 चरणों वाली प्रसंस्करण प्रक्रिया भारतीय कपड़ा निर्यात के लिए कोई बाधा नहीं बनेगी।

परिणामस्वरूप, भारतीय निर्यातक बिना किसी बड़े पुनर्गठन के मूल नियमों की कठोरता को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। वियतनाम के परिधान निर्यात का हालिया अनुभव, जिसमें 2020 में यूरोपीय संघ-वियतनाम मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उछाल देखा गया, भारत के लिए भविष्य में मौजूद अवसरों का संकेत है।

साहित्य



## घनिष्ठता की सुध...!


**संजय एम तराणेकर**

क्यों? याद आते हैं उन्हें 'हमेशा' सिर्फ़ हक़,
मुश्किल में पालक दिल नहीं जाता धड़क।
सिर्फ लेना ही लेना क्योंकर उन्हें हैं सूझता,
कुछ 'देने' हेतू मन कभी क्यों न पसिजता।

हाल-चाल भले बुरे ना हो 'पूछ' लिया करो,
तुम रिश्तों के घनिष्ठता की सुध लिया करों।
क्या? हमने ही 'बिसारने का प्रण' लिया हैं,
वहीं गडे मुर्दे उखाड़ने का 'निश्चय' किया हैं।

तुम्हारी गलतियों को नजरअंदाज किया है,
कभी-कभी हमने खून का घूंट भी पिया है।
यूं हक़ जमाना 'पालकों के मन' में ठिकाना,
पहले उनकी करिए सेवा बाद में मुस्कुराना।





## राशिफल

**मेष:-** बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे। व्यवसाय में भी संभलकर चलने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्या का समना कर पड़ सकता है।

**मिथुन:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी प्राप्त होगा। खर्च अधिक होगा।

**कर्क:-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा।

**कन्या:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला:-** नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिक:-** नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**धनु:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**मकर:-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातःकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करें।

# ए.आई. के लिए 'हां', लेकिन कुछ डर भी

*पी. चिदम्बरम*

आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस (ए.आई.) आ चुका है। यह सच है कि ए.आई. मानवीय क्षमताओं और उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगा। भारत के पास मानव संसाधनों का एक विशाल और बढ़ता हुआ खजाना है (कम से कम 2050 तक)। हालांकि, इसकी गुणवत्ता विकसित देशों के मानव संसाधनों से काफी भिन्न है। एक विकसित देश में, व्यावहारिक रूप से हर कोई स्कूली शिक्षा प्राप्त है और एक बड़ा हिस्सा कॉलेज-शिक्षित है। वहां जीवन भर सीखने और नए कौशल हासिल करने का अवसर है।

भारत में, 'जनसांख्यिकीय लाभांश' अपने साथ जनसांख्यिकीय बोझ भी लेकर आता है। जबकि प्राथमिक स्तर पर स्कूली नामांकन बहुत अधिक है लेकिन उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर नामांकन में हर चरण में गिरावट आती है। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जी.ई.आर.) 45-50 प्रतिशत के बीच है। कॉलेज में नामांकित अधिकांश छात्र ऐसी स्नातक डिग्री प्राप्त करते हैं जो उन्हें 'कुशल' या 'रोजगार योग्य' नहीं बनाती है-यही मुख्य कारण है कि युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए उपयुक्त नौकरी खोजना एक कठिन कार्य है। मैंने श्री डारियो अमोदेई (सी.ई.ओ., एंथ्रोपिक) के कॉपीराइट वाले 38 पन्नों के निबंध 'द एडोलेसेंस ऑफ टैक्नोलॉजी' का सारांश पढ़ा है। आर्थिक व्यवधान पर, वह कहते हैं कि ए.आई. श्रम बाजारों को 'अभूतपूर्व गति से और व्यापक व्यावसायिक श्रेणियों में बाधित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा विस्थापित हो सकता है, विशेष रूप से निकट भविष्य में व्हाइट-कॉलर काम।' यह डरावना है। भारत में एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि ए.आई. जाति को पहचानता है। यदि मनुष्यों ने ए.आई. को जाति-पूर्वाग्रह सिखाया है, तो यह और भी डरावना है। माननीय प्रधानमंत्री सही हैं कि ए.आई. भविष्य और भाग्य के द्वार खोलेगा। लेकिन यह डर भी है कि नौकरियां चली जाएंगी।

माइक्रोसॉफ्ट के सी.ई.ओ. ने कहा कि व्हाइट कॉलर नौकरियों में कई कार्यों को स्वचालित किया जाएगा। कंपनी ने 2025 में हजारों नौकरियां खत्म कर दीं। टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज ने 2025 में घोषणा की कि वह पुनर्गठन अभ्यास के हिस्से के रूप में 12,000 से अधिक कर्मचारियों को 'छोड़' देगी। भारत में वर्तमान 'आधिकारिक' बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत है लेकिन हम जानते हैं कि यह अधिक है। युवा बेरोजगारी दर 15 प्रतिशत है। लगभग 55 प्रतिशत 'नियोजित' लोग स्व-रोजगार या आकस्मिक श्रम में हैं। समृद्ध क्षेत्रों में, कृषि कार्य पहले से ही मशीनीकृत हैं। यदि शहरी ब्लू-कॉलर नौकरियां भी दुर्लभ हो जाती हैं और बेरोजगारी सूचना प्रौद्योगिकी जैसे 'कुशल' क्षेत्रों में शिक्षित युवाओं तक फैल जाती है, तो स्थिति विस्ेाटक हो जाएगी।

जहां तक मुझे पता है, भारत सहित दुनिया अभी तक समाधानों के साथ तैयार नहीं है। मुख्य आथ्र्थक सलाहकार ने उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (जनसांख्यिकीय गिरावट का सामना करने वाले, जहां ए.आई. एक प्लस हो सकता है) और विकासशील देशों (जहां ए.आई. राज्य की क्षमता के लिए एक 'स्ट्रैस टैस्ट' होगा) पर ए.आई. के प्रभाव के बीच अंतर किया। स्वाभाविक रूप से, समाधान अलग होंगे। उनका समाधान यह है कि 'निरंतर निष्पादन भारत को पहला बड़ा समाज बनने में मदद कर सकता है... जो बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीकी अपनाने को संरेखित करता है।' काश समाधान इतना सरल होता। प्रौद्योगिकी को लगातार अपनाने के शुरुआती परिणाम नौकरियों में कमी के रूप में सामने आए हैं, कम से कम भारतीय कारखानों में। लेकिन जैसा कि 'इकोनॉमिस्ट' कहता है, 'आविष्कार और प्रसार' के बीच समय है और उन कठिन उपायों को करने के लिए भी, जो तकनीक अपनाने के प्रभाव को अवशोषित करेंगे। उदाहरण के लिए, नौकरी चाहने वालों और नौकरियों की विशाल संख्या को देखते हुए, भारत को तैयार रहना चाहिए-यह पहचानने के लिए विकसित देशों के विपरीत, भारत को उन युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की नौकरियां पैदा करने की आवश्यकता है, जो स्कूल के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ सकते हैं।

गैर-विज्ञान विषयों में कई 'पास' पाठ्यक्रमों को बंद करना और छात्रों को स्नातकोत्तर शिक्षा, एस.टी.ई.एम. या कौशल पाठ्यक्रमों की ओर मोडनाय-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण प्रबंधन में बड़े पैमाने पर निवेश करनाय-स्थानीयक्षेत्रीय बाजार विकसित करना जो स्थानीय या क्षेत्रीय बैंकों द्वारा सम्र्गस्थित गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन और उपभोग करेंगे, न कि केवल बड़े व्यवसाय, बड़े बाजार, बड़ी चेन और बड़े बैंकों के प्रति जुनूनी होनाय-यह स्वीकार करना कि वर्तमान समय में, एम.एस.एम.ई. भारत में सबसे बड़े रोजगार सृजक हैं। यदि ए.आई. एम.एस.एम.ई. की मदद कर सकता है-जैसा कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने वादा किया है-तो एम.एस.एम.ई. अधिक नौकरियां पैदा करने में सक्षम होंगे। सी.ई.ए. ने उल्लेख किया है कि भारत को 'हर साल कम से कम 80 लाख नौकरियां' पैदा करने की आवश्यकता है। आवश्यक संख्या अधिक होगीय तथा-उन लोगों से अपेक्षा करना, जो ए.आई. को अपनाएंगे और जिसके परिणामस्वरूप नौकरियां खत्म करेंगे, कि वे उतनी ही संख्या में नौकरियां पैदा करें। हमें श्री जेमी डिमन (सी.ई.ओ., जे.पी. मॉर्गन चेस) से सहमत होने और 'ले-ऑफ' (छंटनी) पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता नहीं है। 'कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व' (सी.एस.आर.) ने व्यवसायों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा की है, उसमें नौकरी सृजन की जिम्मेदारी भी शामिल होनी चाहिए। बिना नौकरी या कम नौकरियों वाली दुनिया एक डरावने भविष्य की ओर ताकेगी। 'काम' एक इंसान को परिभाषित करता है। भोजन की तलाश के अलावा कोई अन्य जीवित प्राणी स्वेच्छा से काम नहीं करता। यदि ए.आई. हमारा सारा काम करेगा और सभी के लिए समृद्धि लाएगा, तो इंसान क्या करेंगे? जबकि अगले कुछ वर्षों के दौरान ए.आई. का प्रभाव सामने आएगा, यह इस प्रश्न पर विचार करने का समय है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



**शाहाबाद/हरदोई।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधरनपुर में लगे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भव नाथ पांडेय द्वारा औचक निरीक्षण किया गया तथा आयुष्मान कार्ड प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सीएमओ श्री पाण्डेय ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगाए जाने के निर्देश पर मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आने वाले सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की जाए।पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए सभी को निर्देशित किया। मेले में आये 48 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 22 पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।मरीजों को दवाई वितरण की गयी। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण दीक्षित, डॉ विक्रम डेंटल, डॉ विक्रम आयुष,, डॉ खालिदा एमन,एनम सुषमा, एल टी कुलदीप, एन सी डी स्टाफ नर्स नेहा और सतीश, फार्मासिस्ट जगदंबा सागर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध कब्जे का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला माहीगाम में अवैध कब्जे की शिकायत पर पुलिस द्वारा बरती गयी लापरवाही से अवैध कब्जेदारों ने एक परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पीड़ित जीशान पुत्र निसार के अनुसार उसके पड़ोसी नसीम पुत्र इनायत अपने पुत्रों आजम और मोअज्जम के साथ मिलकर उसकी ज़मीन पर दीवार बना रहे थे। उसने अवैध कब्जे की 16 फरवरी को कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर रुकवाने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने उस पर कोई कार्यवाही नहीं की इसलिए विपक्षी उसकी भूमि पर अवैध निर्माण करते रहे। 18 फरवरी को उसने निर्माण रोकने को कहा तो विपक्षी अपने अन्य भाई वसीम पुत्र इनायत और उसके पुत्रों अफ़जाल और फ़ैजान के साथ सीढ़ी लगाकर उसकी छत के रास्ते मकान में घुस आए। और लाठी डंडे धारदार हथियार लेकर उसे गाली गलौज किया और उसे उसके भाई उस्मान और भतीजे हम्माद को मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया मारपीट में उसके भाई और भतीजे के काफ़ी चोट आई है। पीड़ित की लिखित दूसरी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है।

### चौरासी कोशिय पौराणिक नैमिष मिश्रिख परिक्रमा का रूट डायवर्ट करना दुर्भाग्यपूर्ण: विपिन त्रिपाठी साहित्यकार

**हरदोई।** प्राचीन काल से प्रतिवर्ष होने वाला चौरासी कोसीय परिक्रमा का मार्ग पांचवे पड़ाव साखिन गोपालपुर से छठे पड़ाव देवगँवा के बीच कुछ किलोमीटर के लिए अपनी सुविधानुसार प्रशासन और कुछ जिम्मेदार साधु संतो द्वारा मार्ग बदलने से अनेक ग्रामीण साधु संतो के दर्शनों और आशीर्वाद से वंचित हो रहे हैद्य पहले साखिन से चलकर कोटरा बैठा सिहोना बाबा गंगादास की कुटी से जनकपुर से बहादुरपुर पिपरी होते हुए श्रृंगी ऋषि आश्रम दर्शन उपरांत रामादल प्राचीन द्रोणाचार्य घाट नौका से पार कर एवं भारी अपना वाहन दधनामऊ गोमती पुल पर कर देवगवान सीतापुर हेतु चलता था द्य इस बार आज शाम को गुजरने वाले साधु संत मार्ग मे लगे पोस्टर एवं संकेतको को देखते हुएविकास खंड टड़ियावान अंतर्गत बौठा अमेठीया होकर ग्राम सराय से सीधे गोमती पुल पार कर रहे है जिससे यात्रा के कोस कम होने के साथ साथ मार्ग के ऐतिहासिक स्थल और मठ मंदिर सूने लग रहे है. निवेदन है परिक्रमा मार्ग पुराना पौराणिक ही प्रयोग करे और संकेतक आदि उसी मार्ग पर लगवाए जाये द्य कृपया प्रशासन एवं जिम्मेदार नैमिष के साधु संत निवेदन स्वीकृत करने की कृपा करे।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह में 13 जोड़े ने थामा एक दूसरे का हाथ



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संगम सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में तेरह जोड़ों में एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुनते हुए जन्म-जन्मांतर तक साथ निभाना का वादा किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।रविवार को गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संगम सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 13 जोड़े एक दूसरे के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर तपोभूमि के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज, श्रीगायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रपाल सिंह सचान, बउआ द्विवेदी, गीता ओमर, डॉ. सुरेश कुमार, योगेश योगी, पवन टेलर, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन मुनीर खान ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय प्रजापति ने सभी के प्रति आभार जताते हुए वर वधू को घर गृहस्थी का सामान भेंट करके विदा किया

### छपकी आने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा चालक की मौत



**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी अमन सिंह सेंगर (23) ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। परिजनों की अनुसार शनिवार की रात में उसने खेत में प्लाऊ चलाया था। इसके बाद सुबह वह मिट्टी ढोने के कार्य में ट्रैक्टर को लेकर चला गया। इस दौरान उसे आराम करने का मौका नहीं मिला। दिन में ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई का काम करते समय दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जब वह ट्रैक्टर ट्रॉली में मिट्टी लादकर जालौन की ओर आ रहा था। तभी प्रतापपुरा गांव के पास ट्रैक्टर चला रहे अमन को शायद झपकी आ गई। झपकी आने से ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया और ट्रैक्टर की चपेट में आने से अमन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से निकल रहे राहगीरों ने चालक अमन को अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। अस्तपाल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अमन को देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बड़े भाई प्रदुम्न भी मौके पर पहुंच गए। उधर, इस घटना की खबर मिलने पर पिता चंद्रपाल सिंह और मां सुमन रो रोकर बेहाल हैं और अपने बेटे को लाने की जिद कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने विधि कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बता दें, प्रतापपुरा के पास महीनों से मिट्टी के अवैध खनन का काम चल रहा है। मिट्टी भरकर तेज रफ्तार ट्रैक्टर दिन और रात में सड़क पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। इनसे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

### पात्र व्यक्ति आर्थिक कमजोरी के कारण न्याय से वंचित न रहे: जिला जज



**उरई (जालौन)।** रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में मेगा विधिक सहायता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में न्याय एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराया गया। शिविर में 37 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां 722 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया। राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, श्रम, बैंकिंग, महिला कल्याण सहित अनेक विभागों ने पंजीकरण, प्रमाणन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सेवाएं प्रदान कीं। जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता और न्याय का अधिकार देता है। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क विधिक सहायता का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 39(क) के तहत सुनिश्चित किया गया है, जिसके अंतर्गत आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने घरेलू हिंसा, बाल श्रम, महिला उत्पीड़न एवं अवैध वसूली जैसे मामलों में प्रचलित कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का दायित्व है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल आर्थिक कमजोरी के कारण न्याय से वंचित न रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या अन्याय की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर नि:शुल्क सहायता प्राप्त करें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से संरक्षण मिले। यदि किसी व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली, धमकी, उत्पीड़न या सामाजिक शोषण किया जाता है तो भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं तथा अन्य विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाती है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कानून व्यवस्था का मूल उद्देश्य आमजन को सुरक्षा, सम्मान और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा, बाल श्रम, अवैध वसूली, धमकी या किसी भी प्रकार की प्रताड़ना को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में पुलिस त्वरित रूप से सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करती है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, महिलाओं, मजदूरों एवं कमजोर वर्गों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति कर्ज या अन्य किसी बहाने से दबाव बनाकर उत्पीड़न करता है तो यह दंडनीय अपराध है।

# डीएम ने किया संविलियन विद्यालय के बूथों का निरीक्षण

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को विशेष प्रसार के अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा द्वारा 158 हरदोई के संविलियन विद्यालय गदौरिया पिपरौध में स्थित बूथ संख्या 320, 321, 322, 323, 324 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी उपजिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त बीएलओ, कोटेदार, आशा, आंगनवाड़ी, सचिव, पंचायत सहायक, सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी ममता सिंह व खण्ड विकास अधिकारी बावन डॉ. रामप्रकाश उपस्थित थे।

बूथ संख्या 320: बीएलओ सोनी मिश्रा के पास फॉर्म-6 के कुल 78 फार्म ऑनलाइन किये गये थे। मैपिंग डेटा के 43 के सापेक्ष 8 शेष थे। लाजिकल डिस्क्रिपेंसी में 144 के सापेक्ष 20 किये गये थे।

बूथ संख्या 319: ललिता देवी के द्वारा 27 फार्म ऑनलाइन किये गये थे। इसे और बढ़ाने जाने के निर्देश दिये गये थे।

बूथ संख्या 322: बीएलओ द्वारा फार्म-6 के 62 आवेदन ऑनलाइन किये गये थे। लाजिकल डिस्क्रिपेंसी में 132 के सापेक्ष 110 शेष पाये गये। जो पेंडिंग 44 के सापेक्ष 13 शेष है।

बूथ संख्या 324: बीएलओ संतोष कुमार के पास लाजिकल डिस्क्रिपेंसी का 290 का डेटा शेष था जिसे शीघ्र कराने जाने के निर्देश दिये गये।

बूथ संख्या 323: बीएलओ विवेकानन्द के पास लाजिकल डिस्क्रिपेंसी 152 का डेटा शेष पाया गया। उपस्थित समस्त बीएलओ निर्देशित किया गया कि किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई हो तो अपने एईआरओ को अवगत करायें। फार्म-6 की संख्या बढ़ाई जाये तथा नो मैपिंग व लाजिकल डिस्क्रिपेंसी का अविलम्ब समाप्त किया जाये। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा समस्त बीएलओ को मेहनत से कार्य करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मेला देखने गई किशोरी लापता, पुलिस तलाश में जुटी

**हरदोई।** बेनीगंज थाना क्षेत्र के कोथावा कस्बा निवासी श्यामलाल राठौर ने कोतवाली बेनीगंज मे दी तहरीर मे बताया कि मेरी 22 वर्षीय ब्याहता पुत्री 20 फरवरी को घर से कोथावा कस्बे मे चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला देखने अपने भाई बहन के साथ गयी हुई थीं। पुरानी बाजार से संदिग्ध परास्थितियों मे लापता हो गई। परिवार की लोगों ने उसकी काफी तलाश की। रिश्तेदारी में उसके बारे में पूछताछ की। उसकी सहेलियों से भी उसके बारे में पता किया।ब्याहता युवती का पिता कपड़े की फेरी कर गांव गांव मे बेच कर अपने परिवार का गुजारा करता है। बेटी के ना मिलने से परिवार के लोग काफी परेशान है।काफी प्रयासों के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। युवती के पिता ने थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई है। कोतवाल ओमप्रकाश सरोज ने बताया कि जल्द लापता युवती का सुराग लगा लिया जाएगा।

### 2027 में बनेगी बसपा सरकार: विश्वनाथ पाल

**हरदोई।** बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन समीक्षा बैठक के कार्यक्रम के तहत शनिवार की शाम को हरदोई की बालामऊ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर बेशर के बूथ संख्या 322 सत्तर खेड़ा गौसगंज में बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि विश्वनाथ पाल प्रदेश अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी ने को बूथ और सेक्टर संगठन की समीक्षा की। प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि सभी लोगों को मेहनत करने की जरूरत है सेक्टर और बूथ पर हर पदाधिकारी को



अपनी मौजूदगी में ईमानदारी के साथ कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करें और उनको पार्टी संगठन का मेंबर भी बनाएं और सर्व समाज को बहुजन समाज पार्टी में जोड़ें तथा 50% युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की एक लहर दौड़ गई है और चाहे भारतीय जनता पार्टी हो चाहे समाजवादी पार्टी हो चाहे कांग्रेस पार्टी हो सभी दलों के नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं आज भी भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक अभिषेक द्विवेदी और समाजवादी पार्टी के नेता शिवाकांत पासी ने दर्जनों साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिनको बसपा की सरकार देखकर पूर्ण विश्वास और कराए गए विकास कार्यों को लेकर बसपा की सरकार को लोग याद करते हैं। इस दौरान मुख्य मंडल प्रभारी डॉक्टर सुशील कुमार मुन्ना और राकेश कुमार गौतम मेवाराम बर्मा जिला अध्यक्ष सूर्यकांत निराला पिछड़ा वर्ग संयोजक रणधीर बहादुर और मुकेश वर्मा गोपामऊ से अनिल कुमार गौतम बी बी एफ के जिला सहयोजक रामबाबू सहित जिला कमेटी एवं विधानसभा कमेटी और सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गन्ना विकास परिषद एवं शुगर यूनिट लोनी द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन

**बसंतकालीन गन्ना बुआई के किये किसानों को किया गया जागरूक**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



गन्ना विकास परिषद लोनी एवं डी.सी.एम. श्रीराम लि शुगर यूनिट लोनी के संयुक्त तत्वाधान में चीनी मिल परिक्षेत्र के बेहटा गोकुल रीजन के कोठिला सरैया गाँव में रविवार को दोपहर 12 बजे गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने और बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु बीज की उपलब्धता एवं उन्नतशील प्रजातियों का चयन, गन्ने में लगने वाली बीमारियां और उनके समाधान हेतु किसान वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी नीधि गुप्ता द्वारा कृषकों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु गन्ना बीज सुरक्षण के बारे में विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गई तथा गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर से सहायक निदेशक डा. पी.के. कपिल द्वारा गन्ने की स्वीकृत किस्में, बसंतकालीन गन्ना उत्पादन तकनीक व समसामयिक क्रियाओं पर चर्चा करते हुये गन्ना फसल सुरक्षा प्रबन्ध पर प्रकाश डाला। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक लोनी पुत्तन लाल द्वारा कृषि लागत कम करते हुये गन्ना उपज में वृद्धि कर किसानों की आमदनी दोगुना करने एवं गन्ना विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। चीनी मिल लोनी के विभागाध्यक्ष (गन्ना),अनिल सिंह द्वारा किसान भाईयों से अपील की कि वह बसंतकालीन गन्ने की ज्यादा से ज्यादा रकबे में बुवाई करें तथा बसंतकाल बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों सीओ 15023, सीओ 0118, सीओएस 13235,सीओएलके 14201, सीओएलके 16202, सीओएलके 94184 तथा निचली भूमि में सीओ 98014 की बुवाई कर तथा इन्हीं प्रजातियों का पेड़ी प्रबन्धन करते हुये अधिक उपज लेकर लाभ अर्जित कर सकते है, उन्होनें गन्ना बीज का चयन रोगरहित प्लाट से करने तथा चीनी मिल द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं/दिये जा रहे अनुदान तथा उन्नतशील प्रजातियों के बीज संरक्षण पर प्रीमियम रु. 50 प्रति कु. किसानों को उपलब्ध कराने के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी दी। चीनी मिल के अपर महाप्रबन्धक (गन्ना), अली आरजू जैदी ने चीनी मिल क्षेत्र में एसटीपी (सिंगल बड तकनीक) विधि द्वारा बसंतकालीन में गन्ने की बुवाई करने व बीज की लागत को कम करने तथा गन्ने की खेती में यान्त्रिकीकरण को अपनाकर लेवर की समस्या से निजात पाने के बारे विस्तृत जानकारी के साथ चीनी मिल द्वारा विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों पर दी जा रही छूट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच का संचालन प्रबंधक (गन्ना) प्रवीर सिंह द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी किसान भाइयों को धन्यवाद व्यक्त किया व गन्ना फसल में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम विशेषतः लाल सड़न रोग पहचान एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर चीनी मिल के समस्त जोनल हेड एवं कर्मचारीगण तथा चीनी मिल क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया।

## शिव बारात शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



**सण्डीला/हरदोई।** संडीला में नवयुवक कांवड़िया समिति द्वारा भुईयन देवी मंदिर से भव्य शिव बारात शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व समिति अध्यक्ष रवि चौधरी एवं संरक्षक समाजसेवी रेखा गुरु ने किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेखा गुरु ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास से कलश यात्रा प्रारंभ कर हरिजन सराय स्थित खड़े हनुमान मंदिर में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद शिव बारात शोभायात्रा प्रतिभा मार्ग, चौकी चौराहा, बेनीगंज रोड होते हुए भुईयन देवी मंदिर पहुंची और फिर इमलियाबाग चौराहा, मुख्य मार्ग, थाना क्षेत्र, स्टेशन रोड होते हुए प्रतिभा टाकीज के पास संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान शिव, पार्वती, गणेश सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जगह-जगह पुष्प वर्षा, आरती और स्वागत कर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का अभिनंदन किया तथा श्रद्धा भाव से प्रणाम किया। आयोजन में मनोज जायसवाल, अजीत सिंह सहित समिति के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में भक्त व कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।

## वृहद जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



दिनांक 22. 02 .2026 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई की मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश श्रीमती रीता कौशिक की अध्यक्षता में मेगा कैंप का भव्य आयोजन मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रीता कौशिक द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी तथा मेगा कैंप में आए हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया तथा योजनाओं के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी sanya chabra द्वारा अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में बताया गया। विशिष्ट अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध कुमार गौतम ने संबंधित विभाग के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई की सचिव श्रीमती काव्या सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी देते हुए नालसा द्वारा चलाए जा रहे हैं हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया। हरदोई के समस्त विभागों के कुल 29 स्टाल लगाए गए जिनका अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। मंच का संचालन मुख्य न्यायाधीश अधिकारी श्रीमती ऋचा वर्मा व अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन पश्चिमी जीशान खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी गण व प्रशासनिक अधिकारी गण तथा अधिक संख्या में लाभार्थी व आमजनमानस गण उपस्थित रहे।

### रहमानिया इन्टर कालेज में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम



**मौदहा हमीरपुर।** में विशेष अभियान दिवस के अंतर्गत मतदान केन्द्र रहमानिया इंटर कॉलेज, मौदहा पर मतदाता सूची से संबंधित कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संचालित की गई इस अवसर पर सुपरवाइजर मोहम्मद अख्तर के नेतृत्व में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य आवश्यक कार्यों का संपादन करते रहेअभियान के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि याकूब गड्डी तथा निज़ामीपुरा बूथ अध्यक्ष नाज़रा खान (भा.ज.पा.) भी केन्द्र पर उपस्थित रहीं और कार्यवाही का अवलोकन किया। मतदाताओं की सुविधा हेतु केन्द्र पर फॉर्म 6, 6A, 7 एवं 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए, जिससे पात्र नागरिकों को अपना नाम दर्ज कराने, संशोधन कराने अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने में सहूलियत मिली प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें तथा आवश्यक होने पर निर्धारित प्रपत्र भरकर समय से जमा करें।

## पनवाड़ी क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

थाना पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम देवगनपुरा में एक 29 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अश्विनी पुत्र मूलचंद राजपूत (उम्र 29 वर्ष) ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार रविवार तड़के करीब सुबह 5:00 बजे उनकी पत्नी आरती राजपूत की नजर उन पर पड़ी, जिसके बाद घटना की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी गई। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी, एक पुत्र हिमांशु राजपूत तथा एक पुत्री है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना तत्काल पनवाड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना पनवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक का व्यवहार सामान्य था, जिससे घटना के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल बना हुआ है।

## प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बिक रहा पान मसाला

**पनवाड़ी समेत पूरे जनपद में बढ़ा आक्रोश, कालाबाजारी की आशंका**

**महोबा/पनवाड़ी।** जनपद महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र सहित विभिन्न बाजारों में राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाला उत्पाद निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। अचानक बढ़ी कीमतों से छोटे दुकानदारों और उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। बाजारों में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और लोग इसे संभावित कालाबाजारी से जोड़कर देख रहे हैं। पनवाड़ी के फुटकर विक्रेताओं का आरोप है कि बड़े डीलरों द्वारा माल ऊंचे दामों पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन अधिक कीमत पर बिक्री करनी पड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार 40 रुपये वाला राजश्री पैकेट थोक में लगभग 420 रुपये तक मिल रहा है, जबकि फुटकर में इसे 50 रुपये प्रति पाउच बेचा जा रहा है। इसी प्रकार 20 रुपये वाले पैकेट का थोक मूल्य करीब 300 रुपये बताया जा रहा है और 10 रुपये वाला पाउच 15 रुपये में बिक रहा है।

दुकानदारों का कहना है कि सीमित आपूर्ति और बढ़ी हुई थोक दरों के चलते वे ग्राहकों से अधिक कीमत लेने को विवश हैं। उधर, जनपद में एसएनके 140 रुपये वाला गुटखा पाउच 200 से 220 रुपये तक बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ बड़े व्यापारी भारी मात्रा में माल रोककर ऊंचे दामों पर बिक्री कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक तंबाकू पर भारी जीएसटी लगाए जाने की अफवाह फैलाकर कीमतों में कृत्रिम वृद्धि की जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अचानक हुई इस मूल्य वृद्धि से न केवल महोबा बल्कि आसपास के जनपदों में भी उपभोक्ताओं में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि महंगे दामों पर पान मसाला बेचकर कुछ व्यापारी भारी मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारी मामले में मौन नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों, उपभोक्ताओं और छोटे दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रिंट रेट पर बिक्री सुनिश्चित कराई जाए और कालाबाजारी में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बाजार व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

# बांदा मार्ग में दो बाइकें भिड़ीं, तीन घायल

**घायलों को चैयरमैन ने पहुंचाया अस्पताल**

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



दोपहर करीब 1:30 बजे कस्बे के बांदा मार्ग में नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास के समीप दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष साथियों संग मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को ई-रिक्शा की मदद से अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर दो युवकों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है रविवार को दोपहर करीब 1:30 बजे बांदा चैयरमैन धीरेंद्र शिवहरे के आवास के समीप दो बाईकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा एक बाइक में सवार दो युवकों द्वारा बस को ओवरटेक करते समय हुआ। इस घटना में कुरारा निवासी संतोष कुमार (45),कस्बा निवासी टिंकू (25), राजेश (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल टिंकू एवं राजेश को अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने ई रिक्शा से ले जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराकर परिजनों को सूचित किया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। संतोष का उपचार निजी अस्पताल में किया गया।

### बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रहा ट्रैक्टर किया सीज

**अजनर/महोबा।** उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ के निर्देशानुसार क्षेत्र में चलाए जा रहे एंटी इलीगल माइनिंग अभियान के तहत पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना रॉयल्टी गिट्टी का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। संयुक्त टीम ने संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की, जिसमें आवश्यक प्रपत्र न मिलने पर वाहनों को कब्जे में लेकर थाना अजनर लाया गया। बाद में नियमानुसार उन्हें सीज करने की कार्रवाई की गई। यह पूरी कार्रवाई नायब तहसीलदार पंकज गौतम एवं थाना अजनर प्रभारी सुभाष चंद्र के नेतृत्व में संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और बिना रॉयल्टी खनिज परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।


**कार्यालय ग्रा0पं0 अहमदगंज वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 19/02/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत अहमदगंज विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 20/02/2026 से दिनांक 26/02/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 26/02/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 20/02/2026 से दिनांक 26/02/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | किसनू के खेत से बृजनंदन मास्टर की जगह तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6,79,833 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नंदराम के घर से पिंकी की दुकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6,74,739 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (प्रीती देवी राजपूत)** — **ग्रा0पं0 अहमदगंज, वि0ख0 शमशाबाद** — **सचिव (अरुण कुमार)**

# सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को न्यायमूर्ति ने वितरित किया स्वीकृति पत्र

- डालसा का मेघा वृहद जागरूकता शिविर में कल्याणकारी विभागों की रही सक्रिय सहभागिता



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव के निगरानी में रविवार को जी0आई0सी0 ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा/वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार के कर कमलों से आडिटोरियम में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया और आयोजन में सम्मिलित सभी स्टॉलों पर भ्रमण कर शिविर से संबंधित जानकारी ली गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़े चिन्हित पात्र लाभार्थियों को एक ही मंच से राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'एक छत, एक समाधान' की भावना को साकार करना था, जिससे लाभार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुख्य अतिथि को लाइव प्लाण्ट देकर उनका स्वागत किया गया। मंच पर अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायलय वन्दना सिंह, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा कैम्प श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, सी0जे0एम0 सुधा सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत, राकेश कुमार सिंह परियोजना निदेशक/नोडल अधिकारी मेगा कैम्प, नरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन, रामराज यादव, महामंत्री जिला बार एसोसिएशन उपस्थित रहे। मेगा सहायता व सेवा शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाया गया। आडिटोरियम में सभी न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष, बड़ी संख्या में महिलाएं, पत्रकार, युवा एवं अन्य पात्र नागरिक उपस्थित थे। जी0जी0आई0सी0 की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत किया गया। सूरज सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी बाराबंकी के मार्गदर्शन में लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, जादू जैसे सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर मेगा शिविर की भव्यता बढ़ाई गई। समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गए। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण (ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि) प्रदान किए गए। वृद्धावस्था, विधवा एवं निःशक्तता पेंशन के नए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

## खड़ी बाइक में लगी अचानक आग



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के हरिपालपुर गांव में खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो उससे पहले पेट्रोल खत्म होने पर लोगों ने पानी डालकर आग पर क़ाबू पा लिया। इसी गांव निवासी मनीराम यादव किसी काम से बाहर गए थे वापसी में वे बाइक खडी करके कुछ काम से गाँव में ही अरविंद पाल की दुकान पर रूक गये। तभी अचानक आग लग गई।

## विपक्षियों पर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के बारीखेड़ा गांव निवासी रामकिशोर पुत्र गौरी शंकर ने पत्नी सहित तीन लोगों पर लाठी डंडे वा लात घूसों से मारने पीटने एवं शिकायत पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी आये दिन घर से गायब रहती हैं, जब वह विरोध करता है तो मारती पीटती है। इसी बात को लेकर शनिवार रात भी उसकी पत्नी ने सुरेश व मंजू के साथ मिलकर पिटाई कर दी। लाठी डंडे से हमले में उसके सिर पर गम्भीर चोटे आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चार बच्चों की माँ रहस्मय ढंग से लापता

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मायके में रह रही चार बच्चों की माँ रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। माँ ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगायी है। कोतवाली के भिखरा गांव निवासी विद्यावती पत्नी रमेश ने बताया कि उनकी पुत्री का विवाह थाना सुबेहा के रुकनुद्दीनपुर गाँव निवासी मेवालाल के साथ हुआ था,परन्तु एक वर्ष पूर्व दोनों का रिश्ता टूट गया था।जिसके बाद से उनकी पुत्री अपने चार बच्चों के साथ मायके में रह रही थीं लेकिन शुक्रवार से गायब है। यही नहीं मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मतदान केंद्रों पर चलाया गया विशेष पुनरीक्षण अभियान



**बाराबंकी।** मतदान केंद्रों पर विधानसभा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया गया।बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। रविवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर सिरौलीगौसपुर के कम्पोजिट विद्यालय में बीएलओ इद्रेश कुमार यादव और सुनील यादव के साथ ग्राम प्रधान मैकूलाल और पंचायत सचिव कुलदीप वर्मा मौजूद रहे। इसी तरह लोधपुरवा,बदोसराय, राजापुर और रसूलपुर सहित अन्य सभी बूथों पर सुबह 10 बजे से बीएलओ उपस्थित रहे। उन्होंने नए मतदाताओं के फॉर्म भरवाए और मतदाता सूची से संबंधित अन्य आवश्यक कार्य संपन्न किए। बीएलओ के सहयोग के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा बहु और सफाई कर्मचारी भी लगाए गए हैं, ताकि अभियान का कार्य तेजी से पूरा किया जा सके। सिरौलीगौसपुर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय, सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बूथों का निरीक्षण कर दिए निर्देश।

## बुशरा शेख को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** राज्य स्तरीय आयोजित (एस ओ एफ) इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड (आई ई ओ) में प्रतिभाग कर बुशरा शेख अलहम्द पब्लिक स्कूल रायबरेली ने 95% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।बताते चलें कि बुशरा शेख मोहम्मद वसीम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय गौंवा बाजार निवासी पुरे राम प्रसाद (पूरे जोधी) खतियारा सलोन ने यह उपलब्धि कड़ी मेहनत के बाद हासिल की किया।60 प्रश्नों में 57 प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर 95 फीसद अंक हासिल कर उत्तर प्रदेश में 12 वां स्थान प्राप्त किया है।जिसे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिससे क्षेत्र मे खुशी का माहौल में पिता और उसके परिजन को क्षेत्र वासियों ने बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर का किया गया आयोजन

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदनोपरांत, माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में राजकीय इण्टर कालेज, रायबरेली में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा विधिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश रायबरेली श्री अमित पाल सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भूपेन्द्र राय, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, नोडल अधिकारी लोक अदालत अमित कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चन्द्रा व जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित किये गये। लाभार्थियों को ट्रैक्टर, छिड़काव कृषि ड्रोन, ट्राई साइकिल, मछली विक्रय हेतु मोपेड, कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत



स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना अन्तर्गत स्वीकृति पत्र, पॉपकार्न मशीन, पॉली हाउस, उद्यम ऋण, डेमो चेक व विभिन्न योजनाओं के लाभों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवासीय ग्रामीण योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को डेमो चाभी, स्वरोजगार योजना के प्रमाणपत्र, कृषि विभाग द्वारा कृषि यन्त्रों व विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान किये गये। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह द्वारा बताया गया कि सेवा मानवता का मूल है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो पर भी प्रकाश डाला गया। अन्य गणमान्य व्यक्ति ने भी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनायें दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमोद कंठ के द्वारा सभी लाभार्थियों व आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी, ए0डी0एम0 (वि0/राजस्व) रायबरेली, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उप मुख्यचिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द, क्षेत्राधिकारी महराजगंज, विधि छात्र, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्ता पराविधिक स्वयं सेवकगण तथा भारी संख्या में लाभार्थी व लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### विरोध के चलते वकीलों ने एसडीएम का पुतला फूंका



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुसाफिरखाना में एसडीएम अभिनव कनौजिया और बार एसोसिएशन के बीच उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। तहसील मुसाफ़िर खाना में बीते 54 दिनों से बार एसोसिएशन के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध की इसी कड़ी में शनिवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करते हुए एसडीएम अभिनव कनौजिया का पुतला दहन किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि एसडीएम द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, आरोप है कि गांव की जमीनों पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है तथा अधिकार क्षेत्र से बाहर की पत्रावलियों में भी आदेश पारित किए जा रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि इन आरोपों को लेकर जिलाधिकारी को जांच के लिए पत्र दिया गया है, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक जांच शुरू नहीं हुई। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई और स्थानांतरण नहीं हो जाता आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं द्वारा प्रशासन की ओर से मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

### दो दिन पहले गांव आए युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत शाहगढ़ चौकी के पूरे कन्हई पूरब गाँव निवासी राजकुमार चौहान उम्र 36 वर्ष पुत्र वीरेंद्र कुमार चौहान का गांव के बाहर पेड़ से फंदे पर लटकता शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक का पूरा परिवार शहर में रहता है और मृतक भी अभी दो दिन पहले गांव आया था। रविवार को जब ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटकता देखा तो परिजनों को सूचना दी। बाद में मृतक के मामा शालिग्राम निवासी श्रीरामपुर उमापुर गाना पट्टी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शहर में रहकर रोजगार करता था और बीते 20 फरवरी को घर आया था। मृतक की पत्नी और बच्चे घर पर हैं बाकी मृतक का पूरा परिवार शहर में है। सूचना मिलते ही शाहगढ़ चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत,देर तक सीमा विवाद में उलझा रहा मामला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के बाबूगंज ऐथी टोल प्लाजा के पास जहां जायस थाना क्षेत्र के मवई आलमपुर गांव निवासी दिनेश पुत्र गणेशी देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस से अपनी पत्नी के साथ जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित जिला अस्पताल अपना इलाज कराने आ रहा था। ट्रेन थोड़ी दूर चल पाई थी कि संदिग्ध परिस्थितियों में दिनेश ट्रेन से गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि खम्मा नंबर 959/8 के पास गिरकर उसकी मौत हुई है, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पड़ोसी जनपद रायबरेली की नसीराबाद पुलिस और जनपद की गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक दोनों थानों की पुलिस के बीच सीमा विवाद चलता रहा जिसके बाद गौरीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की।

## औचक निरीक्षण पर विकास भवन में अनुपस्थित मिले कई कर्मचारी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी वीरभानु सिंह द्वारा शनिवार प्रातः 10:15 बजे विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर कर्मचारियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी कार्यालय के कमता मणि त्रिपाठी सफाई कर्मी, अजीत मिश्र पत्रवाहक, प्रदीप कुमार पत्रवाहक, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के सूरज अग्रहरि कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से नीलम सिंह डी.पी.सी. बिना कारण बताए कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। जिस पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित पाए गए



समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपनी अनुपस्थिति के संबंध में विभागीय अधिकारी की संस्तुति सहित तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित दिवस के वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष बने अभय सिंह

- लोक जनशक्ति पार्टी रायबरेली का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न
- मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष का अभय सिंह के नेतृत्व में लखनऊ से लेकर रायबरेली तक हुआ जगह जगह भव्य स्वागत



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली के इंदिरा नगर कोतवाली क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने पार्टी की विचारधारा को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के लिए काम कर रही है साथ ही समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है । बिहार चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन किया । पासवान ने बताया कि पार्टी डबल इंजन सरकार के साथ मिलकर विकास कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अभय सिंह को रायबरेली जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। सिंह ने कहा कि पार्टी सभी वर्गों का सम्मान करती है। उन्होंने रायबरेली से आगामी चुनाव में उम्मीदवार उतारने की संभावना जताई। प्रदेश अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे दलित समाज को गुमराह कर वोट बैंक बनाने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी गठबंधन के साथ मिलकर प्रदेश में चुनाव लड़ेगी और पंचायत चुनाव में भी केंद्रीय नेतृत्व पर कार्य करेगी प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता पर आयोजक अभय सिंह जिलाध्यक्ष की पीठ थपथपाई और कहा कि आपके नेतृत्व में जो यह हजारों नौजवानों ने आज रायबरेली में कार्यकर्ता सम्मेलन में इतिहास रचा है या वाकई में काबिले तारीफ है।

# मैरिज लॉन से नकदी भरे बैग लूट का पुलिस ने किया खुलासा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना अमेठी पुलिस क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अमेठी से संबन्धित स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 सी 8655 सवार 3 अभियुक्तों सचीन कुमार चौहान पुत्र रामदर्शन चौहान निवासी ग्राम तुलापुर कोडरी मजरे नुवांवा थाना अमेठी, सिराजुद्दीन उर्फ लकी पुत्र निजामुद्दीन निवासी लोनियापुर थाना अमेठी व धीरज पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम लोनियापुर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह तीनों बीते 19 फरवरी को शाम करीब 8-9 बजे अमर मैरिज लॉन में आ रही एक शादी में सम्मिलित हुये थे तथा उसी बारात में सिराजुद्दीन उर्फ लकी ने एक व्यक्ति को धक्का मारकर उससे बैग छीन लिया था तथा पास में ही मोटरसाइकिल से इंतजार कर रहे सचीन कुमार चौहान व धीरज के साथ वहां से भाग गया था। लूट से प्राप्त रुपये में से कुछ रुपये उनलोगों ने खर्च के लिए निकाल लिए थे तथा शेष रुपये बराबर-बराबर बांट लिया था। बरामद रुपये उसी घटना से प्राप्त रुपये में से शेष बचे हुये हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## नहर में बहता मिला अधजला शव, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत शारदा सहायक खण्ड 49 नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ दिखाई दिया। मामला जामों थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव के पास का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और अर्धजली हालत में है। नहर के किनारे से गुजर रहे राहगीरों ने जब पानी में शव को बहते देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी भी जुटा रही है और मामले की हर तरफ से जांच की जा रही है।

## नवीन गल्ला मण्डी सीतापुर में वृहद विधिक साक्षरता व सहायता शिविर का किया गया आयोजन


**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में दिनांक-22 फरवरी 2026 दिन रविवार समय प्रातः-10.00 बजे से स्थान नवीन गल्ला मण्डी सीतापुर में वृहद विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री आशीष जैन रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आम जन मानस को लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी एवं उन्हें लाभान्वित भी किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना,



उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, टूलकिट वितरित की गयी। दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण भी कराया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य की विभिन्न जांचें भी कराई एवं परामर्श भी प्राप्त किया। विभिन्न विद्यालयों की छात्र/छात्राओं ने विधिक जागरूकता से सम्बंधित नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण भी किया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के पांच खिलाड़ियों तनिष्का पाल, नूह फातिमा, कामनी राजपूत, आरिका आजाद और नीरज राज को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रेजेंटेशन भी दिया गया। सभी अतिथियों द्वारा स्टालों का भ्रमण भी किया गया।

## सचिव पर कार्रवाई, प्रधान दहेलिया श्रीरंग को संरक्षण डीपीआरओ की भूमिका पर उठे सवाल

**सीतापुर।** के विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्री रंग में भ्रष्टाचार के मामले में सचिव पर कार्रवाई होने के बाद भी प्रधान पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायत में मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी का मामला सामने आया, जिसमें आरोप है कि प्रधान द्वारा अपने ही बेटे के खाते में फर्जी मजदूरी भुगतान कराया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. राजा गणपति आर ने संज्ञान लेकर सचिव गीतांजलि वर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया। हालांकि सचिव पर कार्रवाई के बावजूद ग्राम प्रधान के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू द्वारा प्रधान को संरक्षण दिया जा रहा है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव पर कार्रवाई कर मामले को अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि फर्जी भुगतान में प्रधान की भूमिका भी सामने आई है। आरोप है कि डीपीआरओ स्तर से जांच फाइल दबाई जा रही है और कार्रवाई में जानबूझकर देरी की जा रही है, जिससे प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि क्या जिलाधिकारी प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर फर्जी भुगतान की रिकवरी कराएंगे और क्या जांच में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी या मामला यूं ही ठंडे बस्ते में पड़ा रहेगा।



# निरंकारी सेवा दल के स्वयंसेवकों ने की काली नदी की सफाई

- संत निरंकारी मिशन चैरिटेबल फाउंडेशन ने चलाया सफाई अभियान
- अमृत परियोजना के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के चौथे चरण का शुभारंभ



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

संत निरंकारी मिशन चैरिटेबल फाउंडेशन ने अमृत महोत्सव प्रोजेक्ट के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के चौथे चरण का शुभारंभ कर फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पर निरंकारी मिशन सेवादल के भाई बहिनों व संगत के महात्माओं ने अभियान चलकर मिलजुल कर साफ सफाई की। अभियान का शुभारंभ करते हुए छिबरामऊ ब्रांच के मुखी राज कुमार गुप्ता ने कहा 23 फरवरी को हम लोग निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जन्मदिवस मनाते हैं। इसके उपलक्ष्य में पूरे विश्व में सफाई अभियान चलाया जाता है। सेवादल के शिक्षक सन्तोष कुमार व मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा यह मानवता की सबसे महान सेवा है। सेवादल के शिक्षक महात्मा मनीष शाक्य व सेवा दल संचालिका शशि प्रभाकर ने कहा काली नदी पर निरंकारी मिशन सेवादल के स्वयंसेवकों व संगत के महात्माओं ने मिलजुल कर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। नदी के तट पर फैली अपार गंदगी को फावड़ा, तसला, झाड़ू की सहायता से उस स्थान को गंदगी से मुक्त किया। इसके साथ ही सत्संग भवन व आस पास भी सफाई की गई। ब्रांच के मुखी राज कुमार गुप्ता ने कहा 25 फरवरी बुधवार को दिल्ली से महात्मा आशीर्वाद देने आ रहे हैं। सभी महात्मा समय से सत्संग भवन पहुंचनें की कृपा करें।

## पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने की सराहना

छिबरामऊ। काली नदी पर पहुंचे पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने निरंकारी मिशन द्वारा अमृत परियोजना के तहत चलाये जा रहे स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सेवादल दल के स्वयंसेवकों की सराहना की।

## अशोक वाल्मीकि कन्नौज के जिलाध्यक्ष मनोनीत

गुरसहायगंज कन्नौज। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन को विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अशोक वाल्मीकि ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जनपद सहित कई नगरों के सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके अंतर्गत संगठन को एक नई दिशा मिल सके उन्होंने कहा कि जनपद कन्नौज में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संगठन की शाखा का गठन किया गया है। रविवार को मोहल्ला आजाद नगर गुरसहायगंज स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले दोपहर सफाई कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री अशोक वाल्मीकि ने जनपद कन्नौज में सफाई कर्मचारी की समस्याओं को लेकर संगठन की शाखा का गठन किया जनपद कन्नौज में अनिल कुमार वाल्मीकि को जिला अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि समधन को जिला महामंत्री नियुक्त किया।

# डिजिटल जागरूकता और सर्वेक्षण पर जोर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयोजक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। स्वयंसेवकों ने कमालपुर गांव में व्यापक सर्वेक्षण किया, जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, मतदाता पहचान पत्र और स्वच्छता से जुड़े आंकड़े एकत्र किए गए। इस दौरान ग्रामीणों से इन योजनाओं और मुद्दों पर विस्तृत संवाद भी किया गया, जिससे जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली। डिजिटल जागरूकता सत्र में कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. धर्मवीर सिंह ने आधुनिक युग की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कार्यक्षमता बढ़ाती है। सूचना और संचार क्रांति के इस दौर में अधिक जानकारी और उसके विश्लेषण की क्षमता व्यक्ति को सशक्त बनाती है। विद्यार्थियों को नेट सर्फिंग, ई-मेल, पीपीटी निर्माण, हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग, ऑनलाइन बैंकिंग, बुकिंग और रिपोर्टिंग जैसे कौशल सीखने चाहिए। सोशल मीडिया का सतर्क उपयोग, चैटजीपीटी व एआई की जानकारी, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा स्क्रीन टाइम का संतुलन बनाए रखकर मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा पर जोर दिया। डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने इंटरनेट को शिक्षा और कौशल विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए ऑनलाइन लाइब्रेरी के लाभ बताए, जिससे कम समय, ऊर्जा और धन में ज्ञानवृद्धि संभव है। शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों–गीत और संगीत–के साथ हुआ। इस अवसर पर किरण कुमारी और सतीश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बीएससी छात्र की मौत, दोस्त घायल

- पुलिस ने कब्जे में लिया ट्रक

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम बहवलपुर के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो छात्रों को रौंद दिया। इस भीषण हादसे में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलसिंहपुर कसावा निवासी 23 वर्षीय रुद्र पुत्र अशोक कुमार नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी अपने 20 वर्षीय दोस्त गौरव शाक्य पुत्र राजकुमार के यही आया था। यहां से गौरव अपने मित्र रुद्र को बाइक से उसके गांव छोड़ने जा रहा था। तालग्राम रोड पर बहवलपुर के पास पहुंचते ही पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों छात्र सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से दोनों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां रुद्र को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि गौरव की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रुद्र विद्या प्रकाश महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, रो-रोकर उनका बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दुर्घटना करने वाले ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## आश्रम में युवक की मौत तीन गंभीर घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ रोड पर ग्राम रयपुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जनपद फर्रूखाबाद के थाना जहानगंज अंतर्गत ग्राम नगला रघोल निवासी कुलदीप (25) पुत्र सुदामा, अपनी पत्नी उमा (22), दो वर्षीय पुत्री रागिनी और चचेरे भाई नीरज (30) पुत्र हरिचंद्र के साथ बाइक से अपने मामा सत्यभान के घर जा रहे थे। उनका ननिहाल तरिया रामनगर में है। जैसे ही उनकी बाइक विशुनगढ़ (रयपुरा) मोड़ पर पहुँची, तभी सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी। बाइक सवार चारों लोग सड़क पर काफी दूर जाकर गिरे और लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को तत्काल सौ शैया अस्पताल पहुँचाया जहां डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कुलदीप, उमा और मासूम रागिनी की प्राथमिक चिकित्सा के बाद हालत नाजुक देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। परिवार में कोहराम मच गया।

# बीएलओ ने मतदाताओं की समस्याओं का किया निराकरण

- एसआईआर विशेष अभियान

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रविवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान के तहत ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहे और मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त कीं।

नगर के सबसे बड़े मतदान केंद्र हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 171 से 180 तक के बीएलओ प्रशांतवीर सिंह, रोजी अवस्थी, अंजू सक्सेना, रमेश चंद्र, अरुण प्रताप सिंह, मंजूलता, मीना वर्मा, सुबोध कुमार, सुंदरी एवं अतुल राजपूत ने मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान भाजपा के बीएलए आशू दीक्षित वंदेमातरम एवं अभिषेक पाठक भी मौजूद रहे और प्रक्रिया में सहयोग किया।

वहीं, ग्राम खानपुर कसावा में बूथ 97 एवं 98 पर एईआरओ (खंड शिक्षा अधिकारी जलालाबाद) शिवेंद्र कुमार के साथ बीएलओ नीरज पाल एवं जितेंद्र कुमार ने मतदाताओं की शिकायतों का निस्तारण किया। अभियान के दौरान प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में पाई गई किसी भी कमी, त्रुटि या नाम जुड़वाने/हटवाने संबंधी आपत्तियों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इस विशेष अभियान से मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बरकत का महीना है रमजान इबादत में गुजारें वक्त

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान का कहना है रमजान बरकत का महीना है, इसकी अहमियत को समझें और इबादत में वक्त गुजारें उन्होंने कहा गहराई में जाकर समझना होगा कि केवल भूखे पेट रहने को रोजा नहीं कहते, बल्कि इंसानी इच्छाओं पर काबू रखते हुए खुद को इबादत में मशगूल रखने को रोजा कहते हैं। इंसान को तमाम गुनाहों से बचना चाहिए, इसमें झूठ, धोखा, चुगली भी शामिल है। रमजान का महीना सबसे अफजल है। यह अल्लाह पाक का महीना है। रमजान के रूप में अल्लाह पाक ने बंदों को नेक काम करने का मौका दिया है। इस मौके का पूरा फायदा उठाएं। गुनाहों से तौबा करें और अल्लाह को राजी करें तभी रमजान की इबादत मकबूल होती है। इसलिए ज्यादा वक्त इबादत में गुजारें और अल्लाह से दुआ करें कि वह आपके मकसद को पूरा करें। अल्लाह ने अपने बंदों के लिए माह-ए-रमजान में बेपनाह बरकत और रहमत रखी है। रोजा भूख व प्यास को बर्दाश्त करने तथा सन और इंसानियत के जज्बे को समझने का पाठ पढ़ाता है। अहले वतन को माह-ए-रमजान की दिली मुबारकबाद।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने अपने आवास पर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, उपाध्यक्ष प्रथम विनीत त्रिपाठी, प्रशासनिक सदस्य ललित दुबे को माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र भेंट कर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि बार एसोसिएशन न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में अत्यंत सम्मानजनक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव-निर्वाचित पदाधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, बार की एकता एवं गरिमा बनाए रखने तथा समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श भी हुआ, जिसमें अधिवक्ता समाज के विकास, न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सामाजिक समरसता पर चर्चा की गई। अंत में सभी अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आलोक दुबे एडवोकेट, अनुज चतुर्वेदी एडवोकेट, सचिन पांडेय एडवोकेट, प्रशांत गुप्ता एडवोकेट, अजय गुप्ता, अंशुल राठौर, शिवा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी पिकप, चालक घायल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

चालक की झपकी एक बार फिर सड़क दुर्घटना का कारण बन गई, हालांकि इस घटना में कोई जनहानि होने से बच गई।

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के गोर गांव निवासी सचिन पुत्र राजेंद्र सिंह एक पिकप कार में टमाटर लादकर एक्सप्रेस वे के रास्ते नोएडा जाने को रवाना हुए थे। जैसे ही पिकप जिले के तालग्राम थाना क्षेत्र के अमोलर गांव के निकट एक्सप्रेस वे के प्वाइंट 181 के निकट पहुंची, इसी दौरान पिकप असंतुलन के कारण डिवाइडर से टकराकर ओवरटेक लाइन में पलट गई। घटना के दौरान जहां एक्सप्रेस वे पर तीनों लाइनों पर यातायात जारी था, वहीं इस हादसे से कोई दूसरी बड़ी घटना घटने से बाल बाल बच गई। घटना का कारण पिकप चालक को नींद की झपकी आना बताया गया है। हादसे की जानकारी पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, यूपी 112, एटलस सेफ्टी टीम, रिकवरी वाहन, सहित तालग्राम थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। दुर्घटना के दौरान पलटी पिकप में फंसे चालक को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु स्थानीय हॉस्पिटल भेजा गया,जहां उपचार के दौरान चालक की हालत में सुधार था। एक्सप्रेस वे पर घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था सामान्य करने को मौके पर मौजूद उपरोक्त टीमों ने दुर्घटनाग्रस्त पिकप को सीधा करवाने के बाद किनारे खड़ा करवाया और सड़क पर फैले टमाटरों को कैरेट में भरवाकर स्थित सामान्य कराई गई।

# बढ़ते साइबर अपराधों पर सतर्कता ही बचाव का प्रभावी उपाय

- एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को बताए बचाव के उपाय

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।




शिविर में जागरूक करते मुख्य अतिथि डॉ उमेश यादव व मौजूद प्राचार्य

गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी विवेकानंद इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का शुभारंभ राष्ट्रगान, एनएसएस लक्ष्य गीत व शपथ के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। मुख्य विषय ÷साइबर एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव डिजिटल सुरक्षा जागरूकता÷ रहा। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश यादव (उप-प्रधानाचार्य, मां शीतला देवी इंटर कॉलेज) ने डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए सतर्कता को ही बचाव का प्रभावी उपाय बताया। प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने ओटीपी, बैंक विवरण व निजी जानकारी साझा न करने, संदिग्ध लिंक से बचने तथा ठगी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत चांदापुर में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए।

सायंकालीन सत्र में मनोरंजक गतिविधियों के साथ सामूहिक भोजन कर टीम भावना को मजबूत किया गया। कार्यक्रम में कुलानुशासक दिलदार सिंह सहित समस्त स्टाफ व स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

# प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट से जुड़े युवा वर्ग धीरेंद्र आर्य

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज की हुई बैठक में संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष प्रजापति धीरेंद्र आर ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि एक्टिव कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़कर प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज को एक नई दिशा प्रदान करें उन्होंने जनपद के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए युवा वर्ग को सामने आना चाहिए जिससे कि संगठन को नई दिशा मिल सके। इससे पहले प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट के मनोनीत जिला अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी को फूल मालाओं से लात कर उनका भव्य स्वागत किया गया है। रविवार को मोहल्ला जवाहर नगर स्थित चकोर कारखाने में प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज की बैठक हुई।

जिसमें ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व चेयरमेन प्रजापति धीरेन्द्र आर्य मुख्यप्रबंधक सतीश चन्द्र प्रजापति,एवं ट्रस्ट के प्रबंधक जीतू प्रजापति की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज का अध्यक्ष विजय प्रजापति को चुना गया इसके साथ साथ ही ट्रस्ट की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. मानसिंह प्रजापति, डॉ. मनोज प्रजापति, सोवरन प्रजापति एवं महासचिव सुमित प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, सहकोषाध्यक्ष अमित प्रजापति एवं सचिव राजकिशोर प्रजापति, अनिल प्रजापति व मिडिया प्रभारी डॉ विवेक प्रजापति एवं आई टी सेल प्रभारी संदीप प्रजापति एवं चुनाव समिति अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति उपाध्यक्ष कन्हैयालाल प्रजापति ऑडिटर ट्रस्टी कुलदीप प्रजापति (जेई.), संजीप प्रजापति (अध्यापक ) एवं विनोद प्रजापति आदि लोगों को ट्रस्ट का पदाधिकारी चुना गया।

मनोनीत जिला अध्यक्ष विजय कुमार प्रजापत ने बताया कि जो संरक्षक ने मुझे जनपद कन्नौज का जिला अध्यक्ष बनाकर दायित्व सोपा है उसको ईमानदारी के साथ निर्वाह किया जाएगा और संगठन को मजबूत करने के लिए जनपद के कस्बा नगर एवं ब्लॉक स्तर तक नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जिससे संगठन को मजबूती प्रदान हो सके।

# मेगा विधिक सहायता शिविर में 126 लाभार्थी हुए लाभान्वित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पी.एस.एम. डिग्री कॉलेज, कन्नौज में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश हरिप्रसाद, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

शिविर में 36 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कुल 126 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, डेमो चेक एवं अन्य लाभ वितरित किए गए। उद्यान, वन, श्रम, कौशल विकास, खादी ग्रामोद्योग, कृषि, परिवहन, महिला कल्याण, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जल जीवन मिशन सहित कई विभागों ने पात्रों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को लैपटॉप/स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 7.45 करोड़ की रिवॉल्विंग फंड व सामुदायिक निवेश निधि का डेमो चेक प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड एवं टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी वितरित की। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 28 किसानों को 1.36 करोड़ डीबीटी से हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव डीएलएसए स्नेहा, एडीजे हरेंद्रनाथ, सीजेएम राजेंद्र कुमार सिंह, सिविल जज विपिन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तहसीलदार ने किया चुनावी बूथों का निरीक्षण, दिए निर्देश

कन्नौज। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत तहसीलदार ने रविवार की छुट्टी के बावजूद तिर्वा विधानसभा के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बताते चलें कि,विधानसभा के बूथों के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अवनीश कुमार ने संबंधित बीएलओ को मतदाता सूची सुधार के निर्देश दिए, इसके अलावा मतदाताओं की नई सूची को अवलोकन करवाने के भी निर्देश जारी किए गए। तहसीलदार ने बीएलओ को बताया कि, नई सूची में कोई त्रुटि ना हो, जैसे मतदाता का नाम छूट जाना, सूची में किसी प्रकार की गलत जानकारी शामिल होना, मृतक का नाम दर्ज रह जाना, आदि ना होने पाए। बीएलओ को मतदाताओं को संबंधित फॉर्म भरवाकर कार्य समय पर पूरा करने के आदेश भी जारी किए गए। तहसीलदार ने बताया कि, उपरोक्त निरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि रहित और अद्यतन बनाना है।

# मंत्री असीम अरूण ने एसडीएम के साथ सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस निर्देश को दिए जाने के बाद कि, कोई भी शिकायतकर्ता पहले अपनी समस्याओं को जिले के संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि के समझ रखे उसका निदान होगा, इसके बाद ही उच्च स्तर पर हम तक आगे आएं, इसी निर्देश के तहत रविवार को समाज कल्याण मंत्री ने स्थानीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। बताते चलें कि, बीते समय में बड़ी संख्या में पीड़ित लोग मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने लगे थे। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्देश जारी किया गया था कि, किसी भी जिले के पीड़ित अपनी समस्या को लेकर पहले अपने जिले के जनप्रतिनिधि और जिले के संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या लेकर जाएं ,अगर समस्या के निदान में कोई दिक्कत आती है तो ही इसके बाद आगे बढ़े। पीड़ितों की समस्याएं उनके जिले में ही जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी हल करें, इसको लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप ही रविवार को जिले के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तिर्वा क्षेत्र के ठठिया थाना अंतर्गत खैरनगर अड्डापुर्वा के निकट नाथ स्टार स्कूल पहुंचे। उनके साथ तिर्वा एसडीएम राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। विद्यालय में मंत्री के पहुंचने की खबर पर ग्रामीणों की भीड़ भी पहुंची। यहां ग्रामीणों की भीड़ ने अपनी अपनी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। ग्रामीणों की अधिकतर समस्याएं जमीन संबंधी रहीं, जिनमें मेड़बंदी पट्टा, पानी, पुलिस संबंधी, साफ सफाई के संबंध में रहीं। ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण को मंत्री से गुहार लगाई। इस पर मौके पर मौजूद मंत्री ने एसडीएम राजेश कुमार और अन्य विभागीय अधिकारियों और कर्मियों से पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को शीघ्र हाल करने की बात कही। मंत्री ने ग्रामीणों को आस्वस्थ किया कि उनकी समस्याओं को प्रमुखता के आधार पर हल किया जाएगा।

# अब कैसे होंगे हाथ पीले, चोरों ने पार की ज्वैलरी और नकदी

- घटना की सूचना पर घर के मुखिया की हालत बिगड़ी, हॉस्पिटल मे कराया भर्ती

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शातिर चोरों ने एक बार फिर एक किसान के आवास पर निशाना साधने के बाद लाखों रुपए की ज्वैलरी और नकदी पर हांथ साफ कर दिया। घर पर बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। वारदात की जानकारी पर जहां परिजनों में हड़कंप मच गया, वहीं घर के मुखिया को मामले की जानकारी हुई तो उनकी तबियत बिगड़ गई और उनको उपचार हेतु हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक तिर्वा तहसील क्षेत्र के थाना ठठिया अंतर्गत जनखत के गांव पहाड़ीपुर निवासी सुरेश सिंह के गांव में दो मकान हैं। पुराना घर गांव के अंदर जबकि नया घर गांव के बाहर कुछ दूरी पर स्थित है। दिन में घर के सदस्य गांव के बाहर बने मकान में अधिकतर रहते हैं, जबकि रात के समय सभी लोग पुराने मकान में रहते हैं। बीते शनिवार को भी जब सुरेश अन्य परिजनों के साथ दिन के समय अपने नये घर पर गए हुए थे, इसी दौरान शातिर चोरों ने उनके गांव में स्थित पुराने घर को निशाना बनाया। दिनदहाड़े चोरों ने घर के ताले तोड़ने के बाद घर पर मौजूद करीब तीन लाख रुपए की नकदी और ज्वैलरी पर हांथ साफ कर दिया।

देर सायं किसान सुरेश अपने परिजनों के साथ जब गांव में बने घर पर वापस लौटे तो हड़कंप मच गया। घर के ताले टूटे देख जब घर के अंदर देखा गया तो लाखों की नकदी और ज्वैलरी गायब थी। शोर गुल पर गांव के ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। चोरी की वारदात के सदमे से मौके पर मौजूद गृह स्वामी किसान सुरेश बेहोश होकर जमीन पर गिर गए, जिन्हें परिजनों द्वारा उपचार हेतु स्थानीय हॉस्पिटल ले जाया गया। मामले की जानकारी सुरेश के भाई सुरेश के बड़े भाई राजेंद्र ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

गृह स्वामी सुरेश ने बताया कि, उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें उनकी बेटी कोमल सबसे बड़ी है और उसकी शादी की तैयारियां चल रही हैं। अभी शादी की तारीख निश्चित नहीं हुई है। किसान ने बताया कि हाल ही में भैंस को बेंचा गया था, उस बिक्री की रकम के अलावा अन्य प्रकार से जुटाई गई रकम शादी के कारण ही घर पर करीब तीन लाख रुपए की नकदी और ज्वैलरी रखी हुई थी।

# आफीसर्स क्लब में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं प्राधिकरण की सचिव, डीएम व एसपी


कार्यक्रम के दौरान मौजूद न्यायिक अधिकारीगण व अन्य

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज नीरज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला जज नीरज कुमार ने बताया कि जो लोग धन के अभाव में अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस आयोजन का मकसद लोगों में कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिलें वितरित की गई। शिविर के शुभारंभ स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया। इस मेगा शिविर में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, राजस्व विभाग, न्याय विभाग, ग्राम्य विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि यह विधिक सहायता सेवा शिविर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सोलर सहित तमाम विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, ताकि लोग योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ ले सके। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की बात कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश/सचिव प्रियंका गांधी ने जानकारी दी कि यह मेगा शिविर जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानूनी मदद कैसे मिले और मुकदमों में फंसने पर सरकारी सेवा कैसे प्राप्त हो, इस बारे में जागरूक करना है। उन्होंने विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाने का भी उल्लेख किया। इसके अलावा सामान्य जनता का हुजूम लगभग 5354 के आसपास रहा है। कार्यक्रम में अनुमानित 5354 की संख्या में लोग सम्मिलित होकर सामान्य जनता के लोग भागीदार बने। कार्यक्रम का समापन शाम करीब 5:00 बजे किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर न्याय विभाग की ओर से न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, प्रशासन की ओर से सभी विभागों के अधिकारीगण, स्वयं सहायता समूह के सदस्यगण, न्यायालय की ओर से न्यायिक/प्रशासनिक कर्मचारीगण, विभिन्न कॉलेजों के शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिनितम उपाध्याय व संचालन सचिन सिंह बाल कल्याण अधिकारी ने किया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।


घटनास्थल पर घायल व मौजूद ग्रामीण

एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने दोनों वाहनों के चालकों को पकड़ लिया, लेकिन मौका पाकर दोनों फरार हो गये। घटना से गुस्साये लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर घायल को सीएचसी भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर निवासी शिवराम ठाकुर दोपहर बाद लगभग 3 बजे किसी काम से बाइक से नवाबगंज जा रहे थे। जैसे ही शिवराम गांव वीरपुर से निकले और ब्रह्मदेव के पास पहुंचे, वैसे ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार निजी एम्बुलेंस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवराम बाइक समेत बगल में चल रहे ट्रैक्टर के पहिए के नीचे घुस गए। जिस कारण ट्रैक्टर का पहिया शिवराम के ऊपर चढ़ गया। पहिया चढ़ने से शिवराम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर खेतों में काम कर रहे लोगों ने ट्रैक्टर व एम्बुलेंस को पकड़ लिया, लेकिन मौका देकर दोनों वाहनों के चालक घटनास्थल से फरार हो गए। ग्रामीणों ने भागकर उनका पीछा किया, लेकिन पकड़ में नहीं आ सके। गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगाया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक सड़क पर जाम बना रहा। सूचना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया। पुलिस ने घायल शिवराम को सीएचसी नवाबगंज भेजा और क्षतिग्रस्त बाइक, ट्रैक्टर व निजी एम्बुलेंस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा लिया।

# डीएम ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण


कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**बालिकाओं से उनके पठन-पाठन के बारे में की जानकारी**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय नवाबगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कमियां पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की और सुधार करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा बालिकाओं को दिये जा रहे भोजन का निरीक्षण किया गया। भोजन में मेन्यू के अनुसार मटर पनीर की सब्जी, पूड़ी, चावल, रसगुल्ला बना हुआ पाया गया। भोजन की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा बालिकाओं से उनके पठन पाठन के बारे में जानकारी की गई व कवितायें सुनी गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खराब हो रहे फर्नीचर की मरम्मत कराई जाये। शौचालय में नल, फ्लश सही कराये जायें। विद्यालय भवन के पिछले हिस्से में सफाई कराई जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियाँ पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वार्डन को निर्देश दिये कि छात्राओं के खानपान व उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाये। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अमनरेश चौहान नवाबगंज उपस्थिति रहे।

# अज्ञात चोरों ने मंदिर से घंटे किये चोरी


घटना की जानकारी देते ग्रामीण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद मेन रोड पर स्थित मां दुर्गा मंदिर मठिया में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए मंदिर से तीन घंटे चोरी कर लिए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मंदिर परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ पर लगा लगभग 11 किलो वजनी एक बड़ा घंटा, साथ ही मंदिर के अंदर स्थापित 5-5 किलो के दो घंटे चोर उखाड़ ले गए। कुल मिलाकर करीब 21 किलो पीतल के घंटे चोरी कर लिए गए। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। सुबह लगभग 5.00 बजे जब मंदिर के पुजारी महिमा चंद्र पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो चोरी की जानकारी हुई। देखते ही देखते खबर पूरे गांव में फैल गई और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। ग्रामीणों ने मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने और रात्रि गश्त तेज करने की मांग की है।

# कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान

**10 लीटर कच्ची शराब बरामद, 80 लीटर लहन की नष्ट**

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


लहन नष्ट करती पुलिस

कोतवाली क्षेत्र नगर से सटे गाँव श्यामनगर में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कच्ची शराब को लेकर छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

रविवार दोपहर आबकारी इंस्पेक्टर सुधांशु चौधरी, कोतवाली इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी और मंडी चौकी प्रभारी बलवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ श्यामनगर पहुंचे। टीम ने गांव के संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की गाड़ियां और भारी फोर्स देखकर गांव में खलबली मच गई। कई घंटों तक चली इस मशक्कत के दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से 10 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद की। साथ ही मौके पर 80 किलो लहन बरामद हुई, जिसे पुलिस ने तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया। टीम ने संदिग्ध पाए गए कई घरों की भी बारीकी से तलाशी ली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि होली के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री और निर्माण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी सूरत में अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफकठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने टक्कर मारकर घायल करने के मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार करे विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित मोहम्मद मोवीन पुत्र अब्दुल कदीर निवासी ग्राम आजाद नगर भटपुरा थाना कमालगंज ने कहा कि दिनांक 25.01.2026 को समय करीब सुबह 11 बजे मेरे पिता के भाई शकूर मोहम्मद उम्र 65 वर्ष पुत्र अब्दुल गफूर अपने गांव आजाद नगर भटपुरा से गांव भूड़ नगला पैदल जा रहे थे, तभी मेन रोड पर पीछे कमालगंज की तरफ से आये अपाचे मोटर साईकिल यू0पी076 जैड4082 चालक नाम पता आज्ञात ने तेजी व लापरवाही से पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे शकूर मोहम्मद गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। जिन्हें सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया था। वहां से डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा की कोतवाली अलीगंज के गांव अगौनापुर निवासी मोरसिंह रविवार को थाना मेरापुर के गांव हथौड़ा में अपनी रिश्तेदारी से बाइक पर अपनी पत्नी ममता देवी को लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे। मोर सिंह जैसे ही थाना मेरापुर के गांव नया गांव पहुंचे, तभी सामने से आ रहे टेम्पो के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार मोर सिंह व पत्नी ममता देवी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट दल सिंह व ईएमटी सौरभ ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां मौजूद फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायल ममता की हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### अलग-अलग दो युवक तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ व थाना मऊदरवाजा पुलिस ने अलग-अलग दो लोगों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान व्यक्ति महावीर पुत्र मेवाराम निवासी घमुइया रसूलपुर थाना नवाबगंज को एक तमंचा ३१५ बोर व एक कारतूस तथा थाना मऊदरवाजा पुलिस ने शिवम पुत्र भईयालाल निवासी काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया को एक तमंचा ३१५ बोर व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### आगामी होली व रमजान पर्वों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में आगामी होली और रमजान पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नारायण पांडे ने की। थानाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों से दोनों पर्वों को आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले भ्रामक संदेशों से बचने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि होली के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि हुड़दंग करने वालों या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आग लगने से दो परिवारों की जली गृहस्थी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र स्थित हरसिंहपुर कायस्थ गांव में रविवार दोपहर आग लगने से दो परिवारों की झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इस घटना में राकेश पुत्र रामबक्स और उनके बेटे अनूप के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से चारपाई, वस्त्र, अनाज, बर्तन और दैनिक उपयोग का अन्य सामान पूरी तरह जल गया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। आग की सूचना मिलते ही गांव के दर्जनों लोग बाल्टी, पाइप और पानी के टैंकर लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पाया। उनकी तत्परता के कारण आग को आसपास के अन्य मकानों तक फैलने से रोका जा सका। घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल आशीष मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को शासन स्तर से राहत दिलाने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान सुधीर कुमार राजपूत ने भी तत्काल घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रधान द्वारा राहत सामग्री उपलब्ध कराने की पहल भी की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र आर्थिक सहायताए खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट पीस रैली का जनपद में हुआ स्वागत


कार्यक्रम के दौरान मौजूद रोटरी क्लब के सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शांति सद्भावना और भाईचारे के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी मंडल 3110 के मंडल अध्यक्ष रोटरी राजन विद्यार्थी के नेतृत्व में रोटरी डिस्ट्रिक्ट पीस रैली का आयोजन किया गया।

जो बरेली शहर से प्रारंभ होकर मंडल के विभिन्न शहरों में शांति और सद्भावना का संदेश देते हुए फर्रुखाबाद पहुंची है। यह यात्रा 18 फरवरी 2026 को बरेली से प्रारंभ हुई थी। वहां से पीलीभीत, रुद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, काशीपुर, रामपुर, बदायूं, कासगंज, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, उन्नाव होकर फर्रुखाबाद पहुंची है। रोटरी मंडल अध्यक्ष रोटरी राजन विद्यार्थी, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री रोटरी मोहन गुप्ता और रैली के अध्यक्ष रोटरी मनीष शर्मा रविवार को फर्रुखाबाद बॉर्डर पर पहुंचे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर वी.के. के गुप्ता, सचिव रोटरी दीपक खन्ना और सभी सदस्यों ने रैली का स्वागत किया तथा सभी अपनी गाड़ियों से फतेहगढ चौराहा, भोलेपुर, मेमोरियल हॉस्पिटल होते हुए डायमंड पैलेस होटल आवास विकास पहुंचे। वहां पर सभी रोटरी सदस्यों की पत्नियों और बाकी सदस्यों ने रैली का स्वागत किया। होटल डायमंड पैलेस में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल और नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल थे। रोटरी राजन विद्यार्थी ने इस शांति रैली के बारे में सभी को संबोधित किया। मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल ने बाहर से आए रोटरी के पदाधिकारियो ने संबोधन किया।

फर्रुखाबाद रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. वी.के. गुप्ता ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। फर्रुखाबाद रोटरी क्लब की रैली का आयोजन सचिव रोटरी दीपक खन्ना ने किया। बैठक का कार्यक्रम और भोजन की व्यवस्था रोटरी आशुतोष टंडन की देखरेख में हुआ। सभी रोटेरियन परिवार खासकर महिलाओं ने इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रकोष्ठ ने राहुल गांधी का फूंका पुतला


पूतला फूंकते विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता स्थानीय कार्यालय कायमगंज नगर के सब्जी मंडी जवाहरगंज पर एकत्रित हुए और देशद्रोही मानसिकता वाली कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जो प्रदर्शन किया गया उसकी कड़े शब्दों में निंदा की, क्योंकि विश्व स्तरीय आयोजन एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन से कांग्रेस ही नहीं पूरे देश की छवि धूमिल हुई है। जिस पार्टी का प्रमुख राहुल गांधी देश विदेश जाने पर भारत के खिलाफ बोलकर खुद देशद्रोही होने का सबूत देते हैं आज इस पार्टी ने अपनी औकात दिखा दी। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उक्त प्रदर्शन का विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रकोष्ठ राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध प्रकट करता है। पुतला फूंकने वालों में प्रदीप सक्सेना, अनूप चौबे, शिवमंगल कौशल, जयकुमार, सनी शर्मा, अमित वर्मा, रिंकू कौशल आदि शामिल थे।

# अवैध निर्माण रोकने गई पुलिस पर पथराव, महिला कांस्टेबिल से हाथापाई

**सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में नामजद व अज्ञात में मुकदमा दर्ज**

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

कमालगंज थाना क्षेत्र के नगला जोध गांव में अवैध निर्माण रोकने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इस दौरान एक महिला कांस्टेबिल से हाथापाई भी की गई। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट और पथराव के आरोप में नामजद व अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई खुदागंज चौकी प्रभारी अनिल कुमार की तहरीर पर की गई है। पुलिस के अनुसार 21 फरवरी को पीआरवी संख्या 7871 के माध्यम से सूचना मिली थी कि नगला जोध निवासी मनीष, पंकज और मोनू अवैध रूप से मकान का निर्माण कर रहे हैं और रोकने पर भी नहीं मान रहे हैं। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया। पुलिस का आरोप है कि समझाने का प्रयास करने पर आरोपी पक्ष उत्तेजित हो गया और गाली-गलौज करने लगा। स्थिति बिगड़ती देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। अतिरिक्त बल के पहुंचने पर नामजद आरोपियों सहित लगभग 8-10 अज्ञात पुरुष और 15-20 महिलाएं पुलिस टीम से उलझ गईं। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और महिला कांस्टेबिल चंचल के साथ हाथापाई की। जिससे उनकी वर्दी अस्त-व्यस्त हो गई और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्रामीणों ने सरकारी जीप के आगे खड़े होकर पथराव किया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया। इस मामले की जांच निरीक्षक राजीव कुमार को सौंपी गई है। चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# मार्ग दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि एक दंपती और उनकी मासूम बेटी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसारए जहानगंज थाना क्षेत्र के नगला रघोल निवासी कुलदीप (25) अपनी पत्नी उमा (22) व दो वर्षीय बेटी रागिनी और चचेरे भाई नीरज (30) के साथ बाइक से तरिया रामनगर स्थित अपने मामा सत्यभान के घर जा रहे थे। उनकी बाइक जैसे ही रैयपुरा विशुनगढ़ मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल 100 शैय्या पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने नीरज (30) को मृत घोषित कर दिया। कुलदीप, उमा और मासूम रागिनी की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दंपति की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पिकअप वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## बीएलओ की मनमानी, मतदाता पुनरीक्षण अभियान में ग्रामीण परेशान, कार्रवाई की चेतावनी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रविवार को क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का आयोजन किया गया। जहां एक ओर युवाओं में नाम बढ़वाने को लेकर भारी उत्साह दिखा। वहीं दूसरी ओर कुछ बूथों पर बीएलओ की अनुपस्थिति और मनमानी ने ग्रामीणों की मुश्किलों को बढ़ा दिया। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय केंद्र नवाबगंज के बूथ संख्या 260 पर तैनात बीएलओ मीरा देवी के खिलाफग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि बीएलओ बूथ से गायब रहती हैं और फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं देतीं। ग्रामीणों ने बताया कि नोटिस तो भेज दिए जाते हैं, लेकिन दस्तावेजों की सही जानकारी न मिलने के कारण वे भटकने को मजबूर हैं। सुपरवाइजर अनूप सिंह द्वारा कई बार हिदायत दिए जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में सहायक निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मामला अब उनके संज्ञान में आया है। संबंधित बीएलओ को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। यदि कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध विभागीय दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने छापा मारकर 235 लीटर सरसों तेल किया सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कोल्ड स्टोरेज में छापेमारी करती टीम

होली के त्योहार से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावट रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने 235 लीटर सरसों का तेल जब्त किया और विभिन्न कोल्ड स्टोरों का निरीक्षण कियाए जहां खोया भंडारित नहीं मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह और संजय कुमार सिंह रविवार को गढ़ी साबिर अली स्थित खाद्य कारोबारकर्ता अनुरूद्ध कुमार की विनिर्माण इकाई/एक्सपेलर से सरसों के तेल का एक नमूना लिया। नमूना लेने के बादए शेष 235 लीटर सरसों का तेल जिसकी अनुमानित कीमत 39,950 रुपये है, नियमानुसार सीज कर दिया गया। इसके बाद टीम ने रखा रोड फतेहगढ़ स्थित एमआर कोल्ड स्टोरेज और पचपुखरा स्थित चंद्रा कोल्ड स्टोरेज का खोये के भंडारण के संबंध में निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी कोल्ड स्टोरेज में खोया भंडारित नहीं पाया गया। इस संबंध में कोल्ड स्टोरेज संगठन के अध्यक्ष अजय गंगवार ने बताया कि फर्रुखाबाद में आलू की पर्याप्त उपलब्धता के कारण कोल्ड स्टोरेज व्यवसायी खोया या अन्य मिठाइयों का भंडारण नहीं कर रहे हैं।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल


सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज थाना छिबरामऊ क्षेत्र के गॉव रामपुर बैजू निवासी राहुल कुमार उम्र 30 वर्ष अपने साढ़ू शिवम के साथ बाइक पर बैठकर कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव पुरौरी अपने बहनोई के यहाँ तेरहवी संस्कार मे शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वह गॉव मीरपुर थाना कायमगंज के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार संदीप निवासी नगला सेठ थाना शमसाबाद व चचेरा भाई विजय पुत्र प्रमोद से जोरदार भिड़न्त हो गई। जिससे सभी लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से 108 एम्बुलेन्स द्वारा सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर दीपक, शिवम, राहुल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# काली नदी में दिखा विशालकाय मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गदनपुर तुर्रा में काली नदी में एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। शनिवार सुबह गांव के निवासी संजीव कुमार, विनीत कुमार, नेकपाल, रामरतन और रामशरण नदी किनारे गए थे, तभी उन्होंने पानी के पास एक बड़े मगरमच्छ को बैठे देखा। अचानक मगरमच्छ को देखकर सभी घबरा गए और शोर मचाते हुए गांव की ओर लौट आए ग्रामीणों के अनुसार मगरमच्छ काफी समय तक किनारे पर दिखाई देता रहा। जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग को जानकारी दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। हालांकि मगरमच्छ कुछ देर बाद दोबारा नदी में चला गया। गांव में पहले भी मगरमच्छ देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सर्दी कम होते ही नदी नालों में रहने वाले मगरमच्छ अक्सर धूप सेंकने के लिए बाहर निकल आते हैं, जिससे खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने लोगों से नदी के किनारे न जाने और बच्चों को दूर रखने की अपील की है।

# मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के लिए किया गया प्रेरित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑफिसर क्लब फतेहगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा भी विधिक सहायता हेतु स्टाल लगाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने शिविर में आने वाले लोगों को परिवहन विभाग एवं विशेषकर चालान से संबंधित जागरूकता प्रदान की। एआरटीओ प्रवर्तन ने अपनी स्टॉल में वर्तमान में लागू प्रशमन शुल्क की दरों का चार्ट लगाया हुआ था। जिसके अनुसार बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने का दंड शुल्क रू 1000, वैध बीमा के बिना वाहन चलाने का दंड शुल्क प्रथम अपराध में रु 2000 तथा द्वितीय अपराध में रु 4000, वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर दंड शुल्क रुपया 10000, बिना फिटनेस के वाहन चलाने पर प्रथम अपराध पर रुपया 5000 तथा द्वितीय अपराध पर रुपये 10000 आदि की जानकारी दी तथा सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए, ताकि वह चालान से बच सकें। इसके अतिरिक्त चालान होने की दशा में चालान के ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया भी समझाई। सुभाष राजपूत ने बताया कि 21 जनवरी से चालान के निपटारे की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। वाहन स्वामी 45 दिनों के भीतर चालान को स्वीकार कर भुगतान कर सकता है, या वह आपत्ति व्यक्त कर सकता है। यदि वाहन स्वामी द्वारा 45 दिन के भीतर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जाती है, तो उसे 30 दिन में चालान का भुगतान अवश्य करना होगा। आपत्ति प्राप्त होने पर उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा 30 दिन में किया जाएगा। निस्तारण नहीं होने पर चालान स्वतः समाप्त माना जाएगा। आपत्ति निस्तारण के उपरांत 30 दिन के अंदर चालान को जमा किया जाना अनिवार्य होगा, यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो वाहन को सीज किया जा सकता है। यदि वाहन स्वामी किसी चालान को कोर्ट में चुनौती देना चाहता है तो वह चालान के आधा भुगतान करने के उपरांत ही दे सकता है। नए नियम में यह भी प्रावधान है कि एक वर्ष में 5 या अधिक उल्लंघन करने की स्थिति में वाहन चालक के लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा तथा उस वाहन के अधिकतर कार्य नहीं किए जाएंगे तथा वाहन को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

शिविर के स्टॉल में परिवहन विभाग तथा यातायात विभाग द्वारा चालान के उपकरणों जैसे डेसिबल मीटर ई चालान टैब, नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की चेकिंग के लिए ब्रेथ एनालाइजर, हेलमेट आदि का प्रदर्शन भी किया गया।



शिविर में मौजूद अधिकारीगण

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए तीन खिलाड़ी चयनित

**बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर नाम किया रोशन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

20 व 21 फरवरी को कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी के इंटर यूनिवर्सिटी ट्रायल प्रतियोगिता एसएन बालिका महाविद्यालय में आयोजित हुई। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में जनपद से 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद के श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज नबावगंज की मुस्कान राजपूत ने अंडर- 73 ख्योरगी में स्वर्ण पदक, बाबू सिंह डिग्री कॉलेज नबावगंज की सिमरन कनोजिया ने अंडर- 57 में ख्योरगी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी का आयोजन दयानंद एंग्लो-वैदिक विश्वविद्यालय, जालंधर में 16 से 21 मार्च तक आयोजित होगी। पदक एवं चयनित सभी खिलाड़ी एवं जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ0 रजनी सरीन तथा सचिव/प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह एवं साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताकर चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।



प्रतियोगिता में मेडल के साथ विजेता छात्राएं

# टीचर्स फेडरेशन ने टीईटी अनिवार्यता का किया विरोध



टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते शिक्षक

**26 फरवरी को डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की बैठक शिक्षक भवन में सम्पन्न हुई। मान्यता प्राप्त संगठनों की सामूहिक बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ट्वीटर पर हैशटैग अभियान चलाया जायेगा। 23 फरवरी से 25 फरवरी तक टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी को 1 बजे से शाम 4 बजे तक बीएसए कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, अवनेश मिश्रा, डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी, अल्का कौशल, राजकिशोर शुक्ला, सीता यादव, देवेश यादव, अनुराग कुशवाहा, राहुल गंगवार, पवन गुप्ता, श्यामजी शुक्ला, केपी सिंह, मनोज वर्मा, विनोद पाठक, राजीव कुमार, विपिन सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर साल की तरह इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। याकूतगंज स्थित मंदिर से खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा शुरु होकर कोटा पार्चा स्थित खाटू श्याम मंदिर पर समापन हुई। रास्ते में भक्तगण खाटू श्याम बाबा के भजनों पर डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में महिलायें एवं बच्चे भी शोभायात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ और खाटू श्याम बाबा की झांकी पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गयी। भक्तगण नाचते-गाते हुए खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाये। दूर दराज से आये भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर आरती सम्पन्न हुई। जहां प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



निशान यात्रा में शामिल भक्तगण

# दिव्यांगों ने मांगों को लेकर अखिलेश यादव को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को भोजपुर विधानसभा के जहानगंज रोड स्थित ग्राम बिरिया नगला पर दिव्यांगजन ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सम्बोधित ज्ञापन सपा नेता पुष्पेन्द्र यादव को सौंपा। आगामी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव उपरांत प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर दिव्यांगजन के समयोचित उन्नयन हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया कि बेरोजगार दिव्यांगजन को 5000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाए।

दिव्यांगजन को सरकारी आवास योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए। दिव्यांगजनों को आवागमन हेतु 'उपयुक्त वाहन तीन पहिया इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध कराए जाएं। उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तावों के क्रियान्वयन से प्रदेश के दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनेंगे तथा सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकेंगे। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि ज्ञापन के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जानकारी देकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस मौके पर विनोद वाल्मीकि, राम बहादुर, राजेंद्र सिंह, अरुण कुमार, महाराम, जागेश्वर, मंगली प्रसाद, शिवानी, प्रांशु, महेश, बाबूराम, राम बेटी, सुप्रिया बेगम, रामदास, श्याम दास, सुरेश, सौरभ, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, सुधीर, पिंटू, अनुज, पप्पू, लाला, शांति देवी, बाबूलाल, राजबहादुर व रजत क्रांतिकारी मौजूद रहे।




दिव्यांगजनों के साथ सपा नेता

## डीएम ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण



क्रिश्चियन कालेज में बूथ का निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सदर के मतदेय स्थल क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, बद्री विशाल पी.जी. कालेज का निरीक्षण किया। विधानसभा भोजपुर के मतदेय स्थल विकास खंड मोहम्मदाबाद, प्रा. विद्यालय मोहम्मदाबाद, जू.हाई स्कूल रोहिला, विधानसभा अमृतपुर के मतदेय स्थल प्रा0विद्यालय नगला हीरा सिंह नवाबगंज, विधानसभा कायमगंज के मतदेय स्थल संविलियन विद्यालय वीरपुर नवाबगंज व प्रा.विद्यालय समेचीपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आलेख्य निर्वाचक नामावली तथा एएसडीडीआर सूची का सार्वजनिक वाचन कराया व बी.एल.ओ. के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान विकास खण्ड नवाबगंज के विकास खण्ड अधिकारी अमरेश चौहान व निर्वाचन कार्य में लगे शिक्षक मौजूद रहे।

# सुपरस्टार 11 ने जीता चैम्पियनशिप का फाइनल मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डी0के0 स्पोर्ट्स याकूतगंज में बेसिक चैंपियनशिप का फाइनल सुपरस्टार 11 और थंडर स्ट्राइकर के बीच मे खेला गया। जिसमें सुपरस्टार 11 के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले थंडर स्ट्राइकर के कप्तान आराध्य मिश्रा को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया।

पहले बैटिंग करते हुए थंडर स्ट्राइकर ने 06 विकेट खोकर 147 रनों का टारगेट दिया। जिसमें सोनू कुशवाह ने 66 रन की नाबाद पारी खेली। सुपरस्टार 11 की तरफ से बोलिंग में कुमार गौरव ने 04 ओवर में 20 रन देकर 03 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार 11 की तरफ से तुषार चौधरी ने 69 रन बनाकर 07 विकेट से मैच जीत लिया। फाइनल का समापन संजीव कटियार जिला व्यायाम शिक्षक, उत्कर्ष यादव, अनुज वर्मा ने विजेता और उप विजेता को ट्रॉफी देकर और राशि देकर सम्मानित किया। तुषार चौधरी को मैन ऑफ दा मैच मैन ऑफदा सीरीज और बेस्ट बल्लेबाज से सम्मानित किया गया। बॉलिंग में कुमार गौरव को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट आयोजन समिति में विमलेश कुमार, विकास सोलंकी, अरुण यादव, शिवम, रवि खरे, सुमित आदि लोग मौजूद रहे। मैच के अम्पायर वागीश विक्रम और अभय गौरव रहे।




ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी

## नौकरी दिलाने के नाम पर 30 हजार की ठगी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** नौकरी दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगें तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में शिकायत की है। थाना अमृतपुर क्षेत्र निवासी विवेक प्रजापति, धीरज कुमार प्रजापति एवं शिवा प्रजापति ने आरोप लगाया है कि अमृतपुर निवासी एक युवक ने उनसे नौकरी लगवाने के नाम पर प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपये कुल 30 हजार रुपये लिए। आरोपी ने नौकरी के नाम पर कानपुर बुलाकर नौबस्ता क्षेत्र स्थित मुन्ना चौराहा के पास कई दिनों तक रोके रखा। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो युवकों को ठगी का एहसास हुआ। किसी तरह वहां से वापस लौटे और अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



परीक्षा में भाग लेते बच्चे

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में प्रवेश परीक्षा संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में रविवार को कक्षा नर्सरी से नवम तक की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा हेतु कुल 87 छात्रों का पंजीकरण हुआ था। परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें लगभग 85 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रदान कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम 27 फरवरी बुधवार को घोषित किया जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखी।

महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना शमशाबाद में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं/ महिलाओं को जागरूक किया। थाना कादरीगेट क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। थाना मेरापुर क्षेत्रान्तर्गत, थाना जहानगंज क्षेत्रांतर्गत एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। वहीं महिला थाना क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं से कहा कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।



छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

# हमारे देश का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं जो अलमारी में बंद रखें: कनिष्का सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को आफिसर्स क्लब में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक मेगा शिवर कार्यक्रम में सेंट एंथोनी स्कूल की कक्षा ग्यारह की छात्रा ने उस वक्त सबका ध्यान अपनी और कर लिया, जब होनहार ने सारे कुनवे के सामने संविधान पर बात करना शुरू कर दी। ग्रानगंज की रहने वाली कनिष्का सिंह ने भरे मंच से कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं जिसको अलमारी में बंद रखा जाए, बल्कि ये पवित्र ग्रंथ हमे सिखाता है, हम किसी के अधीन नहीं है। आज मैं इस मंच पर बोल पा रही हूं उसकी देन सिर्फ संविधान है।

पांच मिनट की स्पीच ने सबको कनिष्का की सराहना करने पर मजबूर कर दिया और अधिकारियों ने सराहना भी की। कनिष्का की टीचर कौशल्या गिरि ने बताया कि ये बेटी बहुत होनहार है, सबके मुकाबले उसको सीखने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, ये सारी तैयारियों अच्छे से कम समय में कर लेती है। एक शिक्षक के रूप में इस बेटी का बेबाक बोलना मेरे लिए गर्व का छड़ है।



छात्रा कनिष्का सिंह

# सपा ने कांशीराम कालोनी में पकड़े फर्जी फार्म-7



एसआईआर फार्म देखते सपा जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया में फर्जी फॉर्म 7 का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। सपा मुखिया भी लगातार इस मामले में भाजपा पर हमलवार रहे हैं। सह जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार पीडीए प्रहरी/समाजवादी कार्यकर्ता बूथों पर निगरानी कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी बूथ संख्या 83 पर 80 फॉर्म आवेदनकर्ता वैभव अग्निहोत्री के नाम से, बूथ संख्या 85 पर 87 फॉर्म ऋषभ दुबे के नाम से, बूथ संख्या 86 पर 46 फॉर्म अरविंद श्रीवास्तव के नाम से तथा बूथ संख्या 87 पर 63 फॉर्म विनीत वाजपेई के नाम से बरामद किए गए। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि ये सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करके तानाशाही स्थापित करना चाहती है। फर्जी फॉर्म देने वालों के खिलाफ सरकार का कारवाही न करना ये दर्शाता है कि इस घिनौने कृत्य में सरकार खुद ही सम्मलित है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि आवेदनकर्ता अरविंद श्रीवास्तव एवं विनीत वाजपेई के घर जाकर हम लोगों ने संपर्क किया है, वह लोग फॉर्म जमा करने से इनकार कर रहे हैं, उनका कहना है कि उनके फर्जी हस्ताक्षर करके गलत तरीके से फॉर्म जमा किए गए हैं, हमें इस प्रकरण की कोई जानकारी नहीं है। जिला महासचिव ने कहा इस मामले में जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखेंगे। इस दौरान पर शिव शंकर शर्मा, विनय भारद्वाज, शीलू खां आदि मौजूद रहे।

**सपा ने भाजपा पर लगाये गंभीर आरोप**

# रमजानुल मुबारक मुकद्दस पवित्र महीना है.........

**रोजेदारों के लिए फरिश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते है**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान में भूख-प्यास के बावजूद भी रोजदार नमाज अदा कर रहे हैं। रोजेदारों ने कहा कि हमें रोजा रखना है और अल्लाह की इबादत करना है।




रमजानुल मुबारक मुकद्दस पवित्र महीना है। इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। अल्लाहताला ने इस बार अपनी तरफ से खास किया है और रहमत को बंदों पर आम कर दिया है। अल्लाहताला इस माह में बंदों के लिए दरवाजे खोल देता है और अनेक गुनाह बंदों को बख्श देता है।



हाजी अकरम अंसारी

**हाजी अकरम अंसारी** ने बताया कि रोजेदार के लिए फरिश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते हैं। रोजेदार इस माह में अपने रब पर भरोसा करके भूख को प्यास को बर्दाश्त करते हैं और अपने रब को राजी करने की कोशिश करते हैं। अल्लाहताला की इबादत करते हैं और इसी हालात में वह गुनाहों से ऐसे पाक हो जाता है, जैसे अभी मां के पेट से किसी बच्चे ने जन्म लिया हो। रोजा रखना हर मुसलमान का फर्ज है।



मोहम्मद युनूस अंसारी

**मोहम्मद युनूस अंसारी** ने बताया कि इस पवित्र महीने में रोजे हर इंसान पर फर्ज हैं। रोजा जानबूझकर छोड़ देने बाला व्यक्ति बड़ा गुनाहगार और अजीब सजा का हकदार है। रमजानुल मुबारक को तीन असरों में बांटा गया है। पहला असरा दस दिन का होता है। पहला रहमत का असरा है। दूसरा मगफिरत का असरा है। तीसरा जहान्नुम से आजादी का। इस माह में लोगों को चाहिये कि मगफिरत तलब करें। माह के तीसरे दस दिनों में खुदा से जहान्नुम की आजादी तलब करें।



जहांगीर मंसूरी

**जहांगीर मंसूरी** ने बताया कि रोजा अल्लाहताला को पसंद है। इबादत का खास तरीका है। अल्लाहताला खुद फरमाता है। हर इबादत नमाज, हक, जकात, जजा, शिला या बदला मैं बंदों को देता है, लेकिन रोजा की जजा मैं खुद हूँ। रोजदारों के लिए हमेशा जन्नत के दरवाजे खुले रहते हैं। रमजान के महीने में निजात ही निजात है। इस मुबारक के महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है।

# मुख्यमंत्री आवास पर रेंजर्स छात्राएँ युवा आपदा मित्र के रूप में सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर 21 फरवरी 2026 को आयोजित समारोह में महाविद्यालय की दो रेंजर्स छात्राएँ–महक श्रीवास्तव एवं पलक मिश्रा (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर)–को युवा आपदा मित्र के रूप में सम्मानित किया गया। योगी आदित्यनाथ ने उन्हें आपदा प्रबंधन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किए। यह उपलब्धि प्राधिकृत नियंत्रक/अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह के संरक्षण, प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला के नेतृत्व एवं रेंजर्स प्रभारी शिवांगी सक्सेना के निर्देशन में संभव हुई। 4 से 10 फरवरी 2026 तक गुरुनानक इंटर कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण एवं कलेक्ट्रेट सभागार में हुए साक्षात्कार के बाद छात्राओं का चयन हुआ। महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शिव कॉरिडोर में भक्ति का महासंगम

# श्रद्धा भक्ति का अनूठा संगम, पंडित-पुरोहितों की आजीविका पर उठे सवाल

- 1968 से सेवा दे रहे परिवारों ने उठाए रोज़गार के सवाल
- विकास के साथ परंपरा के संरक्षण की चुनौती

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।**



आस्था की नगरी छोटी काशी ने रविवार, 22 फरवरी 2026 को एक ऐतिहासिक पड़ाव पार किया। कॉरिडोर निर्माण की नींव रखे जाने के एक वर्ष पूरे होने पर पूरा नगर भक्ति, उल्लास और उत्साह में डूबा नजर आया। मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्गों तक हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। शंखध्वनि, भजन-कीर्तन और सजे-धजे प्रांगण ने आध्यात्मिक वातावरण को और प्रखर बना दिया।

**एक वर्ष पहले रखी गई थी नींव**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 फरवरी 2025 को छोटी काशी कॉरिडोर की आधारशिला रखी थी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने और मंदिर क्षेत्र को व्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत हुई थी। एक वर्ष के भीतर तेज गति से कार्य करते हुए प्रशासन ने परिसर को नया रूप दिया। चौड़े मार्ग, बेहतर सुरक्षा, सुगम दर्शन व्यवस्था और साफ-सुथरा वातावरण–इन सबने श्रद्धालुओं के अनुभव को बदल दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉरिडोर ने छोटी काशी की पहचान को प्रदेश और देश स्तर पर नई ऊंचाई दी है।

**हर वर्ग की भागीदारी, उत्सव जैसा माहौल**

कॉरिडोर प्रांगण में बच्चे, महिलाएं, साधु-संत और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं और रोशनी से सजाया गया। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु भावविभोर दिखे। नगरवासियों के लिए यह केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि धार्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया।

**लेकिन खुशी के बीच उठी चिंता**

जहां एक ओर विकास की चमक है, वहीं दूसरी ओर परंपरा से जुड़े एक वर्ग की चिंता भी सामने आई है। दशकों से मंदिर परिसर में पूजा-पाठ, कथा, हवन और अनुष्ठान कर जीवनयापन करने वाले पंडित-पुरोहितों का कहना है कि नई व्यवस्था से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**फरधान खीरी।** फरधान ओवरब्रिज के पास शनिवार चार बजे हुई सड़क दुर्घटना में घायल 55 वर्षीय राम विलास की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव फरधान निवासी रामविलास अपनी बाइक से शनिवार की दोपहर बाद रजागंज बाजार को जा रहे थे। मृतक के पुत्र अजय कुमार ने बताया वह बाइक से ओवरब्रिज के पास पहुंचे थे और गोला की तरफ जाने के लिए मुड़े ही थे उसी समय पीछे से आ रही डिजायर कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में रामविलास बाइक से उछलकर ओवरब्रिज की दीवार के ऊपर जा गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गई। कार की नम्बर प्लेट मौके पर ही गिर गई। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से सीएचसी फरधान ले गए। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। मृतक के पुत्र अजय ने बताया वह इलाज के लिए ओयल ले गए थे जहां डॉक्टर ने इलाज शुरू किया था। रात करीब दस बजे राम विलास 55 वर्ष की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे कार नंबर और अज्ञात कार चालक पर मुकदमा दर्जकर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### उचौलिया में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर, 425 मरीजों की हुई जांच



**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्रीय नागरिकों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एच.आर. मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा रविवार को उचौलिया स्थित अस्पताल परिसर (रेलवे स्टेशन के निकट) में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशील त्रिवेदी ने किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में कुल 425 मरीजों की जांच की गई। अस्पताल के संचालक डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान 425 सीबीसी, 50 लीवर फंक्शन, 27 थायरॉयड, 30 हृदय रोग, 25 हार्मोन सहित विभिन्न जांचें की गई। इसके अतिरिक्त गुर्दा फंक्शन, मलेरिया, विडाल, रक्त शर्करा, लिपिड प्रोफाइल तथा ईसीजी (हृदय विद्युत परीक्षण) जैसी पैथोलॉजी जांचें भी पूरी तरह निःशुल्क कराई गई। मरीजों का रक्तचाप, वजन, लंबाई और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी मुफ्त किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को परामर्श, जांच और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। टीम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेहाना खान सहित जनरल फिजीशियन, सर्जन, एनेस्थीसिया और फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ मौजूद रहे। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शिविर में जांच कराने वाले मरीजों को आगे के उपचार में दवाइयों पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। शिविर का संचालन डॉ. संदीप कुमार के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसे क्षेत्रीय नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला।

### राज्य स्तरीय टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर आधारभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण



**हलिया (मिर्जापुर)।** राज्य स्तरीय टीम के मृगेंद्र मौर्या आरएम वाराणसीध्आजमगढ़ व मयंक राय डिवीजनल अर्बन कोआरडिनेटर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा व ड्रमण्डगंज व उप स्वास्थ्य केंद्र गड़बड़ा व महुगढ़ का निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी सेवा, इमरजेंसी सेवा, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, लैब दवा भंडार, साफ-सफाई और सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था की जांच की गई। टीम ने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी ली और सुधार के निर्देश दिए इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की राज्य स्तरीय टीम द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर आधारभुत सुविधाओ का निरीक्षण किया है इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार, बीसीपीएम अनिल कुमार, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, सुभास पटेल, स्टॉफ नर्स माया एलटी अनिल पटेल आदि मौजूद रहे।

### लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास ने सदस्यता अभियान चलाकर बनाये सदस्य



**हलिया (मिर्जापुर)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास की सदस्यता में बढ़ोतरी हुई है रतेह चौराहा में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और जिला प्रभारी महेश पाण्डेय, जिला अध्यक्ष सभासंकर दुबे ने कई लोगों को जनशक्ति पार्टी रामबिलास की सदस्यता दिलाई।पार्टी के जिला अध्यक्ष सभा शंकर दुबे ने बताया कि लोजपा 2027 में सक्रिय भूमिका निभाएगी और प्रदेश की चाभी उनके पास होगी।पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता पार्टी के विस्तार के लिए घर घर गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों को बताकर सदस्य बना रही है जिससे आगामी विधानसभा के चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ भाग ले सके बिहार में लोकजनशक्ति पार्टी मजबूती के साथ एनडीए के साथ चुनाव लडा था केंद्र में मंत्री भी लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री है।

# बगैर परमिट काटे जा रहे सागौन के 46 बोटे बरामद, ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस के सुपुर्द



**निघासन खीरी।** उत्तर वन रेंज बेलरायां क्षेत्र के सिंगहा खुर्द गांव में अवैध रूप से सागौन के पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। एसआईआर की प्रगति का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम निघासन राजीव निगम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए सागौन के 46 बोटे बरामद किए। लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक समेत सिंगाही पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को एसडीएम क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगहा खुर्द गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में जाती दिखाई दी। वाहन पर सागौन की लकड़ी के बड़े-बड़े बोटे लदे थे। संदेह होने पर वाहन को रुकवाकर जांच की गई। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि ट्रॉली में करीब 46 बोटे सागौन के पाए गए। मौके पर मौजूद नौरंगाबाद निवासी ठेकेदार रफीक ने राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज परिसर में काटे गए पेड़ों से संबंधित कुछ प्रपत्र प्रस्तुत किए। हालांकि प्रथम दृष्टया कटान संदिग्ध प्रतीत हुआ और प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता पर सवाल उठे। स्थिति स्पष्ट न होने और अवैध कटान की आशंका के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली, लकड़ी तथा चालक को सिंगाही पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# झूठे आरोपों से छवि धूमिल करने की साजिश: देवेंद्र पाण्डेय

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (लखीमपुर खीरी)।**



नगर पंचायत निघासन के रकेहटी निवासी, भाजपा निघासन मंडल अध्यक्ष एवं सहकारी क्रय-विक्रय समिति निघासन के निर्विरोध अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने अपने ऊपर लगाए गए 8.50 लाख रुपये लेकर नौकरी दिलाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार, मनगढ़ंत और साजिश करार दिया है। देवेंद्र पाण्डेय का कहना है कि उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से बदनाम करने के उद्देश्य से यह प्रकरण खड़ा किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह किसी को सरकारी या निजी नौकरी दिलाने की स्थिति में नहीं हैं और न ही उन्होंने किसी से इस प्रकार की कोई धनराशि ली है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे सूर्यमणि मिश्रा व संजय मिश्रा कुछ अज्ञात लोगों के साथ सहकारी क्रय-विक्रय समिति के कार्यालय में जबरन घुस आए। आरोप है कि उन्होंने दो लाख रुपये की अवैध मांग की और विरोध करने पर हाथापाई की। देवेंद्र पाण्डेय के अनुसार इस दौरान उनकी जेब में रखे 50 हजार रुपये छीन लिए गए तथा समिति के सरकारी अभिलेखों को भी क्षति पहुंचाई गई। देवेंद्र पाण्डेय ने कहा कि उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद ही उन्हें दबाव में लेने की कोशिश की गई और जब बात नहीं बनी तो उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वास्तव में 8.50 लाख रुपये दिए गए थे तो उसका कोई ठोस प्रमाण क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही यह भी बताया कि कथित रूप से धनराशि दिए जाने की तिथि 18 जनवरी 2019 दर्शाई गई है, जबकि शिकायत वर्ष 2026 में दर्ज कराई गई। सात वर्षों तक न तो कोई विधिक नोटिस भेजा गया, न सिविल वाद दायर किया गया और न ही किसी सक्षम अधिकारी से शिकायत की गई, जो पूरे मामले को संदेहास्पद बनाता है।

देवेंद्र पाण्डेय ने कहा कि यदि वे किसी को नौकरी दिलाने की स्थिति में होते तो सबसे पहले अपने परिजनों को लाभ पहुंचाते। उन्होंने कुछ डिजिटल मीडिया मंचों पर भ्रामक समाचार प्रसारित किए जाने पर भी कड़ा एतराज जताया है और संबंधित लोगों को नोटिस भेजने की बात कही है।

उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विश्वास जताया कि सत्य सामने आने पर उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा।

# युवा इंजीनियर का कमाल : स्मार्टवॉच कॉल की गोपनीयता के लिए बनाया ‘एब्लर बैंड’

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** छोटे कस्बे निघासन से निकलकर टेक्नोलॉजी की दुनिया में अपनी पहचान बना रहे 29 वर्षीय मयंक ने एक अनोखा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तैयार किया है, जो स्मार्टवॉच से होने वाली बातचीत को पूरी तरह गोपनीय बनाने में मदद करेगा। पेशे से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर मयंक वर्तमान में Gurugram की एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। मयंक ने बीटेक में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की है। बचपन से ही तकनीक के प्रति उनका विशेष लगाव रहा। स्कूल के दिनों में उन्होंने मल्टीमीडिया चश्मा तैयार कर सबको चौंकाया था। बीटेक के दौरान उन्होंने दूर से संचालित होने वाला आईओटी आधारित लेजर लॉक विकसित किया। कोरोना काल में लंबी बैटरी



लाइफ वाले इयरफोन तैयार किए। अब उनकी नई ईजाद ‘एब्लर बैंड’ चर्चा का विषय बनी हुई है।

**स्मार्टवॉच से मिला आइडिया**

मयंक बताते हैं कि आजकल अधिकांश लोग स्मार्टवॉच पहनते हैं। कई बार फोन दूर होने या इयरफोन उपलब्ध न होने पर लोग स्मार्टवॉच के लाउडस्पीकर से ही बात करते हैं, जिससे बातचीत की गोपनीयता समाप्त हो जाती है। इसी समस्या को देखते हुए उन्होंने ऐसा डिवाइस विकसित करने का विचार किया, जो निजी बातचीत को सुरक्षित रख सके।

**हड्डियों के जरिए पहुंचती है आवाज**

‘एब्लर बैंड’ हड्डियों के माध्यम से ध्वनि संचरण (बोन कंडक्शन) के सिद्धांत पर काम करता है। सामान्य इयरफोन में स्पीकर से ध्वनि सीधे कानों तक पहुंचती है, लेकिन इस बैंड में लगे विशेष इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे कॉल से आने वाली आवाज को कंपन में बदल देते हैं। यह कंपन कलाई की हड्डियों से होते हुए हथेली और उंगलियों तक पहुंचता है। जब उपयोगकर्ता अपनी उंगली या अंगूठा कान पर रखता है, तो कॉल करने वाले की आवाज स्पष्ट रूप से सुनाई देती है।

**ब्लूटूथ आधारित और आसान संचालन**

यह डिवाइस ब्लूटूथ तकनीक पर आधारित है और किसी भी स्मार्टफोन से आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। बैंड में दिए गए बटन ऑन-ऑफ करने, कॉल रिसीव व कट करने और म्यूजिक कंट्रोल जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

**भविष्य की योजना**

मयंक का लक्ष्य इस डिवाइस को और छोटा तथा सुविधाजनक बनाना है, ताकि इसे स्मार्टवॉच या सामान्य कलाई घड़ी के पट्टे के रूप में ही पहना जा सके। वे ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विकसित करना चाहते हैं, जो पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचाएं, टिकाऊ हों और आम लोगों के लिए उपयोगी साबित हों।

निघासन जैसे छोटे कस्बे से निकलकर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवाचार कर रहे मयंक की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

### दूसरे पक्ष का एक युवक घायल, अस्पताल में भर्ती



**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र के खेतौसा गांव में बीती देर दो पक्षो में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष धारदार बांका लेकर हमलवार हो गया। बाका लगने में मीर कुमार 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।वही दूसरे पक्ष का कमलेश घायल हुआ है जिसका इलाज जारी है। मृतक की मां ने गांव के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों के घर आमने-सामने है। मौके पर पुलिस बल मौजूद है। देर रात्रि की घटना है। थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम खेतौसा निवासी शांति देवी पत्नी राजाराम ने बताया घर के सामने रहने वाले कमलेश कुमार के घर पुरानी रंजिश चल रही है। उसी को लेकर शनिवार की देर रात सात बजे के बाद में मीर कुमार, नीरज और सूरज पुत्रगण राजाराम गौतम की घर के सामने के ही रहने वाले आधा दर्जन कमलेश कुमार, रानू कुमार चेतराम आदि लोगों से पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा होने लगा। नीरज कुमार अपने भाइयों के साथ मिलकर मीर कुमार बांका लेकर हमलावर हो गया। मीर कुमार को चार पांच लोगों ने घर के बाहर बने बरामदे गिराकर गड़ासे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। मीरकुमार के जांघ में बांका लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके उठ नहीं पाया। सूचना पाकर मौके 112 पुलिस और थाने की पहुंच गई। पुलिस ने घायल अवस्था में 108 एम्बुलेंस से ले जाकर मीर कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां रात करीब साढ़े नौ बजे मीर कुमार 20 की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# प्रेमिका से शादी न होने से नाराज युवक चढ़ा बिजली के हाईटेंशन टावर पर

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक प्रेमिका से शादी न होने से नाराज होकर हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। यह घटना बसही कला गांव में हुई। युवक की इस हरकत से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। चार घंटे की मान-मनौव्वल के बाद पुलिस युवक को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। जानकारी के अनुसार, लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कला गांव निवासी 22 वर्षीय पवन कुमार पुत्र राजकुमार का पतुलकी गांव की एक लड़की से प्रेम संबंध था। इसी बीच लड़के को पता चला कि लड़की के माता-पिता ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी है। बताया गया कि



लड़का और लड़की दोनों बालिग हैं, लेकिन अलग-अलग जातियों से होने के कारण लड़की पक्ष इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहा था। पवन के पिता राजकुमार ने बताया कि उनके बेटे की शादी भी तय हो चुकी है। उन्होंने अपनी मेहनत-मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करने की बात कही और बेटे की मांगों के आगे खुद को असहज बताया।

# कथित धर्मांतरण का भंडाफोड़ : दो हिरासत में, एक महिला फरार कुछ अज्ञात

- सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज़, मैगलगंज(खीरी)।** कस्बा मैगलगंज के मढ़िया रोड पर बने मकान में रविवार को सुबह कथित धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया, जबकि एक महिला के फरार होने की जानकारी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और पूरे प्रकरण की जानकारी ली।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, मढ़िया रोड नई बस्ती खखरा स्थित प्रकाश के मकान में लगभग 100 महिला-पुरुषों की मौजूदगी में एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के पदाधिकारियों को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान लोगों पर मानसिक दबाव और लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था।मौके से धार्मिक साहित्य, बाइबिल तथा नाम दर्ज एक रजिस्टर भी बरामद किए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र विसंभर दयाल, मूल निवासी सहदेवपुरवा थाना हरगांव जनपद सीतापुर एवं वर्तमान निवासी नई बस्ती खखरा थाना मैगलगंज के रूप में हुई है जोकि मजदूरी का काम मैगलगंज में कई वर्षों से कर रहा था।उनके साथ कौशल्या पत्नी कौशल किशोर को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं किरन देवी, जो प्राथमिक विद्यालय महतनिया जनपद सीतापुर में शिक्षामित्र बताई जा रही हैं, घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि प्रमोद कुमार पिछले 4 वर्षों से क्षेत्र में प्रार्थना सभाएं आयोजित करता रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष समर हिंदू, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष ऋषभ बाजपेई सहित कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। बाद में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू भी कोतवाली मैगलगंज पहुंचे और तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# स्टेट लेवल की टीम ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की परखी व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 173 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने कुल 44मरीजों का उपचार किया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 25 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का




आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 36 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 29 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 39मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया स्टेट लेवल की टीम ने केंद्रों पर पहुंचकर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला की व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 173मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने शरीर में डीजल छिड़ककर लगाई आग, मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** बरौंधा चौकी क्षेत्र के महराजगंज निवासी हीरा मणि कोल 65 ने शनिवार को सायं सात बजे के करीब संदिग्ध परिस्थितियों में अपने शरीर पर डीजल छिड़ककर आग लगा लिया। इस दौरान चपेट में आने से पुत्र वधु कौशिल्या झुलस कर घायल हो गई। जिसका बरौंधा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार हीरा मणि के पांच पुत्रों में से चौथे नंबर के पुत्र विष्णु की आज के चार वर्ष पूर्व मौत हो चुकी थी। जिसकी दो बच्चियां वर्षा, अनन्या, और एक पुत्र गोलू था। पति की मौत के पश्चात ऊषा बच्चों को छोड़कर कही अन्यत्र चली गई थी।